RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 190
नई दिल्ली, बुधवार, 17 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के लिए यूजीसी का नया पोर्टल

राष्ट्रीय-11

# कर्नाटक के सीएम पर सस्पेंस बरकरार

● तीसरे दिन भी जारी रही जद्दोजहद, खरगे आज बेंगलुरु में संवाददाता सम्मेलन में कर सकते हैं नाम का ऐलान

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

**कर्नाटक** में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा शानदार जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री चुनने के लिए मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जद्दोजहद जारी रही। पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के बीच बैठकों का दौर जारी रहा। सूत्रों ने पायनियर को बताया कि मंजूरी की मुहर पार्टी के पहले परिवार के सदस्यों-सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी- को लगाना है - और इस बारे में उन्हें कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जानकारी देंगे।

बताया जा रहा है कि के. सिद्धरमैया पर सहमति बन गई और महत्वपूर्ण वित्त विभाग उनके पास रहेगा। इसके अलावा डीके शिवकुमार उप मुख्यमंत्री रहेंगे तथा उन्हें कर्नाटक का बेहद महत्वपूर्ण विभाग जल संसाधन तथा पीडब्ल्यूडी दिया जाएगा। इस संबंध में खरगे बुधवार को बेंगलुरु में एक प्रेस कांफ्रेंस में ऐलान कर सकते हैं।



नई दिल्ली में कर्नाटक कांग्रेस वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार

मुख्यमंत्री रह चुके तथा विपक्ष के निवर्तमान नेता सिद्धरमैया सोमवार को दिल्ली पहुंच गए थे, जबकि शिवकुमार मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। शिवकुमार के ही नेतृत्व में कांग्रेस ने 224 विधानसभा सीटों में 135 पर जीत दर्ज की। माना जा रहा था कि शिवकुमार सिद्धरमैया के साथ दिल्ली पहुंचेंगे लेकिन यह महसूस होने पर कि हाईकमान ने लिंगायत नेता को नामित करने का मन बना लिया है तो उन्होंने सीएम न चुने जाने पर असंतोष जताते हुए खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर दिल्ली आने से इनकार कर दिया था। शिवकुमार और सिद्धरमैया के रिश्ते अच्छे नहीं हैं लेकिन चुनाव के दौरान उन्होंने मिलकर प्रयास किया।

कर्नाटक के दो प्रतिस्पर्धियों के साथ खरगे के घर पार्टी के शीर्ष नेताओं की आवाजाही लगी है, जिसमें सोनिया, राहुल, पार्टी के महासचिव शामिल हैं। शिवकुमार और सिद्धरमैया ने अलग अलग बातचीत की। दोनों नेताओं के समर्थक दिल्ली के साथ साथ राज्य में भी अपने नेता के समर्थन में गहन लॉबिंग में लगे हैं। विधायकों ने पहले ही एक लाइन का प्रस्ताव पारित कर पार्टी प्रमुख को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार सौंप दिया था, जो नया मुख्यमंत्री बनेगा। मुख्यमंत्री पद के लिए गहन लाबिंग के बीच ताकतवर आल इंडिया वीरशैव महासभा ने खरगे से अनुरोध किया है कि वे वीरशैव-लिंगायत समुदाय के नेता को प्रतिष्ठित पद के लिए चुने। वीरशैव-लिंगायत की शीर्ष संगठन ने खरगे से यह भी अनुरोध किया है कि विधानसभा चुनाव में जीतने वाले समुदाय के विधायकों को ज्यादा संख्या में कैबिनेट में स्थान दिया जाए। कांग्रेस ने वीरशैव लिंगायत समुदाय के 46 प्रत्याशियों को टिकट दिए थे जिसमें से 34 ने जीत दर्ज की।

## कर्नाटक प्रदेश भाजपा में बदलाव के संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** में 13 मई को हुए चुनाव में मिली हार के बाद भाजपा राज्य में अपने सांगठनिक ढांचे में फेरबदल के तहत पहला कदम उठाने जा रही है। भाजपा जल्द ही राज्य पार्टी के इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील को बदलने जा रही है।

दक्षिण कन्नड से तीन बार के लोकसभा सदस्य कटील को अगस्त 2019 में तीन साल के कार्यकाल के लिए पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था। 2023 में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले साल उनके कार्यकाल का विस्तार किया गया था। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को संकेत दिया कि विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील को बदला जा सकता है। गत 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। राज्य की 224 सदस्ईय विधानसभा में कांग्रेस को 135 सीटें मिलीं, जबकि भाजपा को 66 और जनता दल (सेक्युलर) को 19 सीटें मिलीं।

धारवाड़ से लोकसभा सदस्य और केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री जोशी ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल से चर्चा के बाद यह फैसला किया जाएगा कि विधानसभा में विपक्ष का नेता कौन होगा। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि उनका (कटील का) तीन साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है। (विधानसभा) चुनाव के मद्देनजर हमारे राष्ट्रीय नेताओं ने उन्हें जिम्मेदारी दी (शेष पेज 9)

# भर्ती प्रक्रिया में बदलाव से खत्म हुआ भ्रष्टाचार: मोदी

● प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेले के तहत करीब 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए जाने से नौकरियों में भ्रष्टाचार या भाई-भतीजावाद की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन नवनियुक्त कर्मियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की हर योजना और हर नीति, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बना रही है।

रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों में भी हुई हैं। मोदी ने कुछ दिन पहले गुजरात में आयोजित रोजगार मेले और इसी महीने असम में होने वाले एक रोजगार मेले का जिक्र करते हुए कहा कि यह युवाओं को लेकर भारत सरकार और भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य सरकारों की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने साथ यह भी उल्लेख किया कि नौ साले पहले आज के ही दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे और सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ कदम बढ़ाने वाला भारत, आज विकसित भारत बनने के लिए प्रयास कर रहा है।

मोदी ने पिछले नौ साल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए रोजगार के अवसरों और बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सरकार की हर योजना और हर नीति, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने से लेकर परिणामों की घोषणा तक, पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत सरकार ने सरकारी भर्ती प्रक्रिया को ज्यादा तेज करने, ज्यादा पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने को भी प्राथमिकता दी है।

आज दस्तावेजों को स्व-सत्यापित (सेल्फ अटेस्ट) करना भी पर्याप्त होता है और ग्रुप सी और ग्रुप डी के पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार भी खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सारे प्रयासों से भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है। उन्होंने वॉलमार्ट, एप्पल, फॉक्सकॉन और सिस्को सहित प्रमुख वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ अपनी हालिया मुलाकातों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में उद्योग और निवेश को लेकर अभूतपूर्व सकारात्मकता है।

# बांग्लादेश में भारत समेत चार देशों के दूतों की अतिरिक्त सुरक्षा हटी

**एजेंसी।** ढाका

● कहा, विदेशी दूतों को करदाताओं के पैसे से उपलब्ध नहीं कराएंगे यह सेवा

**बांग्लादेश** ने भारत तथा तीन अन्य देशों के शीर्ष राजनयिकों को मिली अतिरिक्त सुरक्षा मंगलवार को वापस ले ली। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने कहा कि उनका देश करदाताओं के पैसे से यह सेवा नहीं मुहैया कराएगा। बांग्लादेश में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब के दूतों को शहर में आवाजाही के दौरान विशेष सुरक्षा मुहैया कराई जाती थी और विशेष उपकरणों से लैस पुलिसकर्मी अपनी गाड़ियों में उनके साथ चलते थे।

एक जुलाई, 2016 को ढाका के एक नामी रेस्तरां में इस्लामी आतंकवादी हमले के बाद इन देशों के दूतों की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उस हमले में एक भारतीय लड़की सहित कुल 20 लोगों की मौत हो गई थी। उनमें से 17 लोग विदेशी थे। विदेशी पीड़ितों में अधिकांश जापानी और अमेरिकी थे। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के राजनयिक सुरक्षा प्रभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा, हम कुछ विशेष देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों को अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया करा रहे थे, इसे वापस ले लिया गया है। लेकिन उनको सामान्य सुरक्षा मिलती रहेगी। अधिकारी ने नाम प्रकाशित नहीं करने के अनुरोध के साथ कहा कि सशस्त्र पुलिसकर्मी दूतों की आवाजाही के दौरान उनके साथ रहेंगे और उनके कार्यालयों एवं आवासों की सुरक्षा पहले की ही तरह जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मौजूदा कानून व्यवस्था को देखते हुए कुछ दूतों को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है और अतिरिक्त सुरक्षा वापस लेने का फैसला किया गया क्योंकि इन चार देशों के अलावा अन्य कई दूतावास भी समान सुरक्षा की मांग कर रहे थे।

## जस्टिस मिश्रा, अधिवक्ता विश्वनाथन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाने की अनुशंसा

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधान** न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) प्रशांत कुमार मिश्रा और वरिष्ठ अधिवक्ता के.वी. विश्वनाथन को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश केंद्र से की। सरकार अगर कॉलेजियम की अनुशंसा को स्वीकार करती है तो विश्वनाथन, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला के 11 अगस्त 2030 को सेवानिवृत्त होने के बाद भारत के प्रधान न्यायाधीश बन सकेंगे और 25 मई 2031 तक पद पर रहेंगे। पांच-सदस्ईय कॉलेजियम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पदों की संख्या 34 है, हालांकि फिलहाल वहां 32 न्यायाधीश हैं। उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीश- न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह - बीते दो दिनों में सेवानिवृत्त हुए हैं। कॉलेजियम में प्रधान न्यायाधीश के अलावा (शेष पेज 9)

# मानसून के केरल पहुंचने में होगा थोड़ा विलंब

● चार जून को दस्तक देने की संभावना: आईएमडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहुंचने में थोड़ी देरी होने का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि इसके चार जून तक दस्तक देने की संभावना है। हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि इस मामूली देरी से देश में कृषि क्षेत्र और कुल वर्षा पर असर पड़ने की संभावना नहीं है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रूप से। जून को केरल में प्रवेश करता है। इसमें आमतौर पर लगभग सात दिन की देरी या जल्दी शामिल होती है। मौसम विभाग कार्यालय ने एक बयान में कहा, इस साल केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन में थोड़ी देरी होने की संभावना है। केरल में मानसून के चार जून को पहुंचने की संभावना है। दक्षिणी राज्य में मानसून पिछले साल 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को पहुंचा था। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगे बढ़ना केरल के ऊपर मानसून के आरंभ से चिन्हित होता है और यह गर्म और शुष्क मौसम से वर्षा के मौसम में रूपांतरण को निरुपित करने वाला एक महत्वपूर्ण संकेत है।



नागपुर में मंगलवार को तेज धूप से बचने को मुंह ढककर निकले लोग

जैसे-जैसे मानसून उत्तर दिशा में आगे की ओर बढ़ता है, इन क्षेत्रों को चिलचिलाती गर्मी के तापमान से राहत मिलने लगती है। आईएमडी ने कहा कि मानसून के केरल पहुंचने के संबंध में उसके पूर्वानुमान 2015 को छोड़कर पिछले 18 साल के दौरान सही साबित हुए हैं। आईएमडी प्रमुख एम महापात्रा ने कहा कि मानसून के केरल पहुंचने का अनुमान है और इसमें लगभग सात दिन की देरी या जल्दी (मानक विचलन) शामिल है। उन्होंने कहा कि देश में कृषि और कुल बारिश पर इसका असर पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि मानूसन के पहुंचने की तारीख और मौसम के दौरान देश में कुल बारिश के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। साथ ही, केरल में मानसून के जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों में उसी अनुसार पहुंचेगा...। (शेष पेज 9)

# मीरवाइज मोहम्मद फारूक के हत्यारोपी 33 साल बाद पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

● कश्मीर में 21 मई 1990 को कर दी गई थी हुर्रियत नेता मीरवाइज उमर फारूक के पिता की हत्या

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के नेता मीरवाइज उमर फारूक के पिता मीरवाइज मोहम्मद फारूक की हत्या के 33 साल बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मीरवाइज मोहम्मद फारूक की 21 मई 1990 को अपने घर पर ही हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद से ही आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के दोनों आरोपी फरार थे। एक आरोपी की पहचान बटमालू के रहने वाले जहूर अहमद भट के रूप हुई है, जिसने अपने बेडरूम में मौजूद फारूक पर गोली चलाई थी।

हिज्बुल का मानना था कि कश्मीर के मुख्य इमाम मौलवी मीरवाइज मोहम्मद फारूक भारतीय एजेंट थे। हुर्रियत नेता मीरवाइज उमर फारूक के पिता मीरवाइज मोहम्मद फारूक ऑल जम्मू एंड कश्मीर अवामी ऐक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे। अधिकारी ने बताया कि इस हत्याकांड में संलिप्त चार आरोपी फरार थे। मुख्य आरोपी अब्दुल्ला बंगरू और एक अन्य आरोपी अब्दुल रहमान शिगान अलग-अलग मुठभेड़ में मारे गए थे। विशेष डीजी (सीआईडी) जम्मू-कश्मीर आरआर स्वैन ने पुलिस कंट्रोल रूप में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शेष दो आरोपी जावेद भट उर्फ अजमत खान और जहूर भट उर्फ बिलाल भागने में सफल रहे।

वह जहूर ही था, जिसने मीरवाइज के कमरे में घुसकर उस पर गोलियां चलाई थीं। उन्होंने कहा कि सभी फरार आरोपियों को 30 साल से भी अधिक समय के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अब उन्हें मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ये आरोपी कहां छिपे थे और इन्हें कहां से गिरफ्तार किया गया। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री 19 से 24 तक तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 समूह और क्वाड सहित तीन प्रमुख बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए शुक्रवार को जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी 19 मई से 21 मई तक जापानी शहर हिरोशिमा का दौरा करेंगे, जहां वह दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान मोदी जी-7 सत्रों में भागीदार देशों के साथ शांति, स्थिरता और धरती की समृद्धि, तथा खाद्यान्न, उर्वरक और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर अपने विचार प्रकट करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी जापान से पोर्ट मोरेस्बी की यात्रा करेंगे, जहां वह 22 मई को पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारपे के साथ संयुक्त रूप से फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स को-ऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पापुआ न्यू गिनी की यह पहली यात्रा होगी।



दिल्ली में मंगलवार को धूल भरी तेज हवाएं चलने के कारण प्रदूषक तत्व पीएम 10 खतरनाक स्तर तक बढ़ गया तथा धूल कणों में वृद्धि के साथ ही धुंध जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

विस्तृत समाचार पेज 3 पर

## ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वे की मांग वाली याचिका पर होगी सुनवाई

**भाषा।** वाराणसी

**वाराणसी** की जिला अदालत ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के पूरे परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का आग्रह करने वाली याचिका मंगलवार को सुनवाई के लिए मंजूर कर ली। जिला शासकीय अधिवक्ता महेन्द्र नाथ पांडेय ने यहां बताया कि जिला अदालत के न्यायाधीश ए. के. विश्वेश ने यह याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार की है। अदालत ने मुस्लिम पक्ष से 19 मई तक अपनी आपत्ति दाखिल करने को कहा है। उन्होंने बताया कि अदालत मामले की अगली सुनवाई 22 मई को करेगी। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग करके यह पता लगाने को कहा था कि आखिर वह शिला कितनी पुरानी है। उच्च न्यायालय ने वाराणसी जिला जज को मामले की सुनवाई विधिक तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश भी दिए थे।

# ब्रांडेड आयुर्वेदिक दवाओं के नाम पर बेच रहे थे जहर

● मास्टरमाइंड समेत दस लोग गिरफ्तार, छह साल से चल रहा था गोरखधंधा, 6,372 लोगों से 1.94 करोड़ वसूले

**संजय राय।** नई दिल्ली





**मोटी** कमाई के लालच में नकली आयुर्वेदिक दवाएं बेचकर ठग आम लोगों की जिंदगी से खुलकर खिलवाड़ कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ कर मास्टरमाइंड समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बड़ी दूरसंचार कंपनी का कर्मचारी भी शामिल है, जो कमीशन पर आरोपियों को मोबाइल डाटा उपलब्ध कराता था। गिरोह के सदस्यों से पुलिस को 42 मोबाइल फोन, सात लैपटॉप समेत नकली दवाओं का भंडार भी मिला है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि रौंगटे खड़े करने वाला यह मामला तब सामने आया जब एक निजी मार्केटिंग फर्म के मैनेजर (एडमिन) ने आईएफएसओ में इसी वर्ष 28 मार्च को शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुछ अज्ञात लोग ब्रांडेड आयुर्वेदिक दवाओं के नाम पर नकली और मिलावटी दवाएं उनके ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त जय प्रकाश, स्पेशल सेल आईएफएसओ ब्रांच द्वारका के इंस्पेक्टर अवधेश, एसआई सोनम जोशी, (शेष पेज 9)

### दिल्ली से लखनऊ तक फैला था जाल

**यह** गिरोह बाकायदा कॉल सेंटर के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। इन्होंने दिल्ली के स्वरूप नगर और लखनऊ में इंदिरा नगर तथा जानकीपुरम में कॉल सेंटर खोल रखे थे। यहीं से देशभर में नकली आयुर्वेदिक दवाएं सप्लाई करते थे। गिरोह के सदस्य यूएमपीएल के कर्मचारी बनकर लोगों को फोन करते थे और उन्हें रियायती दरों पर दवाएं मुहैया कराने का लालच देते थे। जब कॉल डिटेल निकाली गई तो पूरे गिरोह का भांडा फूट गया। बड़ी दूरसंचार कंपनी का कर्मचारी इस गिरोह को 60 फीसदी कमीशन पर लोगों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता था। मोबाइल डाटा दिल्ली के राजेश सिंह व विकास पाल के जरिए बेचा जाता था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 17 मई, 2023



# किसान की मौत मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**गाजियाबाद।** चार अप्रैल को निवाड़ी थाना क्षेत्र में पैंगा रोड पर हुई किसान सुशील त्यागी की मौत के मामले में चार आरोपितों पर हत्या व षड़यंत्र रचने की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। कोर्ट ने निवाड़ी पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं। मामले में किसान के भतीजे विवेक त्यागी को वादी बनाया गया है।

आरोप है कि गांव के दबंगों ने ही खेत पर सुशील के साथ मारपीट की। उनके सीने पर आरोपितों ने बेरहमी से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए, जिसके चलते सुशील की मौत हुई। सुशील का आरोपितों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ध्यान रहे कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सुशील की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। इसलिए पुलिस ने बिसरा जांच के लिए सैंपल फारेंसिक लैब भेजा था।

बता दें कि निवाड़ी के रहने वाले सुशील त्यागी किसान थे। उनके पैंगा रोड पर खेत हैं। पड़ोसी से उनका एक बीघे जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। चार अप्रैल को वे अपने खेतों पर गए थे। वहां उनकी हालत


AXIS BANK LTD.

## स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 29–05–2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

**कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण**

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 1. | जुनैद आलम | ***********5322 | ₹ 33,425.84 | 28-02-2023 | 11.600 | 11.000 |
| 2. | सुनील कुमार | ***********7661 | ₹ 1,65,887.20 | 08-02-2023 | 60.300 | 57.500 |
| 3. | अंकुर बजाज | ***********7014 | ₹ 5,16,285.42 | 21-02-2023 | 160.800 | 154.850 |
| 4. | मोहम्मद राशिद | ***********5038 | ₹ 44,013.00 | 05-09-2022 | 15.200 | 14.900 |
| शाखा का नाम : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 5. | रणवीर कुमार | ***********3835 | ₹ 92,628.45 | 03-09-2022 | 25.600 | 24.600 |
| 6. | रश्मि तनेजा | ***********7347 | ₹ 3,27,284.36 | 08-02-2023 | 157.100 | 141.500 |
| शाखा का नाम : दरिया गंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 7. | उपेन्द्र सिंह | ***********8135 | ₹ 36,035.00 | 28-02-2023 | 13.000 | 12.600 |
| 8. | कविता गुप्ता | ***********3441 | ₹ 3,02,935.00 | 03-09-2022 | 117.200 | 104.300 |
| 9. | अनामिका देवी | ***********8288 | ₹ 34,605.00 | 18-06-2022 | 13.700 | 13.100 |
| शाखा का नाम : जनकपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 10. | साहिल चौधरी | ***********3474 | ₹ 2,85,991.00 | 08-02-2023 | 81.700 | 78.400 |
| 11. | स्नेह लता | ***********7923 | ₹ 45,537.87 | 08-02-2023 | 13.100 | 12.500 |
| शाखा का नाम : ज्योति नगर, दिल्ली डीएल | | | | | | |
| 12. | मानवी गुप्ता | ***********4370 | ₹ 10,86,968.98 | 20-04-2023 | 375.200 | 350.880 |
| 13. | अनुज कुमार | ***********8071 | ₹ 1,15,809.00 | 08-02-2023 | 50.200 | 37.700 |
| 14. | अमित गौतम | ***********0688 | ₹ 3,24,885.00 | 28-02-2023 | 119.900 | 112.000 |
| 15. | गोविंद कुमार | ***********7973 | ₹ 1,07,548.56 | 28-02-2023 | 38.100 | 36.400 |
| 16. | देव कुमार गुप्ता | ***********4891 | ₹ 92,000.00 | 08-03-2023 | 31.200 | 29.800 |
| शाखा का नाम : कालकाजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 17. | नीरा कौशल | ***********8501 | ₹ 5,04,475.77 | 28-02-2023 | 152.600 | 149.700 |
| 18. | नीरा कौशल | ***********5364 | ₹ 1,37,971.00 | 20-04-2023 | 49.800 | 45.900 |
| 19. | पवन कुमार | ***********0323 | ₹ 68,945.00 | 28-02-2023 | 23.700 | 22.340 |
| शाखा का नाम : किशनगंज ओडी डीएल | | | | | | |
| 20. | अजय कुमार शर्मा | ***********6135 | ₹ 1,30,473.00 | 28-07-2022 | 33.400 | 31.900 |
| 21. | अजीत कुमार | ***********4400 | ₹ 72,843.00 | 18-06-2022 | 22.800 | 21.300 |
| 22. | राजिन्दर सिंह | ***********3137 | ₹ 58,854.00 | 28-07-2022 | 19.600 | 18.600 |
| शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 23. | मोहम्मद शाजिद खान | ***********3009 | ₹ 90,195.00 | 03-09-2022 | 31.500 | 30.100 |
| शाखा का नाम : लाजवंती गार्डन, जनकपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 24. | गीता देवी | ***********3798 | ₹ 57,764.00 | 28-02-2023 | 19.800 | 19.200 |
| शाखा का नाम : मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 25. | गुड़िया देवी | ***********1438 | ₹ 84,292.00 | 08-02-2023 | 31.400 | 27.200 |
| 26. | गीतांजलि सिंह | ***********3735 | ₹ 2,84,217.80 | 24-03-2022 | 115.900 | 94.560 |
| शाखा का नाम : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 27. | पुनीत चौधरी | ***********7556 | ₹ 1,81,424.00 | 06-08-2022 | 65.300 | 56.600 |
| 28. | रेणु गुप्ता | ***********3988 | ₹ 16,97,915.00 | 14-07-2022 | 878.300 | 690.250 |
| 29. | संजय कुमार | ***********6285 | ₹ 12,74,772.00 | 18-07-2022 | 794.500 | 586.460 |
| शाखा का नाम : मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 30. | अमित कुमार तिवारी | ***********7643 | ₹ 43,922.03 | 18-07-2022 | 15.900 | 14.800 |
| शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 31. | दिनेश कुमार | ***********2612 | ₹ 32,105.00 | 21-02-2023 | 11.700 | 11.000 |
| 32. | गुलाब | ***********0039 | ₹ 9,11,940.00 | 06-06-2022 | 390.500 | 346.700 |
| 33. | रवि कुमार | ***********3281 | ₹ 27,574.00 | 28-02-2023 | 9.000 | 8.700 |
| शाखा का नाम : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली | | | | | | |
| 34. | शहनाज | ***********2723 | ₹ 40,515.77 | 26-07-2022 | 13.900 | 13.150 |
| 35. | सचिन गुप्ता | ***********6135 | ₹ 61,182.24 | 03-09-2022 | 19.000 | 18.400 |
| शाखा का नाम : पालम, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 36. | नैंसी जैन | ***********0285 | ₹ 28,050.00 | 08-02-2023 | 9.500 | 9.200 |
| 37. | कविता | ***********5644 | ₹ 39,752.00 | 28-02-2023 | 12.700 | 12.200 |
| शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 38. | शिव शंकर तिवारी | ***********1836 | ₹ 3,95,079.99 | 12-10-2022 | 123.500 | 117.100 |
| 39. | सुशील कुमार | ***********3764 | ₹ 1,00,619.00 | 18-07-2022 | 33.700 | 32.200 |
| 40. | अंकुर गुप्ता | ***********3085 | ₹ 1,59,171.00 | 08-02-2023 | 49.300 | 48.000 |
| 41. | विश्वदेव | ***********9112 | ₹ 13,99,059.62 | 28-02-2023 | 511.100 | 443.000 |
| 42. | सचिन कुमार | ***********2458 | ₹ 1,17,059.98 | 18-06-2022 | 46.300 | 38.600 |
| शाखा का नाम : सेक्टर–24, रोहिणी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 43. | सचिन कुमार | ***********8879 | ₹ 1,26,042.55 | 25-08-2022 | 39.400 | 36.400 |
| शाखा का नाम : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 44. | राजेश कुमार कुंदनानी | ***********5007 | ₹ 1,11,498.52 | 28-02-2023 | 35.800 | 34.400 |
| शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 45. | प्रणव जिंदल | ***********7009 | ₹ 2,19,735.00 | 08-02-2023 | 66.000 | 63.350 |
| 46. | प्रिया कुमारी | ***********9640 | ₹ 1,08,586.00 | 26-07-2022 | 35.600 | 34.350 |
| शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 47. | मुजामिल | ***********2117 | ₹ 67,988.00 | 28-07-2022 | 22.100 | 20.500 |
| 48. | मुजामिल | ***********5442 | ₹ 81,007.40 | 22-07-2022 | 40.800 | 38.700 |
| शाखा का नाम : उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 49. | मानस कुमार परीदा | ***********2417 | ₹ 3,36,976.00 | 22-07-2022 | 106.400 | 102.300 |
| शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 50. | सौरभ त्यागी | ***********8087 | ₹ 6,28,652.62 | 21-02-2023 | 197.600 | 189.000 |
| 51. | सौरभ त्यागी | ***********7602 | ₹ 4,35,335.00 | 21-02-2023 | 159.700 | 146.100 |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | | |
| 52. | जितेन्द्र अग्रवाल | ***********0620 | ₹ 1,59,139.00 | 03-09-2022 | 57.500 | 54.620 |
| 53. | सानू राय | ***********9114 | ₹ 32,948.00 | 08-02-2023 | 11.800 | 11.340 |
| 54. | अनिल शर्मा | ***********3905 | ₹ 2,04,332.92 | 13-09-2022 | 104.500 | 97.000 |
| 55. | परमानंद सिंह | ***********6771 | ₹ 1,35,481.00 | 18-06-2022 | 35.000 | 33.100 |
| 56. | लोकेश | ***********4270 | ₹ 2,97,157.00 | 22-06-2022 | 85.700 | 81.100 |
| 57. | जितेन्द्र कुमार | ***********9641 | ₹ 2,30,608.00 | 08-02-2023 | 77.900 | 74.200 |
| 58. | सतविंदर भडाना | ***********9986 | ₹ 2,98,521.91 | 09-01-2023 | 142.300 | 136.400 |
| शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | | |
| 59. | संजय संजय | ***********9947 | ₹ 45,790.00 | 03-09-2022 | 9.800 | 9.800 |
| 60. | आरती आरती | ***********4434 | ₹ 52,199.00 | 28-02-2023 | 15.300 | 15.000 |
| 61. | रिंकी देवी | ***********9066 | ₹ 5,46,314.00 | 20-04-2023 | 166.550 | 162.050 |
| शाखा का नाम : सेक्टर–10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | | |
| 62. | अंकित यादव | ***********2524 | ₹ 34,406.81 | 28-07-2022 | 11.500 | 10.900 |
| 63. | उषा देवी | ***********2142 | ₹ 36,429.03 | 03-09-2022 | 9.800 | 9.300 |
| 64. | मनोज कुमार जायसवाल | ***********2709 | ₹ 32,199.00 | 28-02-2023 | 10.600 | 10.100 |
| 65. | संजय | ***********9767 | ₹ 1,15,103.00 | 08-02-2023 | 31.690 | 31.290 |
| शाखा का नाम : सेक्टर–14, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | | |
| 66. | सुनीता कोहली | ***********6331 | ₹ 4,45,153.00 | 12-10-2022 | 134.300 | 131.000 |
| 67. | मोनिका शर्मा | ***********5100 | ₹ 4,08,187.00 | 14-01-2023 | 131.500 | 126.500 |
| 68. | मोनिका शर्मा | ***********2111 | ₹ 1,52,875.16 | 03-09-2022 | 43.200 | 43.200 |
| 69. | सुखविंदर सिंह | ***********6664 | ₹ 2,37,432.00 | 26-07-2022 | 71.700 | 67.200 |
| 70. | विवेक कुमार मिश्रा | ***********6488 | ₹ 1,18,205.00 | 05-09-2022 | 36.200 | 35.500 |
| 71. | अजय जायसवाल | ***********2276 | ₹ 3,42,744.58 | 20-04-2023 | 123.100 | 107.700 |
| 72. | रघुराज सिंह | ***********0686 | ₹ 38,223.00 | 20-04-2023 | 12.900 | 11.900 |
| 73. | कामिनी | ***********4371 | ₹ 1,44,177.00 | 05-09-2022 | 47.900 | 46.600 |
| शाखा का नाम : सेक्टर–16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | | |
| 74. | प्रशांत कुमार | ***********7578 | ₹ 1,83,803.02 | 09-06-2022 | 64.100 | 60.900 |
| 75. | गिरराज शर्मा | ***********5567 | ₹ 68,199.00 | 20-06-2022 | 27.700 | 17.950 |
| 76. | प्रेम कुमार ओझा | ***********8627 | ₹ 2,46,506.00 | 28-02-2023 | 75.600 | 73.300 |
| 77. | अतीन मोदी | ***********9664 | ₹ 1,98,872.00 | 21-02-2023 | 73.400 | 69.990 |
| 78. | दुर्गेश कुमार | ***********7756 | ₹ 1,99,759.00 | 24-03-2022 | 78.500 | 75.250 |
| शाखा का नाम : गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) | | | | | | |
| 79. | हकीकत अली | ***********9608 | ₹ 83,194.00 | 28-02-2022 | 20.800 | 19.700 |
| शाखा का नाम : नोएडा (उत्तर प्रदेश) | | | | | | |
| 80. | अमित कुमार | ***********0984 | ₹ 58,948.00 | 12-09-2022 | 16.400 | 15.500 |
| 81. | कामायनी कुमारी | ***********2956 | ₹ 36,762.00 | 08-02-2023 | 12.600 | 11.700 |
| 82. | प्रशांत कुमार वैश | ***********1605 | ₹ 8,18,955.40 | 03-09-2022 | 270.800 | 259.400 |
| 83. | मिठ्ठन यादव | ***********1680 | ₹ 4,25,555.00 | 28-02-2023 | 141.000 | 135.400 |
| 84. | रजाउदीन | ***********3620 | ₹ 57,673.90 | 28-02-2023 | 20.800 | 19.800 |
| शाखा का नाम : नोएडा एक्सटेंशन जीएनओ उत्तर प्रदेश | | | | | | |
| 85. | रौशन कुमार श्रीवास्तव | ***********3169 | ₹ 1,62,335.00 | 28-02-2023 | 50.400 | 48.300 |
| शाखा का नाम : वैशाली, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) | | | | | | |
| 86. | हम्माद | ***********8411 | ₹ 27,151.00 | 08-02-2023 | 9.200 | 8.900 |
| 87. | त्रिलोक नाथ झा | ***********7965 | ₹ 65,559.93 | 08-02-2023 | 22.400 | 21.600 |
| 88. | विनार यादव | ***********1131 | ₹ 2,26,695.00 | 22-07-2022 | 74.400 | 72.500 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी **https://gold.samil.in** पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://gold.samil.in** लॉगइन करें।

स्थान : नई दिल्ली एवं एनसीआर, तिथि : 17–05–2023 — हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड


# वकीलों का हंगामा, कोर्ट परिसर की खिड़कियां और मोबाइल तोड़े

- अधिवक्ता बोले- झूठे आरोप में हिरासत में लिए गए साथी को छोड़ा जाए, साथ ही मुकदमा वापस लिया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कोर्ट के बाहर हंगामा करते आक्रोशित वकील।

गाजियाबाद में मंगलवार को वकीलों को आंदोलन भड़क गया। वकीलों ने कोर्ट परिसर में जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और हंगामा किया। कचहरी जाने का मुख्य रास्ता रोक दिया। यही नहीं, कोर्ट परिसर की खिड़कियां तोड़ दीं। मीडिया कर्मियों से मारपीट की। उनके कैमरे और मोबाइल फोन को तोड़ दिए। वकीलों का गुस्सा देखकर हंगामा शांत कराने आए पुलिसवाले भी बाहर की तरफ भाग गए।

दरअसल, 14 मई यानी 2 दिन पहले पुलिस ने एक वकील को पुलिस पर हमले के आरोप में हिरासत में ले लिया था।

वकीलों की मांग है कि हिरासत में लिए साथी वकील को छोड़ा जाए और फर्जी मुकदमा खत्म किया जाए। नहीं तो हड़ताल जारी रहेगी। फिलहाल, पुलिस ने कचहरी परिसर और आस.पास के इलाके को छावनी तब्दील कर दिया है।

14 मई को निवाड़ी थाना के भनेड़ा गांव में रहने वाले गोलू ने फोन करके पुलिस को सूचना दी कि उसके साथ लूट हुई है। आरोप गांव के रहने वाले शैंकी और वकील पवन त्यागी पर लगाया। निवाड़ी थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना पर सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार और तीन कॉन्स्टेबल मौके पर पहुंचे।

उन्होंने लूट की झूठी सूचना देने के आरोप में वकील पवन त्यागी, गोलू और शैंकी को हिरासत में ले लिया, तभी गांव वाले इकट्ठा हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया। दरोगा की वर्दी भी फट गई। इसके बाद पुलिस ने वकील पवन त्यागी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद 15 मई को बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने बैठक की। इसमें पुलिस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया।

कार्रवाई के विरोध में वकील सोमवार को दिनभर हड़ताल पर रहे थे। मंगलवार सुबह जैसे ही वकील कचहरी में पहुंचे। उन्होंने दोबारा से प्रोटेस्ट शुरू कर दिया है। फिलहाल कचहरी के मुख्य मार्ग पर वकील डेरा डालकर बैठे हैं।

# ग्रेटर नोएडा में आठवीं के छात्र की हार्ट अटैक से मौत

- भाई के साथ स्कूल से घर लौट रहा था, अचानक सड़क पर हो गया बेहोश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जलपुरा में एक आठवीं कक्षा के छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। 15 साल का छात्र छुटटी के बाद स्कूल से घर जा रहा था। इसी दौरान वह रास्ते में बेहोश होकर गिर गया।

स्थानीय लोगों द्वारा उसको अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह पूरी घटना ईकोटेक–3 थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव की है। जहां पर 15 साल का रोहित अपने भाई और बहन के साथ में गांव के ही जूनियर हाई स्कूल में पढ़ता था। सोमवार को वह रोज की तरह स्कूल आया था। आठवीं कक्षा में अपने दोस्तों के साथ पढ़ाई की और साथ ही खेला।

दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने के बाद में वह अपने भाई के साथ में अपने घर के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक वह बेहोश होकर गिर गया। इसकी सूचना स्कूल के प्रधानाचार्य और स्टाफको दी गई। उन लोगों ने बच्चे को पानी पिलाया और पानी के छींटे मारे लेकिन उसको होश नहीं आया। जिसके बाद उन लोगों ने इसकी सूचना उसके परिवार वालों को दी। सभी बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने देखने के बाद बताया की छात्र की मौत हार्ट अटैक से हुई है। इसके बाद उसके परिजन व अन्य लोगों को जानकारी दी गई। मृतक का भाई अस्पताल में उसी के साथ था। आठवीं कक्षा के छात्र की मौत के बाद पूरे स्कूल और उसके परिवार में मातम छाया हुआ है।

मृतक रोहित का परिवार मूल रूप से रामपुर के दौराई का रहने वाला है। अभी वो लोग जलपुरा गांव में ही किराए पर रह रहे थे। मृतक की एक बहन और भाई इसी स्कूल में उसके साथ पढ़ते हैं। जूनियर हाई स्कूल जलपुरा की प्रधानाचार्य नूतन सक्सेना ने बताया कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र स्कूल से छुट्टी होने के बाद जैसे ही बाहर निकला वह बेहोश हो गया। उसके बाद हम लोगों ने उसको पानी दिया लेकिन हालत सीरियस होने पर रोहित को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्कूल के लिए यह काफी दुखद घटना है। रोहित पढ़ने में बहुत होशियार था।

## नोएडा में कोरोना के छह नए मरीज मिले

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना के मामले लगातार कम होता जा रहा है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में 6 नए मामले मिले है। जिसके बाद एक्टिव केस की संख्या 23 पहुंच गई है। जिसमें 5 मरीजों को अस्पताल में भर्ती है। ये वहीं मरीज है जिनके यहां होम आइसोलेशन की व्यवस्था नहीं है। 24 घंटे में 763 लोगों के सैंपल लिए गए। वहीं 12 मरीज ठीक हुए। इन मरीजों को ठीक होने में करीब एक सप्ताह का समय लग रहा है।

वहीं कोरोना से अब तक 494 लोगों की मौत हो चुकी है। इस सीजन में तीन लोगों की मौत हुई। वहीं बढ़ती गर्मी के चलते अब अस्पतालों में डायरिया, बुखार और हीट स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे है।

# रैपिडएक्स स्टेशनों में खुलेगा वर्चुअल स्टोर

- क्यूआर कोड से ऑर्डर करते ही घर पहुंचेगा सामान

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

रीजनल रैपिडएक्स रैपिड रेल में सफर के दौरान आप शॉपिंग में कर सकेंगे। रैपिडएक्स ने इसके लिए दक्षिण कोरिया की तर्ज पर गाजियाबाद–मेरठ में स्टेशनों पर वर्चअल स्टोर खोलने जा रहा है।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया, यह योजना अब भारत में पहली बार लाई जा रही है। 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ रैपिडएक्स कॉरिडोर पर ऐसे वर्चुअल स्टोर प्लान किए जा रहे हैं। ये वर्चुअल स्टोर उपयोगकर्ता को वर्चुअल रूप से वस्तुओं का चयन करने का अवसर देंगे।




उपयोगकर्ता अपने मूल स्थान से शॉपिंग करेंगे और खरीदा हुआ सामान उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचा या जाएगा। ई–कॉमर्स या अन्य तरीकों की तुलना में ये ट्रांसपोर्टेशन तेज साबित हो सकता है। माना जा रहा है कि दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ में ऐसे एक–एक वर्चुअल स्टोर खोले जा सकते हैं।

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में ये तकनीक साल 2010–12 के आसपास आई थी। ब्रिटिश श्रृंखला टेस्को, जिसे दक्षिण कोरिया में होम प्लस के नाम से जाना जाता है। टेस्को ने वहां पूरे देश में अधिक स्टोर खोले बिना किराना उत्पाद की बिक्री बढ़ाने की योजना बनाई थी।

इसके तहत सियोल में रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों के आसपास वर्चुअल स्टोर खोले गए। इन स्टोर पर पहुंचने पर कई बड़ी स्क्रीन होती हैं, जहां हर सामान डिस्प्ले पर नजर आता है। ये डिस्प्ले ठीक वैसे दिखाई पड़ती हैं, जैसे दुकान में सामान रखा हो। खरीदार व्यक्ति अपने स्मार्टफोन से डिस्प्ले सामान को स्कैन करके ऑर्डर कर उसका भुगतान तुरंत कर देगा। इसके बाद वहां कुछ ही घंटे में ये सामान संबंधित व्यक्ति के घर तक पहुंचा दिया जाता है। वर्चुअल स्टोर खोलने के बाद टेस्को की ऑनलाइन बिक्री 130 गुना तक बढ़ गई थी। ये योजना इसलिए लाई गई, क्योंकि लोगों पर मार्केट में घूमने, सामान खरीदने का टाइम नहीं था।

# ब्लैकमेलिंग से तंग छात्रा ने दी जान

- स्कूल में साथ पढ़ने वाले लड़के ने किया दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा
- बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के मसूरी इलाके में 10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि छात्रा के स्कूल में पढ़ने वाला लड़का ही उसको ब्लैकमेल कर रहा था। परिजनों की गैरमौजूदगी में आरोपी ने छात्रा से रेप भी किया। इससे आहत होकर छात्रा ने जान दे दी।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी नाबालिग किशोर को हिरासत में ले लिया है और उसे बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है। ये पूरा घटनाक्रम गाजियाबाद में मसूरी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रविवार रात का है। 14 वर्षीय छात्रा एक स्कूल में 10वीं में पढ़ती थी। उसके पिता सेना में हैं और उनकी पोस्टिंग राजस्थान में है। छात्रा का भाई फिलहाल दिल्ली के एक हॉस्पिटल में भर्ती है।

रविवार को छात्रा की मां अपने बेटे के पास हॉस्पिटल में गई थी। घर पर सिर्फ दादा–पोती मौजूद थे। दादा भी कुछ देर के लिए पास के एक गांव में चले गए। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान छात्रा का क्लासमेट घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के दादा रविवार देर शाम को जब घर पर पहुंचे तो वहां पर 10–12 युवक मौजूद थे। वे छात्रा के सहपाठी किशोर को ढूंढते हुए वहां पर आए थे। इस दौरान वो किशोर उन्हें छत पर बने कमरे में मिल गया। वे उसे लेकर वहां से चले गए। इसके बाद छात्रा तनाव में आ गई। देर रात करीब दो बजे छत पर बने कमरे का दरवाजा बार–बार बज रहा था। दादा जब ऊपर पहुंचे तो उन्हें पोती कमरे में फांसी पर लटकी हुई मिली। छात्रा के कमरे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई।

इस सामग्री को देखने के बाद ही उन्हें पता चला कि छात्रा से दुष्कर्म हुआ है। निमिष पाटिल ने बताया कि सोमवार सुबह थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। किशोरी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। परिजनों की तहरीर पर मृतका के सहपाठी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी किशोर पुलिस हिरासत में है। उसे बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है।

# चुनाव के बाद पहला संभव दिवस, कम आई शिकायतें



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निकाय चुनाव संपन्न हो गए हैं। इसके साथ ही चुनावी आचार संहिता भी आयोग ने समाप्त कर दी है। लगभग एक महीने बाद आज नगर निगम में संभव दिवस का आयोजन किया गया। बता दें कि संभव दिवस में अधिकारी शहर के लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान कराते हैं। संभव दिवस सुबह करीब दस बजे से शुरू हुआ जो दोपहर दो बजे तक चला। हालांकि, आज काफी कम लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। दरअसल, लोगों को पता नहीं था कि आज से संभव दिवस का आयोजन किया जाएगा। संभव दिवस में नगर निगम के उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, नगर निगम के निर्माण विभाग, जलकल विभाग, लाइट विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। संभव दिवस में आठ शिकायतें दर्ज की गई थीं जिन्हें समयबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा।

शिकायतों का समाधान होने के बाद इनमें से ही किसी एक शिकायतकर्ता से नगर विकास मंत्री एके शर्मा सीधे कॉल कर बात करते हैं। इसलिए नगर निगम भी दर्ज शिकायतों गंभीरता के साथ दूर करता है।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का धरना जारी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों का धरना–प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा।

किसान 25 अप्रैल से प्राधिकरण पर दिन–रात डटे हुए है। धरना स्थल पर हुई महापंचायत को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय नेता व पूर्व सांसद कॉमरेड वृंदा करात ने कहा कि स्थानीय किसानों के साथ सरकार और प्राधिकरण ने विश्वासघात किया है और उनकी अधिकृत जमीन के बदले उनका वाजिब हक व बुनियादी सुविधाएं नहीं दिया, जिसके लिए किसान आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की हक की लड़ाई में वे और उनकी पार्टी सीपीआईएम किसानों के साथ है।

# विजय जुलूस निकालने वाले सभासद पति सहित 6 गिरफ्तार

- आतिशबाजी की गई और एक युवक ने नोट भी उड़ाए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर की किदवई नगर कॉलोनी में सभासद पद का चुनाव जीतने के बाद विजय जुलूस निकालने व नोट उड़ाने के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। किदवई नगर कॉलोनी निवासी जायदा बानों ने गत 13 मई को सभासद का चुनाव जीता था। उनके पति रहीसूद्दीन द्वारा घोड़ी पर बैठकर विजय जुलूस निकाला था। विजय जुलूस में सैकड़ों की भीड़ एकत्र हो गई। इतना ही नहीं जुलूस में जमकर आतिशबाजी की गई और एक युवक ने नोट भी उड़ाए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सोशल




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने एक नामजद सहित 50 के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की थी। एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को सभासद पति रहीसूद्दीन के अलावा उमर साबिर, साहिल, आदिल व आहद निवासी किदवई नगर कॉलोनी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। उन्होने बताया कि वीडियो के आधार पर जुलूस में शामिल लोगो की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बड़े प्रशासनिक फेरबदल का रास्ता साफ

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सेवा विभाग से जुड़ी फाइलें मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास भेजीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने गत गुरुवार को केंद्र बनाम दिल्ली सरकार की लड़ाई में फैसला आम आदमी पार्टी की सरकार के पक्ष में दिया है।

इस फैसले के आने के बाद अब केजरीवाल सरकार के हाथ राष्ट्रीय राजधानी के अफसरों का नियंत्रण आ गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को सेवा विभाग से जुड़ी फाइलों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास भेज दिया है।

इससे जल्द बड़े प्रशासनिक फेरबदल देखनेको मिल सकता है। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने 11 मई को सर्वसम्मिति से फैसला सुनाया था कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार के


फाइल फोटो

पास सेवाओं से जुड़े विभाग के मामलों पर विधाई और कार्यकारी शक्तियां हैं जबकि भूमि, पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित मामले पूर्व की तरह उप राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में ही रहेंगे। राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा, उप राज्यपाल कार्यालय ने उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के 11 मई के फैसले के अनुपालन में सेवा मामलों से जुड़ी फाइलें आवश्यक कार्रवाई के लिए सरकार को वापस भेज दी हैं।

इन फाइलों में दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों में कर्मचारियों के अनुबंध की अवधि के विस्तार और दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के समूह ए के एक कर्मचारी के इस्तीफे की स्वीकृति के प्रस्ताव शामिल हैं।

इन्हें मंजूरी के लिए उपराज्यपाल के पास भेजा गया था। इन्हें इस टिप्पणी के साथ वापस कर दिया गया है कि उच्चतम न्यायालय के सीबी (संविधान पीठ) के 11 मई के फैसले के आलोक में विभागों को जरूरी कार्रवाई करने की सलाह दी जा सकती है।

### एलजी निर्देशों पर रोक लगाए विभाग : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** सेवाओं पर नियंत्रण देने के उच्चतम न्यायालय के आदेश के कुछ दिनों बाद दिल्ली सरकार ने अपने विभिन्न विभागों से हाल के महीनों में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा सीधे जारी किए गए निर्देशों पर कार्रवाई नहीं करने को कहा है। दिल्ली सरकार द्वारा सोमवार को जारी एक सर्कुलर के अनुसार, विभिन्न विभागों को पिछले कुछ महीनों में एलजी द्वारा सीधे उन्हें जारी किए गए सभी निर्देशों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि उपराज्यपाल सक्सेना ने निर्वाचित सरकार को पूरी तरह दरकिनार करते हुए मुख्य सचिव के माध्यम से विभिन्न विभागों को सीधे कई निर्देश जारी किए हैं। इसलिए उपराज्यपाल के विभागों को दिए गए सीधे आदेश संविधान और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विपरीत हैं। सर्कुलर में विभाग प्रमुखों से कहा गया है कि वे एलजी द्वारा सीधे उन्हें जारी किए गए निर्देशों की एक सूची मुहैया कराएं और प्रभारी मंत्रियों के अगले निर्देश तक उन पर आगे कोई कार्रवाई न करें।

# डीएमआरसी कर्मी ने पत्नी व बेटी की हत्या कर दी जान

● बेटे पर भी चाकू से किया था वार, अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की ज्योति कॉलोनी में मंगलवार को डीएमआरसी के कर्मचारी ने कथित तौर पर पत्नी और बेटी की हत्या करके आत्महत्या कर ली। उसने बेटे पर भी चाकू किया था हमला जिसकी हालत गंभीर है और अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर फोन आया और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के एक कर्मचारी ने बताया कि उसने काम पर नहीं आए अपने सहकर्मी सुशील कुमार (43) को फोन किया तो कुमार ने फोन पर ही रोते हुए बताया कि उसने सबको जान से मार डाला। पुलिस कुमार के घर पहुंची तो उसे तीन शव मिले।

पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) रोहित मीणा ने बताया कि कुमार का शव पंखे से लटका हुआ मिला जबकि उसकी पत्नी अनुराधा (43) और छह साल की बेटी के शवों पर


मौके पर पहुंची पुलिस शवों को ले जाते हुई।

चाकू के घाव थे। उन्होंने कहा कि कुमार के 13 वर्षीय बेटे पर भी चाकू से वार किया गया और फिलहाल उसका उपचार किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि कुमार ईस्ट विनोद नगर में डीएमआरसी में रखरखाव सुपरवाइजर के तौर पर काम करता था। डीसीपी ने कहा कि फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही हैं। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि कुमार ने अपनी पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। विस्तृत जांच जारी है।

# भाजपा कार्यकर्ता बनकर नेताओं से ठगी

● राजनेता और अधिकारियों समेत कई लोगों को लगाया 1 करोड़ का चूना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उच्च पदस्थ कार्यकर्ता बताकर नेताओं, ठेकेदारों और सरकारी अधिकारियों समेत कई लोगों से करीब एक करोड़ रुपये ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के एक पदाधिकारी ने इस सिलसिले में नौ मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस बताया कि कुछ लोगों ने खुद को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय से संबंधित पार्टी कार्यकर्ता बताकर विभिन्न राज्यों में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और सरकारी अधिकारियों को ठगने का काम किया था। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संजय कुमार सैन ने कहा कि इस सिलसिले में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच के दौरान आरोपियों के फोन नंबरों में से एक प्रवीण कुमार का पता लगाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने फर्जी ठेकेदार बनकर उसके नंबर पर कॉल किया और प्रवीण कुमार से मिलने का समय तय किया, जिसके बाद उसे 11 मई को मयूर विहार से गिरफ्तार कर लिया गया। मयूर विहार फेज-3 के रहने वाले प्रवीण (19) ने खुलासा किया कि उसने पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न राजनेताओं को निशाना बनाया और पार्टी के लिए फंड मांगा और भाजपा केंद्रीय कार्यालय में उच्च पदों के लिए उनके नामों की सिफारिश करने का वादा किया। इसके एवज में उसने होटल बुकिंग, फ्लाइट टिकट और अन्य खर्चों के लिए पैसे जैसी सेवाएं मांगी और अंततः उनसे लाखों की ठगी की।

शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत एक अन्य फोन नंबर उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी पीयूष कुमार श्रीवास्तव (34) का है, जिसे 13 मई को पकड़ा गया था। डीसीपी ने कहा कि पीयूष खुद को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का विशेष कार्य अधिकारी बताता था और उसने भारतीय समावेशी विकास फाउंडेशन नाम से एक गैर सरकारी संगठन पंजीकृत कराया था। आरोपियों के पास से 3 मोबाइल फोन, सिम कार्ड और एक लैपटॉप जब्त किया गया है।

### सीएम आवास मामले की फाइलें गायब : राजशेखर

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास के कथित नवीनीकरण मामले में भ्रष्टाचार की जांच कर रहे विशेष सचिव (सतर्कता) वाई वी वी जे राजशेखर ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर शिकायत की है कि उनके कमरे से सीएम आवास के सौंन्दर्यीकरण और नवीनीकरण मामले सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब कर दि गए हैं।

राजशेखर ने दावा किया है कि मंगलवार तड़के तीन बजे उनका कमरा खुला हुआ था। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके कमरे में जासूसी उपकरण लगाए हों। उनके कमरे से जो फाइलें गायब हुई हैं, उनमें शराब घोटाले से जुड़ी हुई फाइल, मुख्यमंत्री आवास की टेंडर फाइल, रेनोवेशन से जुड़ी फाइल शामिल है।

# वातावरण में छायी धुंध, पीएम-10 की मात्रा कई गुणा बढ़ी

● प्रदूषण से पूरे दिन लोगों को सांस लेना हुआ दुश्वार, सड़कों पर दृश्यता घटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में मंगलवार को धूल भरी तेज हवाएं चलने के कारण प्रदूषक तत्व पीएम 10 खतरनाक स्तर तक बढ़ गया तथा धूल कणों में वृद्धि के साथ ही धुंध जैसी स्थिति हो गई।

घरों से बाहर निकले लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत महसूस हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे तक धूल भरी आंधी चली, जिससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित पालम वेधशाला में सुबह 10 बजे दृश्यता घटकर महज 700 मीटर रह गई। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अनुसार, पीएम 10 सांद्रता सुबह चार बजे के प्रति घनमीटर 141 माइक्रोग्राम से बढ़कर सुबह सात बजे प्रति घनमीटर 796 माइक्रोग्राम हो गई। आयोग ने कहा कि अगले एक-दो दिन में स्थिति सुधर सकती है, क्योंकि 18 मई को वर्षा होने का अनुमान है।

इंडिया गेट पर छाई धुंध


फोटो: रंजन डिमरी

### फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं धूल कण

विशेषज्ञों ने कहा है कि धूल के कण, विशेष रूप से महीन कण पदार्थ (पीएम2.5), सांस लेने पर श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं और फेफड़ों में परेशानी पैदा कर सकते हैं तथा अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और एलर्जी जैसी श्वसन समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ जुगल किशोर ने कहा कि धूल प्रदूषण के कारण ब्रोंकाइटिस, ब्रोन्कियल अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को अधिक खतरा होता है।

# दिल्ली मेट्रो में वीडियोग्राफी या गलत हरकतें अब और नहीं

● मेट्रो कोच और स्टेशनों पर सादी वर्दी में तैनात होंगे अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो ट्रेनों के अंदर और स्टेशन परिसरों में सुरक्षा कर्मियों के साथ सादे पेश में भी सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। मेट्रो में यात्रा करने के दौरान वीडियो बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करने की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के मकसद से दिल्ली मेट्रो रेल निगम यह फैसला लिया है।

साथ ही ट्रेनों के अंदर या स्टेशन परिसरों में किसी भी आपत्तिजनक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले युगल प्रेमियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपायुक्त जितेंद्र मणि ने कहा कि मेट्रो के अंदर या इसके आसपास किसी भी तरह की आपत्तिजनक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी, डीएमआरसी और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं ताकि इस तरह की घटनाएं नहीं हों। सोशल मीडिया पर प्रसारित हाल के एक वीडियो में एक जोड़ा मेट्रो कोच के फर्श पर बैठकर कथित रूप से एक दूसरे का चुंबन लेते नजर आ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, डीएमआरसी ने हाल में दिल्ली पुलिस को लिखा कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मेट्रो स्टेशनों और कोच के अंदर सुरक्षाकर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए। हाल में इस तरह के वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद दिल्ली मेट्रो कई उपायों को लागू करके मेट्रो में सुरक्षा और निगरानी में सुधार करना चाहता है।

इसी तरह के एक उपाय के तहत सादे वेशभूषा में पुलिसकर्मी और डीएमआरसी के कर्मचारी ट्रेनों में गश्त करेंगे। शामिल पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इस तरह के अश्लील वीडियो को अपलोड करने वाले व्यक्तियों को कानून और नागरिकों की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# नगर निगम स्कूलों की कायापलट की तैयारी

● शिक्षा मंत्री आतिशी और महापौर शैली ओबरॉय ने मेंटर टीचर्स के साथ किया संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों की तरह दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की तस्वीर को बदलने के लिए शिक्षा निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय और एमसीडी की तरफ से प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसके तहत वहां की व्यवस्थाओं को बदलने और बेहतर माहौल में बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराना है।

इसी सिलसिले में शिक्षा मंत्री आतिशी और महापौर शैली ओबरॉय ने मेंटर टीचर्स के साथ मंगलवार को संवाद किया और जाना कि हर बच्चे तक विश्व स्तरीय शिक्षा पहुंचाने के लिए कैसे लाया जा सकता है एमसीडी स्कूलों में परिवर्तन।

इस मौके पर आतिशी ने कहा कि मेंटर टीचर्स एमसीडी स्कूलों की जमीनी हकीकत से अच्छी तरह से जानती। इनके अनुभवों के माध्यम से एमसीडी स्कूलों को सुधारने में मदद मिलेगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा देने के लिए केजरीवाल सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार चाहती है कि हर तबके के बच्चों को एक समान विश्वस्तरीय शिक्षा मिलनी चाहिए।



शिक्षा मंत्री आतिशी और मेयर शैली।

मेंटर टीचर्स एमसीडी स्कूलों की जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हैं। आज एमसीडी स्कूलों में जो कुछ अनूठी चीजों की शुरुआत हुई है वो सिर्फ इन मेंटर टीचर्स के कारण ही संभव हो सकी हैं।

इसलिए अब इनके अनुभवों के माध्यम से निगम स्कूलों को सुधारने में मदद मिलेगी। आतिशी ने कहा कि एमसीडी में लोगों ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा किया और काम करने का मौका दिया।

शैली ओबेरॉय ने कहा कि शिक्षा मंत्री के साथ निगम विद्यालयों के निरीक्षण में उन्होंने देखा कि निगम विद्यालय के बुनियादी ढांचे पर काफी कार्य करने की जरूरत है।

# आप नेताओं को धमका रहे सीबीआई-ईडी अफसर : संजय

● कहा- उनके पास आप को बदनाम करने की साजिश के सबूत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी और सीबीआई कठपुतली बनकर नाच रही हैं और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आप के नेताओं को बदनाम करने की साजिश कर रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी के अधिकारी खुद बयान लिखते हैं और उस पर लोगों से जबरन हस्ताक्षर कराने का प्रयास करते हैं। संजय ने दावा किया इसका सबूत उनके पास है। समय आने पर आम आदमी पार्टी इसे सार्वजनिक करेगी और कोर्ट में भी रखेंगे। संजय सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईडी और सीबीआई का मकसद कोई जांच करना नहीं रह गया है, बल्कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को फंसाना है। इनके पास पार्टी से जुड़े लोगों को प्रताड़ित करना, उन्हें जेल में डालना और गन पॉइंट पर बयान लेने का काम रह गया है।

# एक और निजी स्कूल में बम की सूचना, परिसर खाली कराया

● ईमेल से दी थी धमकी, अभिभावक पहुंचे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुष्प विहार इलाके में स्थित अमृता स्कूल में मंगलवार को सुबह बम होने संबंधी ई-मेल मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते को रवाना किया और संस्थान को खाली करा कर स्कूल इमारत की गहन जांच की गई।

घटना की खबर मिलते ही अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित अभिभावकों की भारी भीड़ स्कूल के



बाहर एकत्र हो गई। बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और इमारत का निरीक्षण किया लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि साढ़े छह बजे साकेत स्थित अमृता स्कूल में बम होने संबंधी धमकी भरा एक ईमेल प्राप्त हुआ।

## संक्षिप्त समाचार


राष्ट्रपति को द्रौपदी मुर्म को ज्ञापन सौंपने जाते खाप का प्रतिनिधिमंडल।

### खाफ प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में पालम 360 खाप का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को खाफ के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी की अगुवाई में राष्ट्रपति को द्रौपदी मुर्म को ज्ञापन सौंपा। इस मौके सोलंकी ने कहा है पिछले 24 दिन से पहलवान न्याय की लगा रहे लेकिन उनकी बातों को सुना नहीं जा रहा है। इस मुद्दे पर खाप ने राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर उनसे मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि पालम 360 इन खिलाड़ियों के साथ पहले दिन से मजबूती से खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी।

### श्री धार्मिक लीला के सौ वर्ष पूरे होने पर रामायण मंचन

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 10 जून को जय श्री राम रामायण शो का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रभु श्री राम हमारे आराध्य हैं और जब भी हम श्री धार्मिक लीला कमेटी पंडाल में जाते हैं तो हमें एक पवित्र अनुभूति होती है। प्रेसवार्ता में कमेटी के चेयरमैन सुरेश गोयल, महामंत्री धीरज धर गुप्ता, अभिनेता पुनीत ईशर, बिंदु दारा सिंह, सिद्धांत ईशर एवं शिल्पा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अशोक गोयल आदि मौजूद थे। जय श्री राम रामायण शो वीडियो की एक छोटी क्लीप भी सभी को दिखाई गई। रामलीला कमेटी के महामंत्री श्री धीरज धर गुप्ता ने बताया कि कहा कि हमारी रामलीला दिल्ली की प्रचीनतम रामलीला है।

### गृहकर छूट कम करना जनता से विश्वासघात : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा की तर्ज पर आप ने भी नगर निगम में जनता पर प्रहार करना शुरू कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2022 तक गृहकर में छूट 200 मीटर पर मिलती थी, जिसे आप ने घटाकर आप ने 100 मीटर कवर्ड एरिया कर दिया। जो सीधे तौर पर जनता के साथ नाइंसाफी है। पहले महिलाओं को 200 मीटर कवर्ड एरिया पर ओनरशिप रिबेट 30 प्रतिशत मिलती थी अब उनको भी 100 मीटर पर मिलेगी।

# नए संसद भवन का निर्माण इसी माह पूरा होने की उम्मीद

## साज-सज्जा का काम अंतिम चरण में, उद्घाटन की तारीख अभी तय नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त संसद की नई भव्य इमारत में साज सज्जा का काम अंतिम चरण में है और इसके इस महीने के अंत तक तैयार हो जाने की संभावना है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नए संसद भवन की साफ -सफाई शुरू हो गई है लेकिन उद्घाटन पर सरकार की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि ऐसी अटकलें हैं कि संसद की नई इमारत का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 मई के करीब किया जा सकता है जब भाजपा सरकार अपने नौ साल पूरे करेगी। संसद की नई इमारत का निर्माण दो


फाइल फोटो

साल पहले शुरू हुआ था। नई इमारत राष्ट्र के शक्ति केंद्र सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास का हिस्सा है। राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर की सड़क का नवीनीकरण, एक सामान्य केंद्रीय सचिवालय का निर्माण, प्रधानमंत्री का एक नया कार्यालय और आवास, और एक नया उपराष्ट्रपति एन्क्लेव भी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरी की जा रही इस परियोजना का हिस्सा हैं। सूत्रों ने कहा कि संसद की नई इमारत का काम इस महीने से पहले तैयार हो जाएगी। हालांकि, इसके उद्घाटन को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

ऐसी अटकलें हैं कि संसद की नई इमारत का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 मई के करीब किया जा सकता है जब भाजपा सरकार अपने नौ साल पूरे करेगी।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि यह सरकार पर है कि वह इमारत के उद्घाटन की तारीख कब चुनती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर 2020 में नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी, जिसमें आधुनिक सुविधाएं होंगी।

### लोकतांत्रिक विरासत का प्रदर्शन

संसद की नई इमारत का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस इमारत में भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान कक्ष, संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थान होगा। परियोजना को पूरा करने की मूल समय सीमा पिछले साल नवंबर थी।

### मुलाकात अवधि बढ़ाने की याचिका पर सुकेश चंद्रशेखर को फटकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को यहां मंडोली जेल में उसके वकीलों से मुलाकात करने की समय अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका दायर करने के लिए मंगलवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि नियमों के अनुसार चंद्रशेखर को मुलाकात का वक्त दिया गया है। पीठ ने कटाक्ष करते हुए कहा, आप वकीलों के नाम दीजिए, हम जेल प्राधिकारियों से आपके वकीलों को जेल में ठहराने की अनुमति देने को कहेंगे। चंद्रशेखर की ओर से पेश वकील ने कहा कि छह शहरों में उनके मुवक्किल के खिलाफ 28 मामले लंबित हैं और इनमें 10 से अधिक वकील शामिल हैं।

दिल्ली नगर निगम
बागवानी विभाग (मुख्यालय)-I
ई-1 ब्लॉक, 16वां तल, डॉ. एस.पी.एम. सिविक सेंटर, जे.एल. नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002
निविदा आमंत्रण सूचना
सं. डीडीएच/(एचक्यू)II/एमसीडी/2023-24/डी-192/एनआईटी नं. 4, दिनांक 16.05.2023 के माध्यम से जारी निविदा सं. 2023_MCD_154272_1 के अनुसार दिल्ली नगर निगम के ओपन जिम की एएमसी के लिए ओपन जिम उपकरणों के अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ भारतीय विनिर्माताओं या उनके अधिकृत डीलरों या डिस्ट्रीब्यूटरों या सेवा प्रदाता/सेंटर से एकल चरण दो निविदा प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अनुमानित राशि: रु. 496 लाख, निविदा कीमत: रु. 2360, ईएमडी: रु. 9.92 लाख, अनुबंध अवधि: 12 माह, निविदा-पूर्व बैठक: 26.05.2023, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 06.06.2023 को अप. 3.00 बजे तक है। तकनीकी निविदाएं खुलने की तिथि: 07.06.2023 को अप. 3.30 बजे। विस्तृत नियम व शर्तों के साथ ई-टेंडरिंग निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app या दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। ऑनलाइन निविदा हेल्पडेस्क नं. 011-23227413 एवं 011-23227414 है या ई-मेल: mcd-ithelpdesk@mcd.nic.in पर सम्पर्क करें। इस निविदा के संबंध में संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धि पत्र, परिशिष्ट, समय विस्तार आदि के सभी विवरण केवल दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे और अलग से समाचारपत्रों में प्रकाशित नहीं किये जायेंगे। इच्छुक निविदादाता इस निविदा के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।
हस्ता./-
उप निदेशक (बागवानी)/मुख्यालय-II
RO No. 10/DPI/MCD/2023-24
फोन: 011-23226613

# बिना टच किए डिजिटल एक्स-रे से चंद पलों में होगी संक्रामक रोगों की पहचान, शोध जारी

## प्रोजेक्ट को लेकर मलेशिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ यूआईईटी की प्रोफेसर ने गुरुग्राम विवि का किया दौरा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोविड**-19 जैसे संक्रामक रोगों की पहचान के लिए ऑटो इंटेलिजेंस सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से एक शोध प्रोजेक्ट पर काम कर रही यूआईईटी संस्थान की प्रोफेसर के नेतृत्व में मलेशिया के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय का दौरान किया। इस दौरान विवि के कुलपति से भी प्रतिनिधिमंडल ने विस्तृत चर्चा की।


गुरुग्राम विवि में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

यूआईईटी संस्थान की प्रोफेसर डॉ. रीटा दहिया के नेतृत्व में इस प्रोजेक्ट के इस विषय पर चर्चा करने और इस दिशा में गुरुग्राम विवि के साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से मलेशिया का प्रतिनिधिमंडल गुरुग्राम विवि पहुंचा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और यूआईईटी की शिक्षिका डॉ. रीटा दहिया ने इस विषय पर व्यापक रूप से विचार विमर्श किया। गुरुग्राम विवि के साथ इस शोध प्रोजेक्ट पर कार्य करने के उद्देश्य से मलेशिया के संयुक्त विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. नोर आसिदी मत के साथ जीयू के इंजीनियरिंग विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की लैब, क्लास रूम एवं प्रयोगशाला का निरक्षण किया। उन्होंने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट में कोरोना महामारी जैसे संक्रामक रोगों की पहचान के लिए ऑटो इंटेलिजेंस सिस्टम तैयार किया जाएगा, ताकि संक्रामक रोगों की जांच के लिए रोगियों के सम्पर्क में आए बिना ही तुरंत जांच की जा सके। इसके लिए एक्स-रे मशीन के डिजिटल एक्स-रे के साथ कंप्यूटर में ऑटो इंटेलिजेंस सिस्टम को विकसित किया जायेगा।

इस पूरे सिस्टम को तैयार करने के लिए भारत सरकार के डीएसटी की एसईआरबी एजेंसी से यूआईईटी की शिक्षिका डॉ. रीटा दहिया को यह शोध प्रोजेक्ट मिला है। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यूआईईटी की शिक्षिका डॉ. रीटा दहिया के प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति आएगी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवाओं में अगर तकनीक का इस्तेमाल हो तो महामारी से लड़ने के साथ-साथ देश की स्वास्थ्य सेवाएं और भी बेहतर हो सकती हैं।

## एचसीएस और एलाइड सर्विसेज की परीक्षा को लेकर धारा 144 के निर्देश

**गुरुग्राम** हरियाणा लोक सेवा आयोग हरियाणा सिविल सेवा व अन्य एलाइड सर्विस की 21 मई को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर धारा 144 लगाई गई है। नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन गुरुग्राम ने परीक्षा केंद्र व उसके आसपास की 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लगाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को आयोजित की जा रही यह परीक्षा दो शिफ्ट में करवाई जाएगी।

पहली शिफ्ट के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे व दूसरी शिफ्ट के लिए दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे का समय निर्धारित किया गया है। जिलाधीश हितेश कुमार मीणा ने परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने व दो शिफ्ट में आयोजित की जा रही पूरी परीक्षा प्रक्रिया को नियमानुसार व शांतिपूर्ण ढंग से करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर धारा-144 लगाने के आदेश दिए हैं।

# सेवा भारती ने की जिला एवं नगर के पदाधिकारियों की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेवा** भारती जिला मानेसर की कार्यकारिणी की बैठक गांव वजीरपुर में राम सजन विभाग प्रमुख गुरुग्राम महानगर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सह कारवां एवं विभाग प्रमुख महिला संध्या, जिला अध्यक्ष मानेसर राजेश चौहान का सानिध्य रहा।

बैठक में जिला एवं नगर के दायित्वों की घोषणा की गई। बताया गया कि सेवा भारती जिला मानेसर में अशोक को जिला संरक्षक का दायित्व दिया गया है। वजीरपुर निवासी राजेश चौहान को फिर से मानेसर जिला अध्यक्ष, लेखराज निवासी सोहना को जिला उपाध्यक्ष, मनोज चौहान निवासी वजीरपुर को जिला सचिव, राजेंद्र निवासी पटौदी को जिला सामाजिक आयाम प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा गुलशन खेत्रपाल को स्वावलंबन आयाम प्रमुख, धर्मवीर को मानेसर नगर की


गुरुग्राम के वजीरपुर गांव में सेवा भारती की मानेसर जिला की कार्यकारिणी बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

कार्यकारिणी के संरक्षण का दायित्व दिया गया। जयभगवान को मानेसर के अध्यक्ष का, राजेंद्र नेगी को मानेसर के सचिव का, राकेश कौल को मानेसर नगर के सह-सचिव का, डाक्टर प्रेमपाल को मानेसर नगर के स्वास्थ्य आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया।

सुमीता को मानेसर नगर के स्वावलंबन आयाम प्रमुख का, राज सोनी को सामाजिक आयाम प्रमुख, डाक्टर रमन को सेवा भारती गोविंद नगर के अध्यक्ष, राहुल सोनी को सचिव, अशोक बंसल को कोषाध्यक्ष, शिखा अग्रवाल को शिक्षा आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया। सेवा भारती पटौदी नगर में नरेंद्र यादव को फिर से संरक्षक का, सतपाल चौहान को फिर से अध्यक्ष, गौरव शर्मा को उपाध्यक्ष, कप्तान करमवीर को सचिव, दिनेश जैन को कोषाध्यक्ष, अशोक चौहान को प्रचार प्रमुख का दायित्व दिया गया।

मेहर चंद को शिक्षा आयाम प्रमुख, शिव कुमार गुप्ता को स्वावलंबन आयाम प्रमुख, प्रेमचंद सैनी को स्वास्थ्य आयाम प्रमुख तथा उमेश अग्रवाल को सामाजिक आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया है।

## 18 मई को भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक शक्ति केंद्र प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम भी होगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में 18 मई को भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पर जिला कार्यकारिणी की बैठक एवं शक्ति केंद्र प्रमुखों का प्रशिक्षण होगा।

इसमें प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ोली मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि जिला कार्यकारिणी बैठक में सभी जिले में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, विभाग एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सहसंयोजक, प्रदेश में विशेष आमंत्रित सदस्य, मेयर, डिप्टी मेयर, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, एवं महामंत्री, विभाग एवं प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सह-


गार्गी कक्कड़।

संयोजक, सभी मंडलों के अध्यक्ष, भाजपा के परिषद के चेयरमैन, जिला पार्षद, निगम पार्षद, बैठक में उपस्थित रहेंगे।

जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव के मुताबिक शक्ति केंद्र प्रमुख प्रशिक्षण शिविर में जिले के सभी 281 शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहेंगे। आगामी कार्यक्रमों में इसी सप्ताह मंडलों की मंडल कार्यकारिणी में मंडलों में पड़ने वाले भाजपा के नगर पालिका के चेयरमैन एवं पार्षद, नगर परिषद के चेयरमैन एवं पार्षद, ब्लॉक समिति मेंबर, पंच, सरपंच, मंडल कार्यकारिणी में उपस्थित रहेंगे।

# हमें अपनी सनातन संस्कृति से विमुख नहीं होना

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**मंगलवार** को सुचेता मेमोरियल स्कूल सेक्टर-5 के प्रांगण में समाजसेवी बोधराज सीकरी के द्वारा लिए गए संकल्प के तहत उनकी अगुवाई में निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. सर्वेश सतीजा एवं कार्यकारी निदेशक प्रीतिका सतीजा की अध्यक्षता में विद्यालय के प्रांगण में विद्या प्रारंभ समारोह एवं सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

बोधराज सीकरी द्वारा जिन बच्चों ने विद्यालय में कक्षा 12वीं एवं 10वी की बोर्ड परीक्षाएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है। उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय में सुंदरकांड का संगीतमय वाचन, गायन वेदप्रकाश शर्मा एवं नरोत्तम शर्मा ने किया। साथ


सुचेता मेमोरियल स्कूल में होनहार बच्चों को सम्मानित करते बोधराज सीकरी।

ही उन्होंने बहुत ही सरल और स्पष्ट रूप से बच्चों को भगवान राम एवं हनुमान के बारे में सुंदरकांड के परिपेक्ष में बताया।

विद्यालय के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ. सर्वेश सतीजा एवं कार्यकारी निदेशक प्रीतिका सतीजा का और वयोवृद्ध बलवंत सतीजा का विशेष योगदान रहा। सभी छात्र, छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ समन्वयक का भी विशेष योगदान रहा।

सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमयी रूप से गजेंद्र गोसाईं द्वारा 11 बार किया गया। बोधराज सीकरी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शुभ संस्कारों से अवगत कराते हुए उन्हें किस तरह जीवन यापन करना है। उन्होंने श्री हनुमान चालीसा एवं तुलसीकृत श्रीरामचरितमानस में छपे प्रसंगों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमें कभी भी अपनी सनातन संस्कृति से विमुख नहीं होना, बल्कि दुनिया में कहीं भी रहते हुए इसको मजबूत बनाना है।

बोधराज सीकरी द्वारा चलाई गई इस मुहिम के तहत 1,47,000 हनुमान चालीसा के पाठ पूरे होने पर खूब तालियां बजीं। इस आयोजन के बाद 158000 पाठ पूरे हो गए। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र खुल्लर, रामलाल ग्रोवर, पंडित भीम दत्त ज्योतिषाचार्य, रविंद्र खुल्लर, गजेंद्र गोसाई, डॉ. अलका शर्मा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओमप्रकाश कालरा, किशोरी लाल डूडेजा उपस्थित रहे।

# पथरेड़ी गांव की शिवानी रही दसवीं में जिला टॉपर


शिवानी। खुशी। कशिश। अभिषेक।

**गुरुग्राम।** मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित किए गए दसवीं कक्षा के नतीजों में गुरुग्राम जिला में छात्रा शिवानी टॉपर रही, वहीं छात्रा खुशी दूसरे नंबर पर आई। शिवानी उच्च शिक्षा लेकर डॉक्टर बनना चाहती है, वहीं खुशी का सपना इंजीनियर बनने का है। शांति निकेतन हाई स्कूल पथरेड़ी स्कूल की छात्रा शिवानी ने 10वीं की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक लेकर जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिवानी के पिता ओमप्रकाश किसान हैं और मां नीरज गृहिणी हैं। शिवानी चार भाई-बहन हैं, जिनमें से वह दूसरे नंबर की है। शिवानी ने बताया कि उसने बिना ट्यूशन के ही 500 में से 485 अंक प्राप्त किया। अब 11वीं कक्षा में वह साइंस संकाय से पढ़ाई करेगी। वह डॉक्टर बनना चाहती हैं। शिवानी ने यह भी बताया कि परीक्षाओं के दौरान वह केवल 3 से 4 घंटे ही सोती थी। शिवानी को हिंदी में 98, इंग्लिश में 99, मैथ में 100, सोशल साइंस में 100, साइंस में 98 और फिजिकल एजुकेशन 96 अंक मिले हैं।

छात्रा खुशी ने हासिल किये 98.6 फीसदी अंक राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वजीराबाद की छात्रा खुशी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में दूसरा स्थान पाया है। खुशी ने भी 11वीं कक्षा में साइंस संकाय में दाखिला लिया है। भविष्य में वह इंजीनियर बनना चाहती है। उसके पिता विष्णु कुमार प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। मां गुड़िया गृहिणी है। खुशी ने बताया कि उसने पढ़ाई सिर्फ स्कूल में ही की। कोई ट्यूशन नहीं लगाया। शिक्षकों की मेहनत से कराई गई पढ़ाई और अपनी मेहनत से उसने 493 अंक हासिल किए हैं। उनके हिंदी में 93 अंक, इंग्लिश में 98, गणित में 100, सोशल स्टडी में 96, साइंस में 99 और फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक आए हैं।

गुरुग्राम जिला में तीसरे नंबर पर दो विद्यार्थी रहे हैं। इसमें छात्रा कशिश व छात्र अभिषेक शामिल है। दसवीं में 491 अंक लेकर तीसरे स्थान पर आई छात्रा कशिश 11वीं में नॉन मेडिकल से पढ़ाई करना चाहती है। वह एनडीएम में जाना चाहती है। उसके हिंदी में 97, अंग्रेजी में 99, ग ?णित में 100, सामाजिक विज्ञान में 95, विज्ञान में 100 व फिजिकल एजुकेशन में 88 अंक आए हैं। कुल 98.2 फीसदी अंक उसने हासिल किए हैं। उनके पिता पूर्णमल किसान हैं तो मां इंटू गृहिणी हैं। कशिश की सफलता पर एमडी हाई स्कूल डाबोढ़ा की प्रधानाचार्या शर्मिला यादव, गणित शिक्षक रिषभ सहित अन्य शिक्षकों ने खुशी जताई।

वैज्ञानिक बनना चाहता है अभिषेक 10वीं कक्षा में 491 लेकर जिला में तीसरे स्थान पर आया अभिषेक गुप्ताा वैज्ञानिक बनना चाहता है। अभिषेक 11वीं कक्षा में नॉन मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। उसने हिंदी में 86, अंग्रेजी में 95, गणित में 100, सामाजिक विज्ञान में 97, विज्ञान में 99 व कंप्यूटर विषय में 100 अंक प्राप्त किए हैं। कुल 98.2 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र अभिषेक के पिता बिमलेश कुमार गुप्ता एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। माता नीलम गृहिणी हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने छात्र अभिषेक को बधाई दी है।

## वी फाउंडेशन का गुरुशाला समर कैंप 2023 गर्मियों की छुट्टियों में स्कूली बच्चों को सर्जनशील गतिविधियों में व्यस्त रखने का अनूठा अवसर!

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**गर्मियों** की छुट्टियां यानी एक ऐसी लंबी अवधि जब भारत के 25 करोड़ से भी ज़्यादा स्कूली बच्चों को होमवर्क और परीक्षाओं से राहत मिलती है। लेकिन उनके माता-पिता के लिए गर्मियों की छुट्टियां एक कसौटी की तरह होती हैं। छुट्टियों में बच्चों को व्यस्त कैसे रखें? बच्चों को मजा आए और उनकी सोच, क्षमताओं को बढ़ावा भी मिले ऐसी कौनसी एक्टिविटीज हैं? ऐसे कई सवाल उन्हें सताते रहते हैं। इस वर्ष, गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने और गर्मियों को मज़ेदार और यादगार बनाने में मदद करने के लिए, वी की सीएसआर शाखा वी फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के लिए ऑनलाइन 'गुरुशाला समर कैंप 2023' का आयोजन किया है और उसमें हिस्सा लेने के लिए भारत भर के बच्चों को आमंत्रित किया है। यह कैंप 30 जून 2023 तक कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए सप्ताह के तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच चलाया जा रहा है।

भारत में कही से भी छात्र गुरुशाला समर कैंप में निःशुल्क भाग ले सकते हैं और विशेषज्ञों द्वारा आयोजित मजेदार और इंटरैक्टिव सत्रों का लाभ उठा सकते हैं। कैंप के सत्रों में 'डू इट योरसेल्फ' है जहां बच्चे अपनी चित्रकला और हस्तकला के जरिए अपनी रचनात्मकता को व्यक्त कर सकते हैं। 'थिएटर' सत्रों के माध्यम से, छात्र एक सुरक्षित और सहायक वातावरण में चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिदृश्यों और कमजोर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली तकनीक सीख सकते हैं। 'फिटनेस विद फन' सत्र में नृत्य, जुंबा और योग जैसी गतिविधियां शामिल हैं जो छात्रों को कसरत करने और छुट्टियों के दौरान सक्रिय रहने में मदद करेंगी। 'सेल्फ-डिफेन्स' में गुरुशाला के छात्रों को स्वयं की रक्षा की तकनीक सिखाई जाएगी, जबकि 'हेल्थ एंड हाइजीन' में आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पर बच्चों में जागरूकता पैदा की जाएगी। कैंप के आखिर में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, असाधारण प्रतिभा दिखाने वाले छात्रों को आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा।

गुरुशाला समर कैंप 2023 के लिए पंजीकरण की लिंक :

https://gurushala.co/pages/SummerCamp2023 गुरुशाला ज्ञान के आदानप्रदान का मंच है, जहां हज़ारों शिक्षक और छात्र कही से भी और कभी भी सीखने और विकास के लिए सामग्री अपलोड और एक्सेस कर सकते हैं। देश भर में गुरुशाला के 5 लाख से ज़्यादा पंजीकृत यूज़र्स हैं।

# ग्राम पंचायतों को पर्यटन केन्द्र बनाने की जल्द होगी कवायद शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पंचायत** विभाग ग्राम पंचायतों की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गांवों को पर्यटन केन्द्र के रूप देगा। जिससे पर्यटक गांवों में जाकर ग्रामीणों का रहन-सहन से लेकर उनके द्वारा खेत से लेकर घर आंगन में की जाने वाली कड़ी मेहनत को देख सकेंगे। जल्द ही गांवों को पर्यटन केन्द्र देने की कवायद शुरू होगी। जिससे ग्रामीणों को अपने की घर में रोजगार मिलना शुरू हो जाएगा।

खंड की ग्राम पंचायतों को पर्यटन स्थल के रुप में विकासित करने की कवायद बहुत ही जल्द शुरू होगी। सोहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतें एनसीआर क्षेत्र से सटी है। जहां पर दिल्ली, गाजियाबाद, नोएड़ा और देश के अन्य शहरों से नागरिक देखने के लिए आएंगे। जिससे ग्राम पंचायतों की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। मॉर्डन गांवों में आने वाले पर्यटकों से आय होगी। इसके साथ-साथ शहरी


सोहना के बीडीपीओ हितेश कुमार।

क्षेत्र और सोसायटी की बहुमंजिला टॉवरों में रहने वाले नागरिकों को गांव के रितिरिवाज से लेकर उनका रहन सहन आदि आकर्षण का केन्द्र होगा।

**पर्यटकों को मिलेंगे पौष्टिक व गुणकारी व्यंजन :** जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्रों को देखते-देखते पर्यटक उब गया है। शहरी पर्यटकों के लिए गांव देहात का रहन-सहन देखना बहुत ही अच्छा लगेगा। गांवों में बनने वाला शुद्ध भोजन, अपने खेत खलिया पर उगाई गई सब्जियों पौष्टिक व गुणकारी सब्जियों का जायका ही अलगा होगा।

**ग्रामीणों को रोजगार :** जिस भी गांव को पर्यटन केन्द्र का रुप दिया जाएगा। वहा के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध होगा। ग्रामीण अपने खेत में हरियाली बनाकर आकर्षण के केन्द्र बना सकता है। ग्रामीण महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाकर पर्यटकों को खिलाने से आय के स्त्रोत बना सकेंगी। बेराजगार युवाओं को अपनी आजीविका कामने का अवसर मिलेगा। सोहना खंड में ग्राम पंचायतों को विकसिक करने में पहले से ही प्रणम मुखर्जी फाउंडेशन काम कर रही है। गांव को पर्यटन केन्द्र बनाने की शुरुआत भी फाउंडेशन द्वारा गोद ली गई ग्राम पंचायतों से की जाएगी। जिनका जल्द ही चयन कर लिया जाएगा।

**( हितेश कुमार-बीडीपीओ सोहना )**

# देहरादून में कॉलेज देखो सारथी एडमिशन फेयर 20-21 मई को

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद उच्च शिक्षा प्रदाता कॉलेजदेखो ने 12वीं में पास छात्रों के लिए देश के जाने माने कॉलेजो में अपने पसंदीदा कोर्स करने के लिए कॉलेजदेखो सारथी मेगा एडमिशन 20 और 21 मई को होटल सैफरन लीफ, देहरादून में आयोजन करने जा रहा है।

मेले के दौरान कॉलेजदेखो के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर अभिनव उपाध्याय ने ज़िले के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मैडल और सर्टिफिकेट दिए गए। छात्रों ने परीक्षा की तैयारी और करियर के बारे में अन्य छात्रों के साथ बातचीत की। अभिनव ने आगरा के छात्रों को करियर के बारे में मुख्य सलाह भी दी। देश भर के 52000 से अधिक कॉलेजों में एडमिशन के लिए छात्रों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कॉलेज देखो हर सामाजिक-आर्थिक वर्ग एवं हर अकादमिक बैकग्राउंड से जुड़े छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए




तत्पर है। इस मेले के दौरान ऑन स्पॉट काउन्सलिंग सत्र भी आयोजित किए जायेंगे।

जहां इंजीनियरिंग, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, मैनेजमेन्ट, फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, कॉमर्स, एग्रीकल्चर आदि सभी विषयों में कोर्सेज को कवर किया गया। रूचिर अरोड़ा, सीईओ, कॉलेज देखो ने बताया कि 'कॉलेज देखो देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाना चाहते हैं, हमारा मानना है कि सभी छात्रों को करियर के लिए पेशेवर मार्गदर्शन मिलना चाहिए। हम तकनीक एवं जन संपर्क के साथ छात्रों की हर समस्या को हल करने के लिए तत्पर हैं।'

इससे पूर्व यह मेगा एडमिशन आगरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को छात्रों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। मेले के दौरान छात्रों को उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने और करियर की संभावनाओं के बारे में तकनीक उन्मुख मार्गदर्शन पाने का मौका मिला।

# इंग्लैंड की संसद में भारतीय कंपनी को मोस्ट प्रोमिनेंट हेल्थ एंड वेलनेस प्रोडेक्ट कंपनी का अवार्ड

**गुरुग्राम।** दिल्ली-एनसीआर बेस्ड भारतीय डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एडब्ल्यूपीएल को इंग्लैंड की संसद में मोस्ट प्रोमिनेंट हेल्थ एंड वेलनेस प्रोडेक्ट कंपनी ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। एनसीआर के औद्योगिक और स्वास्थ्य क्षेत्र के लोगों ने इस र खुशी जाहिर की है। इसे आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ते



भारत के लिए शुभ संकेत बताया है। यह सम्मान एशियन यूके बिजनेस मीट एंड अवार्ड समारोह में एडब्ल्यूपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव कुमार को दिया गया। यह अवार्ड हेल्थ क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए दिया गया। संजीव कुमार ने इस अवार्ड को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को समर्पित किया है। स्वदेश लौटे संजीव कुमार ने कहा कि पहले लोग डायरेक्टर सेलिंग कंपनियों से जुड़ते हुए झिझकते थे। एडब्ल्यूपीएल में देशभर के लाखों लोगों ने विश्वास जताकर बता दिया है कि सही दिशा और संकल्प हो तो डायरेक्ट सेलिंग का क्षेत्र युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का बड़ा माध्यम बन सकता है। हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि यह बड़ी बात है कि एनसीआर बेस कंपनी को यूके की संसद में रखे गए अवार्ड समारोह में इतना बड़ा सम्मान दिया गया है। हरियाणा गोसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन एवं सागर एफआरपी इंडस्ट्री के पूरन यादव ने संजीव कुमार की हेल्थ के क्षेत्र में इस उपलब्धि को आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से बड़ा बताया। हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने भी संजीव कुमार को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक अग्रसैनिक बताया और उम्मीद जताई कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में वे और भी बेहतर कार्य करेंगे।

## लावा ने कवर्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ अग्नि-2 को 19,999 रुपये की कीमत पर बाजार में उतारा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लावा** मोबाइल्स ने आज बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी और वर्ल्ड क्लास फीचर्स वाले अपने 5 प्रतिशत स्मार्टफोन, अग्नि-2 को लॉन्च किया, जो स्मार्टफोन खरीदने वाले मध्यवर्गीय ग्राहकों को भारत में बने स्मार्टफोन का शानदार विकल्प प्रदान करता है। अग्नि-2 5 प्रतिशत सही मायने में लावा का सर्वगुण संपन्न स्मार्टफोन है जिसमें बिल्कुल नया व दमदार चिपसेट लगाया गया है, साथ ही कई फीचर्स तो इस सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए हैं।

यह मीडियाटेक के नवीनतम डायमेंसिटी 7050 प्रोसेसर द्वारा संचालित भारत का पहला स्मार्टफोन है, जो तेज रफ्तार से गेम खेलने और ऐप चलाने का अनुभव प्रदान करता है, और इसी वजह से यह स्मार्टफोन भीड़ में सबसे आगे है। इस मौके पर लावा इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड सुनील रैना ने कहा, अग्नि-2 5 प्रतिशत, द इंडियन फायर पावर सही मायने में स्मार्टफोन उद्योग में भारतीय इंजीनियरिंग की काबिलियत को दर्शाता है। इसे 20 हजार रुपये तक की कीमत वाले




स्मार्टफोन खरीदने के इच्छुक भारतीय ग्राहकों की जरूरतों और उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। हम अग्नि को एक ऐसा प्रोडक्ट बनाना चाहते हैं, जो पूरी दुनिया में यह दिखा सके कि भारत की तकनीक कितनी दमदार है। इसके वर्ल्ड क्लास फीचर्स सही मायने में भारतीय स्मार्टफोन के बारे में आपकी सोच को बदल देंगी। इसकी कीमत 21,999 रुपये है। अग्नि-2 स्मार्टफोन 24 मई, 2023 से amazon.in पर उपलब्ध होगा, जिसमें सभी प्रमुख क्रेडिट और डेबिट कार्डों पर 2000 रुपये की फ्लैट छूट दी जाएगी, जिसके बाद इसकी शुरुआती कीमत 19,999 रुपये होगी। मीडियाटेक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, अंकु जैन ने कहा, मीडियाटेक डायमेंसिटी 7050 गेमिंग का एकदम सहज अनुभव, पावर के शानदार तरीके से उपयोग, एआई-कैमरा एन्हांसमेंट, इंटेलिजेंट परफॉर्मेंस तथा लंबे गेमिंग सेशन के लिए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा, लावा अग्नि-2 5 प्रतिशत मीडियाटेक डायमेंसिटी 7050 द्वारा संचालित भारत का पहला स्मार्टफोन है, जिसमें मीडियाटेक 5त्र अल्ट्रासेव, स्ट्रीमिंग करने वाले लोगों के लिए दमदार मिराविजन 4K HDR वीडियो प्रोसेसिंग, पलक झपकते ही रिस्पांस देने की क्षमता, हाई-रिजॉल्यूशन डिस्प्ले के साथ-साथ गेमिंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हायमीडियाटेक हाइपरइंजिन जैसी सुविधाओं को शामिल किया गया है। हम कामयाबी की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और भविष्य में बेहद फायदेमंद सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।'' अग्नि 2 अपने 6.78-इंच के FHD+ स्क्रीन तथा 120 ।।5 के रिफ्रेश रेट के साथ सबसे बड़ा और इस सेगमेंट में सबसे बेहतर कवर्ड एमोलेड डिस्प्ले प्रदान करता है।

# फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

### डीसी विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ संबंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर सख्त कार्रवाई करें। इस कार्य की निगरानी के लिए रोजाना गश्त कर समीक्षा करके उसकी प्रगति रिपोर्ट भी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय में प्रस्तुत करें।

डीसी मंगलवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की मासिक समीक्षा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरतें। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं, वहां पर त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें।


डीसी विक्रम सिंह बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

डीसी ने विभाग वार एक एक करके अवैध खनन क्षेत्रों के अलावा पाली व मोहब्ताबाद क्रेशर जोनों की समीक्षा करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं जिला टास्क फोर्स की बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा करके विभाग वार अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में समीक्षा कर प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए।

वहीं क्रशर जोन व रेत के अवैध लाइसेंसों की निगरानी बारे समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि प्रदेश में छह पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये जिला मुख्यालय को जरूर दें। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और दिल्ली तथा नोएडा सहित पड़ोसी प्रांतों से अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्रवाई करें। डीसी ने जिला टास्क फोर्स के लिए खनन विभाग, आरटीए, वन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी जिला व मुख्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण जरूर करें। जिला में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकद्दमें दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़े जाने तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व खनिज की रॉयल्टी और जुर्माना राशि के रूप में उनसे जुर्माने की वसूली की धनराशि बारे विस्तृत जानकारी दी जाए। बैठक में जिला वन एसडीएम फरीदाबाद परमजीत सिंह चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद व आरटीए जितेंद्र गहलोत, जिला खनन अधिकारी कमलेश बिड़लान, प्रदूषण बोर्ड की जिला अधिकारी स्मिता कनोडिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## आशा नन्द सी.से. स्कूल का बारहवीं व दसवीं का परिणाम रहा शानदार



पायानियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी आशा नन्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बारहवीं कक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के चेयनमैन भारत भूषण आर्य व व प्रधानाचार्या अलका आर्या ने इस सफल परीक्षा परिणाम पर स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित स्कूल स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

निखिल जुनेजा ने 83 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, जहीर खान ने 82 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा प्रेम और नेहा भडाना ने 77 प्रतिशत अंक लेकर स्थान प्राप्त किया। रजिया ने 74 प्रतिशत, प्रियांशी ने 71 प्रतिशत, आस्था ने 70 प्रतिशत तथा प्रिया और तुषार ने 69 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने स्कूल, अध्यापकों व अभिभावकों का नाम रोशन किया। शेष सभी विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। वहीं, दूसरी ओर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10वीं कक्षा का परिक्षा परिणाम अति सराहनीय रहा।

स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण आर्या एवं प्रधानाचार्या अल्का आर्या ने इस स्कूल के सफल परीक्षा परिणाम पर छात्र-छात्राओं सहित स्कूल के स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इंद्रजीत नें 81 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, सिमरन ने 79त्न दुसरा तथा करीना कश्यम ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय मे तीसरा स्थान प्राप्त किया।

हरिओम 71 प्रतिशत, माही, 77 प्रतिशत, मनप्रीत 75 प्रतिशत, परी 74 प्रतिशत, आयूष 69 प्रतिशत, कोमल 68 प्रतिशत, लाइबा 68, देव, 67 प्रतिशत, तरीषास 67, स्नेहा 64 प्रतिशत अंक पाकर विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों का मान बढ़ाया।

## आओ सहयोग करें कार्यक्रम रहा सफल



### फोरम के महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने एक वर्ष की उपलब्धियां गिनवाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ऑल** इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई द्वारा आयोजित आओ सहयोग करें, कार्यक्रम उद्यामियों के लिए बेहद सफल रहा। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्थान फरीदाबाद के ऑडिटोरियम में किया गया। फोरम के 52 उद्यमी सदस्यों ने भाग लिया तथा 142 सदस्यों ने विजिट किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों का आपसी परिचय करवाकर उनके पारस्परिक व्यापार में वृद्धि करवाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के क्षेत्रीय निदेशक राकेश सूरज थे। बिजनेस और इंडस्ट्री विंग ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बहन ऊषा दीदी कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थीं। फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। फोरम के महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने एक वर्ष की उपलब्धियां गिनवाई और वीडियो फिल्म द्वारा भी प्रदर्शित किया। नेशनल डायरेक्टर केके गोयल, नरेश गोयल व रामचंद्र चौधरी रोडमैप विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौरव चंडोक, धर्मेंद्र केडिया, नवीन बंसल, मनीष मल्होत्रा, जगदीश चंद्र, संदीप नागर, अनिल चौहान, प्रदीप झांब, अरुण अरोड़ा, रफी मोहम्मद सैफी, जितेंद्र शाह आदि उपस्थित थे। उपाध्यक्ष आरडी वर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

## जीवन ज्योति स्कूल की छात्रा अंजली ने 476 अंकों लेकर दूसरा स्थान पाया



**पलवल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जीवन ज्योति स्कूल पलवल ने एक बार फिर शहरी क्षेत्र में अपना नाम अंक तालिका में दर्ज कराया है। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेंद्र गहलौत ने बताया कि स्कूल की छात्रा अंजली ने विज्ञान संकाय की नॉन-मेडिकल में 476 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा प्राप्त किया है। वहीं मेडिकल संकाय से राहुल ने 473 अंक, कॉमर्स संकाय से पायल ने 475 अंक, विशाल लोधी 471 अंक तथा कला संकाय से मोनिका ने 473 अंक प्राप्त कर जिले में स्कूल का नाम रोशन किया। प्रबंधक ने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों तथा विद्यालय के अध्यापकों को बधाई दी तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भी जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स की छात्रा यशवी ने 494 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम तथा सम्पूर्ण भारत में सातवां स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 95 प्रतिशत से अधिक छात्र आठ, 90 प्रतिशत से अधिक 22, 85 प्रतिशत से अधिक 32, 80 प्रतिशत से अधिक 41 है। वहीं छात्रों की विषयावार अंकतालिका गृहविज्ञान 100 अंक, गणित 99 अंक, शारीरिक शिक्षा 99 अंक, ललित कला 99 अंक, हिंदी 98 अंक, कंप्यूटर 98 अंक, इतिहास 98 अंक, अंग्रेजी 98 अंक, कैमेस्ट्री 98 अंक, अर्थशास्त्र 98 अंक, फिजिक्स 97 अंक, जीव विज्ञान 97 अंक है। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत ने छात्रों, उनके अभिभावकों तथा स्कूल के सभी प्रधानाचार्यों तथा अध्यापकों को अच्छे परिणाम की शुभकामना दीं तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## बीएन मॉडल स्कूल का बारहवीं का परिणाम रहा शानदार





**पलवल।** बारहवीं कक्षा के हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में प्रकाश विहार स्थित बीएन मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के छात्र चमन कुमार 456 अंक लेकर प्रथम, कुमारी अल्फिया ने 451 अंक लेकर द्वितीय तथा प्रिंस ने 448 अंक लेकर तृतीय स्थान व 25 बच्चों में मेरिट में स्थान पाया। इस अवसर पर चेयरमैन दिनेश शर्मा ने सीनियर विंग संचालक अभिनव गुप्ता को बधाई दी तथा भविष्य में और शानदार रिजल्ट आने की कामना की। अभिनव गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष का रिजल्ट मिलाजुला रहा। जिसमें कई विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा कुछ विद्यार्थियों के कम नंबर भी आए, क्योंकि यह इस वर्ष का बैच कोरोना काल में बिना परीक्षा दिए दसवीं पास हुआ था और बोर्ड परीक्षाओं के लिए इन विद्यार्थियों का पहला अनुभव था।

## बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित सीनियर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम में बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 38 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में छात्रा कोमल ने 97 प्रतिशत, आदित्य ने 93 प्रतिशत, कपिल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कॉमर्स संकाय में वंश जैन ने 95 प्रतिशत, देवांशी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

कला संकाय में खुशी ने 96 प्रतिशत, ध्रुव हंस ने 95 प्रतिशत, हर्षिता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। छात्र वंश जैन ने अकाउंट में 100/100, अर्थशास्त्र में 100/100 अंक प्राप्त किये। देवांशी ने अर्थशास्त्र




में 100/100 अंक प्राप्त किये। खुशी ने इतिहास में 100/100 अंक प्राप्त किये। युधिष्ठिर ने शारीरिक शिक्षा में 100/100 अंक प्राप्त किये। स्कूल के छात्रों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले में अपना सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष एवं वाइस प्रेसिडेंट जितेश कौशिष ने सभी छात्रों को फूलमाला पहनाई व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। प्रेसिडेंट दिनेश भारद्वाज ने जिन अध्यापकों के विषय में छात्रों ने 100/100 अंक प्राप्त किये, उन अध्यापकों को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकायों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी पास होने वाले विद्यार्थियों और उनके अविभावकों को बधाई दी।

## ओपी चौटाला 20 मई को कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**फरीदाबाद।** इनेलो के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि 20 मई को पार्टी सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। देवेंद्र चौहान सहित इनेलो के अन्य नेताओं ने मंगलवार को सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह के वंशज सुनील तेवतिया के राजा नहर सिंह महल में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के विधायक अभय चौटाला की पदयात्रा को पूरे प्रदेश में जन समर्थन मिल रहा है। पदयात्रा के दौरान प्रदेश सरकार की नाकामियों का भी खुलासा हुआ है। बीजेपी सरकार के विकास की पोल खुलती दिखाई पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल टीचरों की व्यवस्था नहीं है, कोई भी सड़क ऐसी नहीं जो टूटी न हो।

## सोनम मिस फेयरवेल व सोहिल मिस्टर फेयरवेल बने

### एनजीएफ इंजीनियरिंग कॉलेज ने हुआ विदाई समारोह का आयोजन

पायनियर समायार सेवा। फरीदाबाद

**खिलखिलाते** चेहरे और बेहतरीन भविष्य की कामना के साथ पलवल के प्रतिष्ठित संस्थान एनजीएफ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के संकाय विभाग के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन 7 डेज फरीदाबाद में किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सीईओ अश्विनी प्रभाकर, उप निदेशक डॉ मनप्रीत कौर, सीएफओ राजेश प्रभाकर, रेडियो निदेशक दीप्ति शाह, डीन अकादमिक डॉ कुलदीप तोमर, डीन यूनिवर्सिटी अफेयर्स डॉ. विनोद शर्मा, डीन डिग्री कॉलेज डॉ. नेहा, मैनेजमेंट विभाग के सभी शिक्षण की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। सीईओ अश्विनी प्रभाकर ने कहा कि इस तरह



के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। विद्यार्थियों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, सोलो सांग आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रैंपवॉक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में नए विद्यार्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए निर्णायक मंडल ने इस साल के मिस्टर फेयरवेल सोहिल और मिस फेयरवेल सोनम, मिस्टर इवनिंग हर्ष आनंद, मिस इवनिंग मीनाक्षी, मिस्टर पर्सनेलिटी चिराग, मिस पर्सनेलिटी पूजा, मिस्टर टैलेंटेड समंदर, मिस टैलेंटेड नेहा को चुना। वहीं एमबीए में मिस्टर फेयरवेल तुषार और मिस फेयरवेल शीतल, मिस्टर इवनिंग मंसूर अहमद, मिस इवनिंग सिमरन, मिस्टर पर्सनेलिटी निखिल, मिस पर्सनेलिटी पूनम, मिस्टर टैलेंटेड निशांत, मिस टैलेंटेड मुस्कान का खिताब जीता। कार्यक्रम का संचालन तनु, हिमानी, सृष्टि और मंजू ने किया। डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मनप्रीत कौर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और सभी कॉर्डिनेटर व प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य को कामना की।

## वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर लोटे युवराज को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** दिल्ली में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे गांव धौज निवासी युवराज पुत्र मुकेश जांगिड़ का मंगलवार को टीम विजय प्रताप ने सम्मानित किया। टीम विजय प्रताप के सदस्य एवं युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राहुल सरदाना ने कहा की युवराज जांगिड़ ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर फरीदाबाद का नाम रोशन किया है।

गांव धौज़ के युवराज जांगिड़ बेहतरीन प्रतिभाशाली युवा हैं और हमें उम्मीद है भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का पटका लहराएंगे। उन्होंने युवराज के पिता मुकेश जांगिड़ और उनकी माता को बेटे को इसी तरह सपोर्ट करने और खेलों में बेहतरीन प्रस्तुति देने पर शुभकामना दी और कहा कि निश्चित रूप से यह परिवार के लिए गौरव की बात है। परिवार ने कहा कि युवराज बेहद होनहार हैं।

## डेंगू दिवस पर रैली निकालकर किया जागरूक




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. राम भगत के निर्देशन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने रैली के माध्यम से लोगों से आग्रह किया कि डेंगू बुखार को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।

डेंगू एक मच्छर जनित विषाणु जनित रोग है, जिसका समय पर उपचार न किया जाए तो यह घातक हो सकता है। हर साल, हम मानसून के मौसम में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखते हैं और इसे फैलने से रोकना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है। उन्होंने बताया कि आप अपने घरों में और आसपास मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करने के उपाय करें। यह सुनिश्चित करें कि बर्तनों, कंटेनरों और अन्य वस्तुओं में पानी नहीं रुका है, क्योंकि ये मच्छरों के लिए आदर्श प्रजनन स्थल हैं।

मच्छरों के काटने से बचने के लिए आप मच्छरदानी, रिपेलेंट्स का भी इस्तेमाल कर सकते हैं और लंबी बाजू के कपड़े पहन सकते हैं। यदि आप तेज बुखार, गंभीर सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, दाने और थकान जैसे लक्षणों का अनुभव करते हैं तो तुरंत चिकित्सा सहायता लें। शुरुआती पहचान और उपचार से जान बचाई जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दीप स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**पलवल।** हर वर्ष की भांति इस बार भी दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, असावटी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के छात्र यश पुत्र कृष्ण ने 12वी साइंस में 500 में से 480 अंक प्राप्त करके अपने स्कूल, गांव और जिले का नाम रोशन किया। स्कूल में 12वीं कक्षा के कुल 47 छात्र थे, जिनमें से चार छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 15 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

### मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में मारी बाजी



**फरीदाबाद।** बसेलवा कॉलोनी स्थित मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों ने बोर्ड की कक्षा दसवीं में स्वर्णिम प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रों ने मेरिट और प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। विद्यालय के मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने बताया कि पीयूष गुप्ता ने 462/500 अंक लेकर पहला स्थान, करिश्मा ने 449/500 अंक ले कर दूसरा, सुनिधि ने 447/500 अंक लेकर तीसरा, दीपक ने 435/500 अंक लेकर चौथा प्राप्त किया। मनीष गौतम ने बताया कि विषयवार गणित में 100/100, विज्ञान में 94/100, स्वास्थ्य एवं शारीरिक विज्ञान में 94/100, इंग्लिश में 91/100, सामाजिक विज्ञान में 89/100 एवं हिंदी में 89/100 अधिकतम अंक बच्चों ने लिए। मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि ये आप सभी का सहयोग है कि बच्चे बोर्ड की परीक्षा में इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाए। परीक्षा परिणाम के समय ऋतु गौतम के साथ, ललित कुमार झा, मीनू गौतम, रीना आदि उपस्थित रहे।

### असुरक्षित बिजली ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने का काम शुरू

**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली बोर्ड ने मानव अधिकार आयोग के निर्देश पर संज्ञान लेते हुए फरीदाबाद के असुरक्षित बिजली ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने का काम शुरू कर दिया है। फरीदाबाद के शिकायतकर्ता ने आयोग को शिकायत दी थी, जिसमें कहा था कि फरीदाबाद में बहुत सारे बिजली के ट्रांसफार्मर असुरक्षित ढंग से जमीन पर लगे हैं। बरसात के समय उनसे कई बार करंट लगने की घटनाएं होती हैं और इससे बहुत लोगों को जान माल का नुकसान हो चुका है। मामले का संज्ञान लेते हुए हरियाणा मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष दीप भाटिया द्वारा इस बावत दक्षिण हरियाणा बिजली बोर्ड को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए थे। जिस पर संबंधित बिजली विभाग ने आयोग को बताया कि फरीदाबाद के एनआईटी क्षेत्र बल्लभगढ़ क्षेत्र में काफी सारा काम कर दिया गया है तथा क्षेत्र के बचे हुए लगभग 100 ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। आयोग के दखल के बाद मानवीय जीवन की रक्षा के लिए डीएचबीवीएन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और कार्य को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि असुक्षित बिजली ट्रांसफार्मरों की वजह से लोगों को जान माल को नुकसान होता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। इनकी वजह से लोगों की जान भी जा चुकी है। जिसे देखते हुए शिकायतकर्ता ने आयोग को पत्र लिखा था, जिस पर आयोग ने संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं।

### प्रदेश प्रभारी से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे विधायक राजेश नागर



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने दिल्ली में हरियाणा प्रदेश भाजपा प्रभारी बिप्लव देब से शिष्टाचार मुलाकात की। नागर ने देब का अभिवादन कर आशीर्वाद लिया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि बिप्लव देब किसी कार्यकर्ता से एक बार मिल लेते हैं तो फिर नहीं भूलते। वह इस प्रकार प्रदेश के ही हजारों कार्यकर्ताओं को उनके नाम से पहचानते हैं और उनके गुणों को भी जानते हैं। नागर ने कहा कि नेताजी के साथ उनकी बड़ी ही आत्मीय मुलाकात रही। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के वर्तमान हालातों पर चर्चा की और भविष्य के मुद्दों पर भी बात हुई। इसके साथ ही नागर ने अपने तिगांव विधानसभा क्षेत्र, यहां के लोगों, राजनैतिक ताना बाना, विकास कार्य, प्रशासनिक कार्यप्रणाली आदि के बारे में भी प्रभारी को बताया। विधायक राजेश नागर ने बिप्लव देब से उनके क्षेत्र में आने की प्रार्थना की। जिस पर उन्होंने जल्द आने की बात कही। नागर ने बताया कि प्रभारी बिप्लव देब के शासकीय अनुभव से हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भी भाजपा सरकार बनने का उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रदेश में सुशासन की बयार बह रही है, जिससे आम हरियाणावासी प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुखिया मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवी एक के मंत्र को अंत्योदय से जोड़कर एक नई राह दिखाई है। जिससे अगले वर्ष होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जीत का दृश्य स्पष्ट हो रहा है।

### आर्य समाज द्वारा किया गया यज्ञ का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की आर्य समाज इकाई द्वारा 17 मई से प्रारंभ हो रही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की स्नातक की परीक्षाओं के शान्तिपूर्ण, सफल एवं कुशल संचालन के निमित्त ईश्वर से कामना के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने सभी प्राध्यापकों को परीक्षाओं में ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आगामी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर यज्ञाचार्य संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा, डॉ अंकिता मोहिंद्रा, कुमुद शर्मा, मीनाक्षी आहूजा, ममता तथा डॉ. योगेश शर्मा आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।

## कर्नाटक का असर

### विपक्षी उत्साहित

**राजनीति** का अर्थ केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि सरकार चलाना भी है। लेकिन विपक्ष शायद यह समझ नहीं रहा है। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की भारी पराजय के बाद विपक्षियों, खासकर महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी-एमवीए में उत्साह भर गया है। उसने छोटी पार्टियों से हाथ मिलाने तथा 2024 के आम चुनाव में भाजपा से एकजुट होकर मुकाबला करने का निर्णय किया है। तीन एमवीए घटक दलों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस तथा शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के सर्वोच्च नेताओं ने रांकापा प्रमुख शरद पवार के आवास पर मुंबई में रविवार को बैठक की। विपक्षी नेता शायद कर्नाटक में विजय जैसी घटना की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे थे और उनको इसकी उम्मीद थी। यह केवल एक बड़े राज्य में भाजपा की पराजय नहीं है, बल्कि इस चुनाव परिणाम से सबक सीखे जा सकते हैं। अनेक विपक्षी नेताओं का मानना है कि समुचित योजना व रणनीति से आगामी राज्य विधानसभाओं व आम चुनाव में ऐसे ही नतीजे प्राप्त किए जा सकते हैं। लेकिन राजनीति केवल चुनाव जीतने नहीं, बल्कि सरकार चलाने का भी नाम है। कांग्रेस को जल्द ही पता चल जाएगा कि असलियत क्या है। कर्नाटक चुनाव जीतने की हड़बड़ी में देश की सबसे पुरानी पार्टी ने आम आदमी पार्टी-आप से 'खैरात' बांटने में यदि आगे निकलने नहीं तो भी मुकाबला करने का प्रयास किया। यह देश की सबसे पुरानी पार्टी को शोभा नहीं देता है। कांग्रेस ने हर परिवार की प्रमुख महिला को 2,000 रुपये महीने तथा बेरोजगार स्नातकों को 3,000 व बेरोजगार



डिप्लोमा धारकों को हर माह दो साल तक 1,500 रुपये देने का वादा किया। इसके साथ ही उसने गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले हर बीपीएल परिवार को हर माह 10 किलो मुफ्त चावल, प्रति परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली तथा राज्य में यात्रा के लिए हर महिला को मुफ्त बस टिकट देने के वादे भी किए हैं। अनुमान है कि इन वादों से कर्नाटक सरकार के खजाने पर हर साल 62,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। यह धनराशि 2022-23 में 60,851 करोड़ रुपये के घाटे से अधिक है। यह घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी का 2.6 प्रतिशत था। यदि राज्य की कांग्रेस सरकार अपने वादे पूरे करने का निर्णय करे तो राज्य का राजकोषीय घाटा 5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। यह वित्त आयोग द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत की सीमा से अधिक होगा। इससे राज्य में जारी राजकोषीय अनुशासन की एक अच्छी प्रवृत्ति उलट जाएगी। पिछले वित्त वर्ष में भाजपा सरकार राजकोषीय घाटे को 2021-22 से कम कर 8,703 करोड़ रुपये पर लाने में सफल हुई थी। इससे राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 2.8 प्रतिशत रह गया था जबकि वित्त वर्ष 23 के बजट अनुमान में इसके 2.82 प्रतिशत रहने की बात कही गई थी। नई सरकार की नीतियों से राज्य में निवेश परिदृश्य प्रभावित होगा जिसके अनेक हानिकारक नतीजे सामने आएंगे। इनमें से कुछ अगले 12 महीने के भीतर, यानी आम चुनाव से पहले दिखने लगेंगे। वैसे भी राजनीतिक अर्थव्यवस्था में ज्यादा लोकरंजकता का प्रवेश भाजपा से मुकाबले का टिकाऊ फार्मूला नहीं हो सकता है। विपक्ष के साथ समस्या यह है कि वह केवल भाजपा को पराजित करने पर ध्यान केन्द्रित करता है, जबकि उसे मतदाताओं के सामने भाजपा की अर्थनीति का उचित विकल्प रखना चाहिए। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 9 साल में देश की जनता के समक्ष लगातार देश की प्रगति एवं विकास का माडल रखा है। यह देश भर में त्वरित ढांचागत संरचना के विकास से स्पष्ट है। विपक्ष को केवल चुनाव जीतने के लिए लोकरंजक नीतियां अपनाने से आगे सोचना चाहिए। 'खैरात' बांटने वाली ऐसी नीतियां देश की अर्थव्यवस्था व भावी पीढ़ियों के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं।

# पाकिस्तान के विघटन का खतरा

**पाकिस्तान में धर्म व नस्ल जनता में विभाजन के औजार की तरह राजनीतिक एजेंडा पूरा करने का माध्यम बन गए थे। इससे पाकिस्तान के विघटन का खतरा बढ़ा है जिसके प्रभावों पर गौर करना चाहिए।**



**दीपक सिन्हा**

(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं।)



आजकल अनेक टीवी चैनलों पर पाकिस्तान में आगजनी व तोड़फोड़ के दृश्य लगातार दिख रहे हैं। हालांकि, अभी यह कहना कठिन है कि जो हमारे सामने आ रहा है, वह पाकिस्तान में घटनाक्रम का प्रारंभ है या अंत। आशंका है कि भविष्य में वहां अराजकता तथा अशांति और तेजी से बढ़ सकती है। हालांकि, वर्तमान युग में दुष्प्रचार व फर्जी खबरों का बोलबाला है, लेकिन इसके बावजूद यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि पाकिस्तान तेजी से पतन की ओर अग्रसर है। यह पुरानी अंग्रेजी कहानी 'हम्प्टी-डम्प्टी' के चरित्रों के गिरने की तरह लगता है। पाकिस्तान में जिस तरह तेजी से गिरावट आ रही है, उसे देखते हुए लगता है कि इमरान, शरीफ, भुट्टो या आसिम एकसाथ मिल कर भी अब उसका पतन रोकने की स्थिति में नहीं होंगे। हम्प्टी-डम्प्टी कहानी की तरह वे सब मिल कर भी पाकिस्तान को पुरानी स्थिति में वापस नहीं ला पाएंगे। हालांकि, पाकिस्तान के इस पतन में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है। हमने पिछले कुछ समय से पाकिस्तान को दीवालिया होते देखा है। वहां मुद्रास्फीति या महंगाई तेजी से बढ़ी है तथा मुद्रा का मूल्य तेजी से गिरा है। इसके कारणों में जलवायु परिवर्तन, कोरोनावायरस वैश्विक महामारी, भयानक भ्रष्टाचार तथा घोर वित्तीय कुप्रबंधन है जिसके कारण अर्थव्यवस्था की स्थिति नितान्त दयनीय हो गई है। वैसे भी पाकिस्तान को लंबे समय से लगातार जारी बड़बोली राजनीति के कारण जाना जाता रहा है। पाकिस्तान में हमेशा विपक्षी दल एक दूसरे का गला काटने पर आमादा रहे तथा सेना उन सबके कंधे पर सवार रही। लेकिन इस बार स्थिति पहले की तुलना में थोड़ी अलग है।

पाकिस्तान में लंबे समय से सेना को संविधान का संरक्षक तथा देश की सबसे मजबूत संस्था माना जाता रहा है। लेकिन इस बार सेना की छवि बुरी तरह खराब हुई है तथा आम जनता भी उसके सर्वोच्च अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप खुलेआम लगा रही है। इन कारणों से आम जनता में पाकिस्तानी सेना का समर्थन तेजी से घटा है और उसकी कतारों में भी मतभेद स्पष्ट रूप से उभर कर सामने आ रहे हैं। वर्तमान समय में अपुष्ट रिपोर्टों के आधार पर सेना के सर्वोच्च स्तर पर गहरे मतभेद उभरे हैं जिससे उसकी एकजुटता व संस्थान के रूप में मजबूती सवालों के घेरे में आ गई है। इसके साथ ही देश में तहरीके तालिबान पाकिस्तान या पाकिस्तानी तालिबान कही जाने वाली टीटीपी के आतंकी हमले बढ़े हैं, देश की जनता का 'उग्रवादीकरण' तेज हुआ है, उसमें कट्टरपन बढ़ा है तथा अनेक प्रांतों में समस्यायें बहुत बढ़ गई हैं।

खासकर बलूचिस्तान में गंभीर अराजकता व राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है। पिछले काफी समय से जैसे तूफान बन रहा था और अब यह भयंकरतम रूप में सामने आ गया है। इन परिस्थितियों में इमरान खान की गिरफ्तारी एक विस्फोटक बिंदु या पुरानी कहावत के अनुसार 'ऊंट की पीठ तोड़ने वाला आखिरी तिनका' सिद्ध हुई है। वैसे हमारे दृष्टिकोण से इमरान खान की गिरफ्तारी को गलत नहीं कहा जा सकता है। पुराने जमाने के आकर्षक, आरामदेह व शानोशौकत की जिन्दगी पसंद करने वाले तथा शानदार क्रिकेटर की छवि वाले इमरान खान कबके गायब हो गए हैं या पूरी तरह बदल गए हैं। उनके स्थान पर अब एक धार्मिक रूप से कट्टर या धर्मांध इमरान खान सामने आए हैं जो एक बार फिर पाकिस्तान का नेतृत्व करने के लिए भारत को अपने रास्ते का एक औजार या सीढ़ी मानते हैं। वे कट्टर भारत-विरोधी की भूमिका निभाने लगे हैं। हालांकि, इमरान खान व उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीके इन्साफ-पीटीआई अत्यधिक लोकप्रिय है। लेकिन सेना की सार्वजनिक रूप से आलोचना कर उन्होंने अपने लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा किया है। इससे न केवल उनकी, बल्कि अन्य सभी पार्टियों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। पाकिस्तान की वर्तमान स्थितियां भारत के लिए भी खतरनाक हो सकती हैं।

हमें इन स्थितियों में किसी प्रकार भी अपनी सावधानी व सतर्कता में जरा भी ढिलाई नहीं आने देनी चाहिए। इन परिस्थितियों में भारत के खिलाफ आतंकी हमलों का खतरा भी बढ़ गया है क्योंकि भारत पर आतंकी हमला कर पाकिस्तान के निहित-स्वार्थी तत्व तथा परस्पर एक दूसरे का गला काटने का प्रयास कर रहे राजनेता व संस्थान इसे जनता का ध्यान हटाने का साधन समझ सकते हैं।

कुछ लोग पाकिस्तान की वर्तमान स्थितियों पर बच्चों की तरह खुश हो रहे हैं। लेकिन हमें ऐसे अतिरेक से बचते हुए पाकिस्तान की वर्तमान घटनाओं से उभरने वाले नतीजों पर गौर कर इनका गंभीरता से विश्लेषण करना चाहिए। कुछ लोगों को चिन्ता है कि नाभिकीय आयुधों से संपन्न हमारे पड़ोसी एक 'विफल राष्ट्र' में अस्थिरता अत्यन्त गंभीर सुरक्षा स्थितियां पैदा कर सकती है। उनका यह सोचना ठीक है क्योंकि वर्तमान स्थितियों में भारत के लिए खतरा बहुत बढ़ गया है। दुर्भाग्य से हम अपनी सीमाओं की और सावधानी से रक्षा करने तथा ज्यादा सावधानी बरतने के अलावा और कुछ खास नहीं कर सकते हैं। हमें पाकिस्तान की स्थितियों से निपटने का काम अमेरिका व चीन जैसी शक्तियों पर छोड़ना होगा जिनका वहां काफी प्रभाव है। सबसे पहले पाकिस्तान के नाभिकीय आयुधों की सुरक्षा पर विचार कर प्रभावी कदम उठाने होंगे। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि अमेरिका और चीन न केवल पाकिस्तान के नाभिकीय देश बनने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहभागी हैं, बल्कि पाकिस्तान में स्थितियां और बिगड़ने पर अमेरिका व चीन की सुरक्षा को भी भारी खतरा पैदा होगा। यदि नाभिकीय आयुधों का नियंत्रण ढीला होता है और वे अराजक या आतंकी तत्वों के हाथों में पड़ जाते हैं तो इससे पैदा भयावह स्थिति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यह स्थिति पाकिस्तान के पड़ोसी देशों के साथ ही सारी दुनिया के लिए खतरनाक हो सकती है।

बांग्लादेश के जन्म ने 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' के ताबूत में आखिरी कील ठोंक दी थी। विश्वास किया जाता है कि जिन्ना द्वारा तैयार व प्रोत्साहित इसी सिद्धान्त पर विश्वास के कारण भारत का विभाजन तथा पाकिस्तान का जन्म हुआ था। पाकिस्तान बनने के बाद से भी यही सिद्धान्त सारी समस्याओं की मुख्य जड़ है। इससे बड़ा झूठ कुछ और नहीं हो सकता है कि जिन्ना वास्तव में अंग्रेजों के मुहरे थे। पूर्व राजनयिक तथा 'द शैडो आफ ग्रेट गेम: द अनटोल्ड स्टोरी आफ इंडियाज़ पार्टीशन' के लेखक नरेन्द्र सरिला ने इस विषय पर विस्तार से विचार किया है। उनके अनुसार भारत का विभाजन केवल एक साधन था जिसके माध्यम से अंग्रेज और अमेरिकन इस क्षेत्र में अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाना चाहते थे। प्रोफेसर एंटोनी कोप्ले ने इस पुस्तक की समीक्षा में कहा है, 'उप-महाद्वीप पर साम्राज्यवादी नियंत्रण स्पष्ट रूप से समाप्त होने के बाद ब्रिटेन की मुख्य चिन्ता फारस और मध्यपूर्व में अपने रणनीतिक हितों की रक्षा था। वह द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत संघ और चीन से किसी खतरे से निपटना चाहता था।

कैबिनेट के युद्ध पश्चात नियोजन कर्मचारियों ने 19 मई, 1945 में चर्चिल को इसकी आवश्यकता बताई थी। 18 अप्रैल, 1946 को ब्रिटिश चीफ्स आफ स्टाफ ने भी यही बात कही थी तथा वावेल व आच्नुक का इसे समर्थन था। पाकिस्तान और विभाजन को एक जवाब की तरह खोजा गया और एटली ने केवल इसका अनुसरण किया। संभवत: 1942 में कांग्रेस के धोखे ने ब्रिटेन की रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए पाकिस्तान को सर्वाधिक महत्वपूर्ण विकल्प बना दिया। इसे ब्रिटेन की रणनीतिक रक्षा आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण मानने के साथ उम्मीद थी कि इसेस भारत को राष्ट्रकुल में शामिल होने के लिए मनाया जा सकेगा। यह सोच भविष्य में बगदाद समझौते और सेंटो की नीव बनी।'

अतीत पर नजर डालें तो इस ब्रिटिश रणनीति के विनाशकारी नतीजे निकले, उनको खतरा बढ़ा तथा अब पाकिस्तान अप्रासांगिक हो रहा है। पाकिस्तान की घटनायें हमारे सामने निकट भविष्य का पूर्वानुमान पेश कर सकती हैं। दु:ख है कि स्वतंत्रता के पश्चात हमारे विकास माडल एक जैसे रहे हैं जिनमें शिक्षा व स्वास्थ्य पर ज्यादा जोर नहीं दिया गया है। हमें पाकिस्तान की घटनाओं से सबक लेते हुए धर्म व नस्ल पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहिए। स्पष्ट रूप से हमें गंभीरता से विचार करते हुए गौर करना चाहिए कि भारत को भविष्य में ऐसी स्थितियों का सामना न करना पड़े जैसा पाकिस्तान आज कर रहा है।

# जीवन में कृतज्ञता का महत्व

" कृतज्ञता एक व्यक्ति द्वारा उत्पन्न ऊर्जा के सबसे शक्तिशाली रूपों में से एक है। "

**साक्षी सेठी**

(लेखिका, एक उपदेशक हैं।)



हर बार जब कोई व्यक्ति किसी को ईमानदारी से धन्यवाद कहता है या उस समय के बारे में सोचता है जब किसी ने संकट में उनकी मदद की या जब वे उदास महसूस कर रहे थे तो उनकी बात सुनी या उन्हें रोने के लिए कंधा देना कृतज्ञता का एक हिस्सा है। कृतज्ञता शब्द अच्छी चीजों को पहचानने और स्वीकार करने का कार्य है, जिसके परिणामस्वरूप प्रशंसा की स्थिति होती है।

यह मन की शांति और अंदर खुशी पाने के लिए मीठे शॉर्टकट में से एक है और प्रशंसा, स्वीकृति और सम्मान का पर्याय है। कृतज्ञता एक व्यक्ति द्वारा उत्पन्न ऊर्जा के सबसे शक्तिशाली रूपों में से एक है। यह जादू जैसा है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिन कैसा चल रहा है, कृतज्ञता के सरल कार्य विचारों, भावनाओं और ऊर्जा को एक पल में ला सकते हैं, जिससे दृष्टिकोण बदल जाता है और सामान्य क्षणों को असाधारण बनाने में मदद मिलती है।

यह जीवन के लिए एक उपकरण है। कृतज्ञता का अभ्यास करने के कई लाभ हैं जैसे कि यह तनाव कम करता है; संबंधों को बढ़ाता है; आत्म-देखभाल में सुधार, अवसाद कम करता है, नींद में सुधार करता है; सहानुभूति बढ़ाता है; डोपामाइन और सेरोटोनिन को बढ़ा देता है; मूड को बढ़ाता है और बहुत कुछ। अनुसंधान से पता चलता है कि आभार सकारात्मकता बढ़ाता है, बेहतर नींद में मदद करता है, आत्मसम्मान में सुधार करता है और तनाव कम करता है। यह बहुतायत के लिए चुंबक की तरह है क्योंकि यह प्रचुरता की ऊर्जा के साथ संरेखित होता है। कृतज्ञता का भलाई से गहरा संबंध है।



कृतज्ञता एनीमेशन के साथ एक छोटी, हल्की-फुल्की कविता की तरह है। आभारी होने से व्यक्ति स्वस्थ और खुश रहेगा। इसे कई तरह से व्यक्त किया जा सकता है। कभी-कभी किसी के कार्यभार को कम करने के लिए पहल करने के लिए जूनियर को स्वीकार करने या शिक्षकों और सलाहकारों को उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभारी होने या आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए खुद के प्रति आभारी होने के लिए धन्यवाद देने के बजाय कभी-कभी एक मुस्कान या हाथ मिलाना। चाल कर सकते हैं।

कृतज्ञता सुखी जीवन की कुंजी है और इसका प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए। यह एक दृष्टिकोण है - एक विकल्प। लोग कई तरीकों से आभार महसूस करते हैं और व्यक्त करते हैं। यह लोगों को उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है जो उनके पास नहीं हैं बल्कि उनके पास क्या है। और, हालांकि यह पहली बार में महसूस हो सकता है, यह मानसिक स्थिति उपयोग और अभ्यास के साथ मजबूत होती है।

कृतज्ञता और प्रशंसा का अभ्यास व्यक्ति को मानसिक रूप से मजबूत रखता है। यह लोगों को भावनाओं में अधिक सकारात्मक महसूस करने, अच्छे अनुभवों की सराहना करने, उनके स्वास्थ्य में सुधार करने, विपरीत परिस्थितियों से निपटने और मजबूत संबंधों को विकसित करने में सहायता करता है।

कृतज्ञता लोगों को उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देती है जो उनके पास नहीं हैं बल्कि उनके पास क्या है। और जबकि यह पहली बार में प्रतीत हो सकता है, यह मानसिक स्थिति समय और अभ्यास के साथ मजबूत होती है। वास्तव में इसका आनंद लेने के लिए आभारी होना और अपने स्वयं के जीवन की सराहना करना आवश्यक है। कृतज्ञता और प्रशंसा विपत्ति के समय में एक व्यक्ति को मजबूत करने और उनके रिश्तों को मजबूत करने में मदद कर सकती है। स्थिति के लिए आभारी होना, भले ही व्यक्ति को इसके बारे में सब कुछ पसंद न हो, उन्हें कुछ नया सीखने के अवसर के लिए आभारी होने की अनुमति देता है।

याद रखें, जीवन की सराहना करने के लिए हमेशा एक बिंदु बनाएं। ऐसा करने से व्यक्ति पहले से ही सफलता की राह पर चल पड़ता है। केवल गतियों से गुज़रे बिना ही दुनिया में अपनी जगह का एहसास करने के लिए स्वयं की गहरी समझ की आवश्यकता होती है। कोई काम पर या घर पर दूर समय बिता सकता है। लेकिन अगर कोई अपने पास मौजूद हर चीज की सराहना करने के लिए कुछ समय निकाल सकता है, तो वह जीवन को सकारात्मक मानसिकता के साथ देख सकता है और सफल हो सकता है और यही सफलता का मंत्र है।

## आप की बात

### जेनेरिक दवायें

**केंद्र सरकार** ने बड़े सख्त लहजे में कहा है कि सरकारी डॉक्टर मरीजों को शासकीय पर्ची पर बाहरी दवाओं में केवल जेनेरिक दवाइयां ही लिखा करें। सरकार के इस आदेश का स्वागत है। अक्सर देखा गया है कि सरकारी डॉक्टर मरीजों को महंगी से महंगी दवाइयां अधिक लिख देते हैं जिससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार को इनको खरीदने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार ने कहा है कि जो भी डॉक्टर जेनेरिक दवाइयां अपनी पर्ची पर नहीं लिखेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही हो सकती है। सरकारी अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के आने एवं उनसे मिलने पर भी कठोर कदम उठाने के आदेश दिए हैं। सभी जानते हैं कि डाक्टरों को दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रेजेंटिटवों व दवा दूकानों के माध्यम से कमीशन देकर अपना धंधा चमकाती हैं। इससे वे मरीजों को कई बार निष्प्रभावी व निरर्थक दवायें भी बेच देती हैं। निजी दवा कंपनियों पर नियंत्रण लगाने का यह सरकारी प्रयास सराहनीय है। लेकिन इसके साथ ही आम जनता, चिकित्सकों तथा दवा दूकानदारों में जेनेरिक दवाओं के बारे में समुचित जानकारी व उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास भी अवश्य किए जाने चाहिए।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### मुफ्तखोरी की आदत

**दिल्ली** व पंजाब में मुफ्त सुविधा के नाम पर जैसे आपने सत्ता हथियाई है। उसी तर्ज पर कर्नाटक में कांग्रेस ने पांच वचन देकर सत्ता प्राप्त की। और वादा किया कि पहली मंत्रिमंडल की मीटिंग में ही इन्हें लागू कर दिया जाएगा। आज देश के सभी राज्य अपने लिए निर्धारित सीमा से अधिक ऋण ले चुके हैं। अब इन मुफ्त सुविधाओं के लिए पैसे की व्यवस्था कैसे होगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है। यदि कांग्रेस वादे पूरे करती है तो कर्नाटक की सभी विकास योजनाएं बंद करने पर ही यह मुफ्त व्यवस्था दी जा सकती है। समय आ गया है कि चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट संयुक्त प्रयास कर चुनाव घोषणा पत्र में मुफ्त दी जाने वाली सुविधाओं पर लगाम लगाएं। आम मतदाताओं को भी मात्र कुछ हजार रुपए की मुफ्त सुविधाओं के खातिर अपने अनमोल वोट को नहीं बेचना चाहिए। गरीबों को मुफ्तखोरी की आदत डाल कर राजनीतिक पार्टियां देश के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं तथा भावी पीढ़ी पर भारी बोझ लाद रही हैं। खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अब तक यह अनुचित दबाव स्वीकार नहीं किया है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### तुष्टीकरण का खतरा

**सुन्नी** वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शफी सादी का कहना है कि कर्नाटक में इन्हे मुस्लिम डिप्टी सीएम चाहिए और 5 बड़े मंत्रालय भी मुसलमानों को दिए जाए। कर्नाटक जीत के बाद कांग्रेस के जश्न में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगना निश्चित ही चर्चा का विषय बन गया है। पॉपुलर फ्रंट ऑफ़इंडिया का समर्थन कांग्रेस पहले से ही कर रही है। इन सभी प्रकरण को देखकर जनमानस का चिंतित होना स्वाभाविक है क्योंकि यदि धार्मिक आधार पर तुष्टिकरण होगा तो ये कर्नाटक की जनता के लिए किसी लिहाज से ठीक नहीं रहेगा। उपमुख्यमंत्री और अन्य पाँच अहम् मंत्रालय मुसलमानों को दिए जाने की मांग निश्चित तौर पर समाज को धार्मिक आधार पर बांटने का कार्य करेगी और विवाद उत्पन्न होना स्वाभाविक है। चुनाव विश्लेषकों के अनुसार कर्नाटक में 95 प्रतिशत मुसलमानों ने कांग्रेस का साथ दिया और कुल नौ मुस्लिम विधायक चुने गए जिसमें सभी कांग्रेस से हैं। कांग्रेसी नेता मंदिरों में जाने व हनुमान चालीसा पढ़ने का ढोंग व दिखावा करते हैं। अब देखना होगा कि वे कर्नाटक में मुसलमानों की मांग पर क्या करते हैं और उनकी तुष्टीकरण सीमा क्या है?

- **मनोज शर्मा,** मेरठ

### तुर्की का चुनाव

**बीस** साल सत्ता में रहने के बावजूद तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्डोगन की सत्ता की भूख अभी खत्म नहीं हुई है। लेकिन उनको झटका लगा है क्योंकि 15 दिनों के अंदर दोबारा चुनाव में जाने का जनादेश मिला है। उनके प्रतिद्वंद्वी केमल किलिक डारोग्लू को महज 45 फीसद तथा एर्डोगन को 49. 4 फीसदी मत मिले। अब देखना है कि अंतिम दौर में कौन विजयी होता है। इर्दोगान के नेतृत्व में मुद्रास्फीति 80 फीसदी तक चली गई, बेरोजगारी चरम पर है। कुछ महीने पहले आए भूकंप में 50 हज़ार से अधिक लोग मारे गए, लाखों भवन जमींदोज़ हो गए क्योंकि इस सरकार के भ्रष्टाचार के कारण भवनों के निर्माण में भूकंप रोधी नियमों का पालन नहीं किया गया। जिस देश का चरित्र शुरू से धर्मनिरपेक्ष रहा था उस देश को कट्टर धार्मिक देश बनाया जा रहा है। इसलिए इस तानाशाह की सक्रिय राजनीति से विदाई न केवल तुर्की बल्कि समस्त पश्चिम एशिया के लिए शुभ समाचार होगी। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि तुर्की में इस्लामवाद की विजय होती है या आधुनिकता, लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता की।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 17 मई, 2023



# तहसीलों की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार जरूरी: योगी

● शीघ्र होगी मातृभूमि योजना की औपचारिक शुरुआत, नगरीय क्षेत्र में भी लागू करने के दिए निर्देश

## मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों संग बैठक में समयबद्धता और पारदर्शिता पर दिया जोर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि तहसीलों की कार्यप्रणाली में बड़े सुधार की आवश्यकता है। हमें पारदर्शिता, समयबद्धता को लेकर ठोस प्रयास करना होगा। शिकायतों-समस्थाओं का निस्तारण एक समय सीमा के भीतर होना चाहिए। डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जाए। वरासत-उत्तराधिकार से जुड़े प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। आमजन की अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए तहसीलों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

योगी मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनहित में संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं की सहज-सुलभ उपलब्धता के लिए टेलीकन्सल्टेशन और हेल्थ एटीएम की सुविधाओं को बढ़ाया जाए। इससे बीमारी की दशा में रिमोट एरिया के लोगों को अच्छे डॉक्टरों का परामर्श मिल सकेगा। हेल्थ एटीएम के लिए प्रशिक्षित मैनपॉवर तैनात किया जाए। टेलीकन्सल्टेशन सेवा को विस्तार देते हुए इसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर बिना बिलंब यथोचित समाधान किया जाए। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा इसे शीर्ष प्राथमिकता देते हुए निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग अभियान का आम जन के बीच अच्छा संदेश गया है। लोगों में संक्रामक, संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमें ऐसे ही प्रयास लगातार जारी रखने होंगे। गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल में इंसेफेलाइटिस, बरेली व आस-पास के मंडल में मलेरिया तथा बुंदेलखंड में चिकनगुनिया से बचाव के लिए सक्रियता और बढ़ाई जाए। इंसेफेलाइटिस से बचाव के लिए जैसा प्रयास इन क्षेत्रों में भी किया जाए। साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल के सेवन के लिए लोगों को जागरूक करें। बाल रोग विशेषज्ञों का भी सहयोग लें। स्वामित्वए घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। अब तक 56.17 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। मात्र 15 राजस्व गांवों में सर्वेक्षण का कार्य शेष है, इसे भी यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र घरौनी मिल जाए। उन्होंने कहा कि सभी गो-आश्रय स्थलों में व्यवस्था सुचारु रखी जाए।

### किसी भी जिले में संचालित न हो अवैध टैक्सी, बस व रिक्शा स्टैंड

**मुख्यमंत्री** ने स्पष्ट रूप से फिर दोहराया कि प्रदेश के किसी भी जनपद में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड और रिक्शा स्टैंड संचालित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्टैंड अवैध वसूली होने को बढ़ावा देते हैं। यह वसूली समाजविरोधी कार्यों में उपयोग होती है। जहां कहीं भी ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। टैक्सी स्टैंड के लिए ठेकेदार स्थान निर्धारित करें। शहरों में ई-रिक्शा के लिए रूट तय किया जाना जरूरी है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी पीयूष चावला ने शिष्टाचार भेंट की

## भाजपा समाज को बांटने के लिए न्यायपालिका के एक हिस्से का दुरुपयोग कर रही: शाहनवाज

**लखनऊ।** बनारस के ज्ञानवापी परिसर के अंदर सर्वे के आदेश को अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने स्थापित कानून के विरुद्ध फैसला क़रार देते हुए इसे कर्नाटक चुनाव में भाजपा को मिली भयंकर हार के बाद देश का माहौल बिगाड़ने के लिए न्यायपालिका के एक हिस्से के दुरुपयोग का उदाहरण बताया है। शाहनवाज आलम ने मंगलवार को कहा कि सर्वे का यह आदेश 1991 के पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त 1947 तक धार्मिक स्थलों का जो भी चरित्र था वो यथावत रहेगा। इसे चुनौती देने वाली किसी भी प्रतिवेदन या अपील को किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) या प्राधिकार (अथॉरिटी) के समक्ष स्वीकार ही नहीं किया जा सकता। इसलिए यह फैसला कानून विरोधी और राजनीतिक से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि पिछले साल ही ज्ञानवापी मस्जिद के बाहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्मित संगठन हिंदू युवा वाहिनी के बैनर लिए अराजक तत्वों ने मस्जिद के बाहर उकसाने वाले नारे लगाए थे। जिससे लगता है कि सरकार अपने गुंडों, पुलिस और अदालत के एक हिस्से के सहयोग से माहौल को बिगाड़ने पर तुली हुई है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि निचली अदालतें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं और उन पर ऊंची अदालतें स्वत: संज्ञान ले कर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई तक नहीं कर रही हैं।

## 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को किया जाएगा साकार: जयवीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को पर्यटन निदेशालय में लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग) यूपी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह तीनों संस्थाएं अपने अनुभव, दक्षता का बेहतर इस्तेमाल करते हुए सांस्कृतिक विरासत एवं लोक कलाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इससे प्रधानमंत्री जी का एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को धरातल पर उतारने में मदद मिलेगी। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत एवं लोक कलाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सबकी है। इसलिए अपने.अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए मूल विरासत को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय प्रतीकों, सांस्कृतिक अस्मिता तथा धरोहरों को संरक्षित एवं संवर्धित किया जा रहा है। सभी संस्थाएं एक धारा में मिलकर अपने उद्देश्य में सफल हों ऐसा प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लोक कलाओं के संरक्षण तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को जमीन पर उतारने के लिए प्रयासरत है।

## 71 हजार युवाओं को मिली जॉब तो सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

● यूपी में 45 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन कर वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे देश में 71 हजार युवाओं को पीएम रोजगार मेले के माध्यम से ऑनलाइन नियुक्त पत्र वितरित किए। उत्तर प्रदेश के भी कई जनपदों में रोजगार मेले का आयोजन किया गया और सैकड़ों छात्रों को नियुक्ति पत्र का उपहार मिला। पीएम मोदी की इस पहल पर सीएम योगी ने भी उनका आभार जताया है।

सीएम योगी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'आदरणीय पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन में नए-नए अवसरों का सृजन कर युवाओं को राष्ट्र की विकास-यात्रा से सतत जोड़ा जा रहा है। उसी कड़ी में नवचयनित 71 हजार से अधिक युवाओं को आज राष्ट्रीय रोजगार मेला के माध्यम से नियुक्ति पत्र मिलने पर ढेरों बधाई! आभार प्रधानमंत्री जी!' उल्लेखनीय है कि देशभर में 45 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें यूपी के लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मुरादाबाद और गोरखपुर में भी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इन नियुक्ति पत्रों को बांटने के लिए लखनऊ में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति जुबिन इरानी, वाराणसी में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मुरादाबाद में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, आगरा में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री, डॉ. संजीव कुमार बालियान और गोरखपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय कुमार मौजूद रहे।

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश सरकार चिन्तित: दयाशंकर

● परिवहन मंत्री ने सीएसआर फंड से डीटीटीआई सेंटर्स में पहल करने के लिए कम्पनियों को किया आमंत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को 14 मण्डलीय जनपदों में बन रहे ड्राइविंग ट्रेनिंग टेस्टिंग इन्स्टीट्यूट (डीटीटीआई) के ऑटोमेशन एवं संचालन के लिए देश की महानिर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में बैठक की। उन्होंने कम्पनियों के प्रतिनिधियों से निर्माणाधीन 14 डीटीटीआई सेंटरों के ट्रैक ऑटोमेशन एवं संचालन सीएसआर फण्ड के माध्यम से स्वयं करने का आग्रह किया।

परिवहन मंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाएं एक गम्भीर विषय है। सरकार के साथ-साथ हम सभी का यह दायित्व है कि हम इन दुर्घटनाओं को रोकने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग डीटीटीआई सेंटर बनाकर ट्रैक ऑटोमेशन एवं संचालन हेतु इच्छुक कम्पनियों को सौंपेगा। सिमुलेटर ट्रैक का ऑटोमेशन ट्रेनिंग वाहन बस एवं ट्रक इत्यादि की व्यवस्था कम्पनी को सीएसआर फण्ड के माध्यम से करना होगा। परिवहन मंत्री के आग्रह पर अशोक लिनेंट कम्पनी के प्रतिनिधि ने बताया कि मुजफ्फरनगर एवं मेरठ हेतु प्रस्ताव दिया है। इसी प्रकार बजाज कम्पनी के प्रतिनिधि ने बताया कि अयोध्या एवं गोरखपुर हेतु उन्होंने प्रस्ताव दिया है। उक्त कम्पनी के अलावा अन्य कम्पनी के प्रतिनिधियों ने सीएसआर फण्ड के खर्च हेतु इन्टरनल मीटिंग के बाद अपनी सहमति देने हेतु एक सप्ताह का समय दिये जाने का आग्रह किया। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार चिन्तित है। इसी क्रम में आज की यह बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग की गुणवत्ता के लिए सरकार प्रतिष्ठित कम्पनियों को विभाग से जोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि आप सभी का अन्य राज्यों में भी कार्य का अनुभव है। साथ ही आप सब परिवहन विभाग से भी जुड़े हुए हैं। परिवहन मंत्री ने ड्राइविंग लाइसेंस एवं आरसी में हो रहे विलम्ब के कारणों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली और इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डीएल एवं आरसी प्राप्त होने तक उपभोक्ता डीजी लॉकर एवं एम परिवहन ऐप पर उपलब्ध वाहनों के अभिलेखों को क्षेत्रीय पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिखा सकता है। साथ ही निर्देश दिये कि क्षेत्रीय पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी ऐसे उपभोक्ताओं को भौतिक डीएल एवं आरसी दिखाने हेतु बाध्य नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि डीजी लॉकर एम परिवहन ऐप पर उपलब्ध वाहनों के अभिलेख ही वैध माने जाएंगे, जब तक भौतिक डीएल या आरसी उपभोक्ताओं को न प्राप्त हो जाय। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन, एमडी परिवहन निगम वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्दभूषण सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश भाजपा चलाएगी जनसंपर्क अभियान

● 30 से एक माह तक पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे तथा जनसम्पर्क का अभियान भी चलाया जाएगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि अभियान की तैयारियों को लेकर कल 17 मई को नोएडा में पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसका उद्घाटन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी करेंगे जबकि समापन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह करेंगे। कल ही काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक वाराणसी में होगी, जिसका उद्घाटन प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह करेंगे। ब्रज व गोरखपुर क्षेत्र की बैठक 18 मई को तथा कानपुर व अवध क्षेत्र की बैठक 19 मई को आयोजित होगी। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक लोकसभा में जनसभाएं आयोजित की जायेंगी। जिला स्तर पर प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिवक्ता, डाक्टर, शिक्षक, साहित्यकार सहित प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही व्यापारी सम्मेलन भी आयोजित किए जायेंगे। प्रत्येक लोकसभा में सोशल मीडिया वालटियर सम्मेलन भी आयोजित किए जायेंगे। अभियान के अन्तर्गत युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।

## सपा अध्यक्ष ने बंगाल की मुख्यमंत्री की राय का किया समर्थन

● क्षेत्रीय पार्टी जहां मजबूत है, उसे भाजपा का मुकाबला करना चाहिए: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपने-अपने यहां मजबूत क्षेत्रीय पार्टियों को आगे करके भाजपा का मुकाबला करने की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राय का समर्थन करते हुए मंगलवार को कहा कि अन्य पार्टियां भी ऐसा ही चाहती हैं।

अखिलेश ने कहा कि में राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जिस प्रदेश में जो दल मजबूत हो वहां उसे आगे कर चुनाव लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और अन्य पार्टियां भी यही चाहती हैं। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा था कि वह शुरू से ही कह रही हैं कि संबंधित क्षेत्रों में ताकत रखने वाले दलों को वहां आगे करके भाजपा से मुकाबला करना चाहिए। जैसे- दिल्ली में आम आदमी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू), उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और तमिलनाडु में द्रमुक-कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस। उन्होंने कहा था कि जिस राज्य में क्षेत्रीय पार्टी मजबूत है वहां भाजपा उसका मुकाबला नहीं कर सकती। ऐसी स्थिति में जो क्षेत्रीय पार्टी जहां मजबूत है, उसे भाजपा का मुकाबला करना चाहिए। वहीं, अन्य विपक्षी दलों को उस पार्टी की मदद करनी चाहिए। गौरतलब है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि उनकी कोशिश समान विचारधारा वाली ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक मंच पर लाने की है। इसके लिए पार्टियों के साथ बातचीत हो रही है। सभी मिलकर काम करेंगे, ताकि देश आगे बढ़े और देश को भाजपा से मुक्ति मिले।

## एथलीट्स के स्वागत और सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए: डा. नवनीत सहगल

● अपर मुख्य सचिव खेल ने इकाना स्पोर्ट्स सिटी में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों को परखा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने लखनऊ स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी (इकाना) स्पोर्ट्स सिटी में आयोजित होने वाले खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियां का जायजा लिया। उन्होंने सभी कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि एथलीटों के स्वागत और सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि 25 मई को लखनऊ स्थित बीबीडी यूनिवर्सिटी में एक भव्य उद्घाटन समारोह होगा। 23 मई 2023 से खेलों की आधिकारिक शुरुआत होगी और इसका समापन 03 जून 2023 को वाराणसी में होगा।




खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 में देश भर के 200 संस्थानों के लगभग 4700 एथलीट शामिल होंगे। सभी एथलीट अंडर 27 वर्ग में होंगे और 21 खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इनके अलावा 950 सपोर्टिंग स्टाफ 1500 वालंटियर्स भी गेम्स में हिस्सा लेगें। 12 दिवसीय खेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलावा वाराणसी, नोएडा और गोरखपुर में किया जाएगा। शूटिंग प्रतियोगिता हालांकि नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। कबड्डी प्रतियोगिता 23 मई को नोएडा में शुरू होगी, जबकि कुछ अन्य 24 मई को विभिन्न स्थानों पर भी शुरू होंगी। इकाना में 24 से 27 मई तक वालीबाल की चार प्रतियोगिताएं, 24 मई से 2 जून तक गर्ल्स फुटबाल लीग की 10 प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

## बिजली चोरी रोकने के अभियान को मिल रहा जनता का भरपूर साथ

● पावर कारपारेशन के बिजली मित्र लिंक पर हर रोज प्राप्त हो रहीं लगभग 200 सूचनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** में समुचित बिजली दिलाने के लिए योगी सरकार का प्रयास जारी है। इसके लिए बिजली चोरी रोकने का अभियान भी चल रहा है। योगी सरकार के इस अभियान को जनता का भरपूर साथ भी मिल रहा है। बिजली चोरी रोकने के लिए उप्र पावर कॉरपोरेशन ने बिजली मित्र लिंक शुरू किया है। इसके माध्यम से महज दो सप्ताह के अंदर बिजली चोरी की 3034 सूचनायें प्राप्त हो चुकी हैं। लगभग 200 सूचनायें प्रतिदिन प्राप्त हो रही हैं। इन सूचनाओं के आधार पर विजिलेंस व विभागीय टीमें सूचीवार निरीक्षण कर चोरी पकड़ने के लिए कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र पावर कारपोरेशन बिजली चोरी रोकने का निरंतर प्रयास कर रहा है। कॉरपोरेशन की कोशिश है कि बिजली चोरी की अधिक से अधिक सूचना प्राप्त होए जिससे इस पर अंकुश लगाया जा सके। इसे देखते हुए 29 अप्रैल से बिजली मित्र लिंक का आगाज किया गया। शिकायतकर्ता गुमनाम रहकर ऑनलाइन बिजली चोरी की जानकारी दे सकता है। उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने बताया कि अभी तक कारपोरेशन की वेबसाइट में उपलब्ध लिंक एवं चैट बोट पर विद्युत चोरी संबंधी शिकायतें की जा सकती थीं लेकिन इसमें शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, डिस्काम का नाम तथा सबस्टेशन की जानकारी ली जाती थी। इससे लोग शिकायत करने में असहज महसूस करते थे। शिकायतकर्ता की इन असुविधाओं को दूर करने एवं उसकी गोपनीयता बनाये रखते हुए बिजली चोरी का पता लगाने के लिए यह अनोखी पहल की गई है।

शिकायतकर्ता को अब विद्युत चोर का पता बताने के लिए कारपोरेशन की वेबसाईट के होमपेज पर जाकर बिजली मित्र लिंक का इस्तेमाल करके सूचना दे सकता है। इस तरह विद्युत चोरी से संबंधित सूचना देने की सुविधा पहली बार दी जा रही है। कॉरपोरेशन ने शिकायतकर्ताओं से अनुरोध किया कि चोरी करने वाले का सही पता देने का प्रयास करें। यदि संभव हो तो संबंधित बिजली घर व खंड का नाम भी उपलब्ध कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई हो सके।

## मनरेगा से इस वर्ष बनाए जाएंगे 6458 खेल मैदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने व उन्हें उच्चस्तर पर खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने के लिए दक्ष, सक्षम, कुशल बनाने की दिशा में सरकार द्वारा सार्थक व गम्भीर प्रयास किये जा रहे हैं प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत किया जा रहा है। मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के श्रम-बजट में 6458 खेल मैदान बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और दिशा में कार्य चल रहा है। विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण के अंतर्गत मनरेगा खेल मैदानों को मनरेगा पार्क के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। जिसमे बुजुर्गों के लिए घूमने-टहलने के साथ साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों का एवं किशोरों हेतु ओपेन जिम का निर्माण भी कराया जा रहा है।

**नगर निगम महापौर चुनाव**

## योगी के नाम और सरकार के काम से हर सीट पर बढ़े भाजपा के वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** आदित्यनाथ के नाम और उनके नेतृत्व वाली सरकार के काम से महापौर की हर सीट पर भाजपा के वोट बढ़ गए। 2017 से 2023 की हर सीट की विश्लेषण करें तो न सिर्फ भाजपा के वोट बढ़े, बल्कि हर सीट पर पार्टी का वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। शहरों के विकास पर योगी आदित्यनाथ की पैनी नजर की बदौलत पूरा यूपी भगवामय हो गया है। पहली बार बनी शाहजहांपुर सीट जहां भाजपा के खाते में आई, वहीं पिछली बार जिस मेरठ, अलीगढ़ में हार का सामना करना पड़ा था वहां भी इस बार पार्टी विजयी हुई। यही नहीं यहां बीजेपी को काफी संख्या में वोट भी प्राप्त हुए हैं। मतदाताओं ने सिर्फ और सिर्फ योगी आदित्यनाथ के विकास और कानून व्यवस्था के बलबूते वोट देकर भाजपा का कमल खिलाया। 2017 में योगी आदित्यनाथ सरकार ने कामकाज संभाला तो 16 सीटों पर हुए चुनाव में 14 पर कमल खिला। मेरठ व अलीगढ़ की सीट बसपा के खाते में गई। 2023 में यह आंकड़ा सभी सीटों की जीत पर पहुंच गया। 2017 में अयोध्या में भाजपा को 44642 वोट मिले तो 2023 में यह आंकड़ा 77494 हो गया। आगरा में 2017 में भाजपा को 217881 वोट मिले और 2023 में 267925 वोट। कानपुर में 396725 वोट की अपेक्षा 2023 में यहां भाजपा ने 440352 वोट हासिल कए। गाजियाबाद में 2017 में 282793 वोट मिले थे और 2023 में 350905 वोट मिले। भाजपा ने 2023 में तीन सीटों पर निवर्तमान महापौर को टिकट थमाया। कानपुर से प्रमिला पांडेय, बरेली से उमेश गौतम व मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल को टिकट दिया गया। इन तीनों सीटों पर तुलनात्मक विश्लेषण में भाजपा को इस बार पिछली बार से अधिक वोट मिले। यहां कुल मिले वोटों का प्रतिशत भी बढ़ा। प्रमिला पांडेय को कानपुर में 2017 में 396725 वोट (42.1 फीसदी) मिले थे। 2023 में इन्हें 440353 वोट मिले। बरेली में उमेश गौतम को 2017 में 139127 वोट (40.73) और 2023 में 167385 वोट (47.54) वोट मिले। मुरादाबाद में 2017 में विनोद अग्रवाल को 94677 वोट मिले थे। इस बार यह आंकड़ा 1.21 लाख वोटों से अधिक का है।

# अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चला अभियान

● प्रशासन, पुलिस, आबकारी की संयुक्त टीमों ने चलाया अभियान

● बड़ी मात्रा में अवैध शराब और लहन बरामद, 12 अभियोग दर्ज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**अवैध** मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन पर अंकुश लगाए जाने के लिए आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देशए डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में प्रशासनए पुलिसए आबकारी की संयुक्त टीमो ने दैनिक प्रवर्तन अभियान चलाया। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने.अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे हैए जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पायेए इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 12 अभियोगो को पंजीकृत किया। 165 लीटर अवैध शराब और 1250 किग्रा लहन बरामद की। मंगलवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र एक सदर द्वारा स्टाफग्राम जिंसी थाना खीरी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरोंए उसके पास के इलाकों से प्लास्टिक की बोतलों में कच्ची शराब और लहन बर्तनों से बरामद किया। मौके पर लहन को नष्ट करते हुए एक अभियुक्त को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी व रेहरिया पुलिस चौकी उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय मय स्टाफ के साथ संयुक्त टीम बनाकर आईजीआरएस शिकायत के आधार पर ग्राम मोठी खेड़ाए कल्नापुरए देवीपुर थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में खेतों और नालों के पास से चढ़ी भट्ठीए कच्ची शराब और लहन पीपियो में बरामद की। मौके पर लहन और चढ़ी भट्ठी को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम ककरहिया थाना मैगलगंज में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घर से कच्ची शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने स्टाफग्राम धौरहरा कस्बा थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थान से कच्ची शराब बेच रहे एक अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार कर जेल भेजा।



# 43 साल बाद खत्म हुआ भाजपा का सूखा

**संवाददाता।** सीतापुर

● विधायक मनीष रावत की रणनीति रही सफल गंगाराम बने सिधौली नगर पंचायत के चेयरमैन

● गंगाराम राजपूत, 1987 में हुए पहले चुनाव से अब तक निर्दलीय ही चुने गए थे, पहली बार भाजपा को मिली है सफलता

**राजधानी** लखनऊ से सटी सिधौली नगर पंचायत में विधायक मनीष रावत ने अपने प्रयासों से 43 साल से चला आ रहा निर्दलियों का बोलबाला खत्म कर भाजपा का भगवा फ्हरा दिया है। सीतापुर की सिधौली नगर पंचायत में भाजपा के गंगाराम राजपूत अध्यक्ष चुने गए हैं, इस जीत को लेकर पूरे निकाय क्षेत्र में विधायक मनीष रावत के प्रयासों की चर्चा हो रही है। बताते हैं चुनाव प्रचार के दौरान विधायक ने कुछ इस तरह का तानाबाना बुना की इस ब्राम्हण बाहुल्य सीट पर गंगाराम राजपूत की जीत हो गई। 1977 में गठित हुई सिधौली नगर पंचायत का पहला चुनाव 1987 में हुआ था, तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए जीत निर्दलीय प्रत्याशियों को ही हासिल हुई। गंगाराम राजपूत भी इससे पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चेयरमैन चुने गए थे, और उनकी पत्नी मीना राजपूत ने भी निर्दलीय तौर पर ही जीत दर्ज कराई थी। कई निकायों में भाजपाई दिग्गजों के प्रत्याशियों को मिली असफ्लता के बीच सिधौली में मनीष रावत ने ऐसा क्या कर दिया जो इतिहास बन गया। खुद विधायक इसका जवाब देते हुए कहते हैं कि पूरे चुनाव प्रचार के दौरान मैने हर जगह खुद को प्रत्याशी के रुप में प्रस्तुत किया था, मठाधीशों को दरकिनार कर खुद घर-घर जाकर प्रत्येक वोटर से मिला और बात की, सभी जाति धर्म के लोगो को भाजपा से जोड़ने का प्रयास किया, नतीजा सबके सामने है। बताते चलें इस ब्राम्हण बाहुल्य सीट पर गंगाराम राजपूत की राह आसान नहीं थी, सपा और बसपा के प्रत्याशी तो मुकाबले में थे ही उससे बड़ा खतरा निर्दलीय गीता मिश्रा और सिधौली के पूर्व बार अध्यक्ष रामपाल भार्गव को माना जा रहा था। ऐसी चर्चा थी की ब्राम्हण मत एकजुट होकर कई बार चेयरमैन रहे, स्वर्गीय उमाशंकर मिश्रा की पत्नी गीता मिश्रा को जा सकता है। दूसरी तरफरामपाल भार्गव को भी इस चुनाव का छुपारुस्तम माना जा रहा था, इसकी वजह थी की अधिवक्ता वर्ग तो उनके पीछ लामबंद होकर खड़ा ही था, साथ ही बड़ी संख्या में ब्राम्हण मतदाताओं के साथ मुस्लिम, ओबीसी और एससी वर्गों का अच्छा खासा समर्थन भी रामपाल भार्गव को होना बताया जा रहा था। हालात गवाह है की ऐसे में भाजपा से चुनाव मैदान में उतरे गंगाराम राजपूत के लिए सफ्लता की डगर आसान न थी। निर्दलियों का ही बोलबाला रहने का इतिहास हो या नगर में गीता मिश्रा और रामपाल भार्गव को लेकर किए जा रहे दावों की सभी गंगाराम राजपूत के विपरीत ही जा रहे थे। लेकिन ऐसे में भी राजनीति के माहिर खिलाड़ी मनीष रावत ने गंगाराम राजपूत के साथ मिलकर चुनावी शतरंज में ऐसी चाल चली की विरोधी चारों खाने चित हो गए, और सफ्लता का हार गंगाराम राजपूत के गले में पड़ गया। गंगाराम राजपूत 5 हजार 427 मत पाकर विजयी हुए। उन्होने 4 हजार 641 मत पाने वाले निर्दलीय रामपाल भार्गव को 786 मतो जैसे बड़े अंतर से परास्त किया। गीता मिश्रा का वोट गणित 3 हजार 421 मतो तक आकर ठहर गया, और सपा बसपा दोनो जमानत तक नहीं बचा सके।

# सीएचसी खमरिया का सीएमओ ने किया निरीक्षण

● आकांक्षात्मक ब्लॉक ईसा नगर के अंतर्गत सीएचसी खमरिया में स्वास्थ्य सेवाओं की उपकेंद्र वार समीक्षा की

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सीएमओ** डॉ संतोष गुप्ता द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक ईसानगर के अंतर्गत सीएचसी खमरिया में स्वास्थ्य सेवाओं की उपकेंद्र वार समीक्षा की गई। इस दौरान नीति आयोग के सभी इंडिकेटर को लेकर समीक्षा की गई। खराब प्रदर्शन करने वाले उपकेंद्रों व उनसे संबंधित सीएचओए एएनएम और आशाओं को कार्य में सुधार के निर्देश दिए गए। सीएमओ द्वारा आयुष्मान कियोस्क का भी निरीक्षण किया गया और अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर उनकी सराहना की गई। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सीएचसी खमरिया के अंतर्गत इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर व एनबीएसयू का निरीक्षण मंगलवार को किया गया। इस दौरान नीति आयोग द्वारा निर्धारित समस्त इंडिकेटर्स पर समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि गर्भवती माताओं की उचित देखभाल के लिए स्वास्थ्य सेवा में कई इंडिकेटर्स बनाए गए हैं। जिनमें गर्भवती माताओं का रजिस्ट्रेशन कर संस्थागत प्रसव कराया जाना भी शामिल है। ऐसे में उपकेंद्र वार सीएचओ व एएनएम और आशा आंगनबाड़ियों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह सभी गर्भवती माताओं को चिन्हित कर ड्यू लिस्ट तैयार करें। इसी के साथ आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजनाए मातृ एवं शिशु सुरक्षाए आशा भुगतानए निक्षय पोषण योजना व अन्य योजनाएं शामिल है। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म के बाद उन्हें माता द्वारा स्तनपान कराना बेहद जरूरी होता हैए परन्तु तमाम कारणों से माताएं ऐसा नहीं करती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इसे लेकर उन्हें जागरूक करें। साथ ही उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्व डेंगू दिवस मनाया गया है और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों को इसे लेकर जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि घर में साफसफाई व कूलरए फ्रिजए पुराने बर्तन और गमलों में भरे पानी में डेंगू का लारवा पनपता है?। वहीं घर के बाहर किसी भी स्थान पर भरे हुए साफ पानी में भी डेंगू का लारवा पनप सकता है। ऐसे में जरूरी है कि इन स्थानों पर सफाई करें और छिड़काव करें। जरूरी होने पर जला हुआ मोबाइल का इस्तेमाल करें। जिससे डेंगू को फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य महकमा और स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी यह जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाएं। इस दौरान एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमारए एसीएमओ डॉ बीसी पंतए अधीक्षक डॉ पंकज कुमारए डीपीएम अनिल कुमार यादवए ममता श्रीवास्तव ब्लॉक के सभी डॉक्टर्सए बीपीएम यूनिट व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग ने भेजा पौने दो करोड़ का बिजली बिल

**सीतापुर।** उप्र के सीतापुर जनपद में बिजली विभाग का एक अजब-गजब कारनामा सामने आया है। प्याज, लहसुन का ठेला लगाने वाले शख्स को बिजली विभाग ने पौने दो करोड़ रूपए का बिजली बिल थमा दिया। इतनी भारी भरकम बिजली बिल को पढ़ने के लिए गांव वालों ने दिमाग खर्च कर दिया जिसे भी पता चला वह अचरज में पड़ गया। सीतापुर शहर से सटे भगवानपुर गांव में 15 हजार की आबादी में करीब 5600 वोटर हैं और 2 हजार मकानों के बीच 700 बिजली के कनेक्शन हैं गांव के ही यार अली प्याज, लहसुन का ठेला लगाकर घर का गुजारा करते हैं उनकी पत्नी आसिफा के नाम बिजली का कनेक्शन है, जिसका बिल एक करोड़ 74 लाख आने के बाद यार अली और उनके परिवार को जोर का करंट लगा। यह हाल तब है जब गांव में बल्लियों के सहारे बिजली सप्लाई की जा रही है। गांव वालों की माने तो 4 मई से गांव में मीटर में तो बिजली जा रही है लेकिन न बल्ब जल रहा है और न पंखे चल रहे हैं। इसके अलावा भी गांव के अन्य लोगों को भी ज्यादा बिल दे दिए गए इसको लेकर गांव वाले डीएम के यहां गुहार लगाने पहुंचे।

## कलेक्ट्रेट में किसान दिवस का आयोजन आज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित किया जाएगा। अरविंद मोहन मिश्रा कृषि उप निदेशक ने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। आज कलेक्ट्रेट सभागार में 12:30 से किसान दिवस का आयोजन जिला अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। अधिक से अधिक किसान अपनी बात अधिकारियों के सामने रख सकते हैं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंहए जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चैधरी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एसपी सिंह मौजूद रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### किशोर की गला रेतकर हत्या, तालाब किनारे मिली लाश

**बरेली।** थाना आंवला क्षेत्र के गांव दिगोई निवासी 15 वर्षीय किशोर की गला रेत कर हत्या कर दी। परिजनों को दिन निकलने पर इसकी जानकारी हुई। मौके पर क्षेत्राधिकारी दीपशिखा सिंह , कोतवाल ओ पी गौतम ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के पिता प्रमोद श्रीवास्तव के मुताबिक मृतक 15 बर्षीय सोनू श्रीवास्तव के पास सोमवार की शाम 9 किसी का फोन आया था। वह उसी समय घर से बाहर चला गया। देर रात तक न लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चला। दिन निकलने पर उसकी लाश गांव से 500 मीटर की दूरी पर तालाब किनारे पड़ी मिली । सोनू की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है । लाश के पास पुलिस को एक अंगोछा भी मिला अनुमान लगाया जा रहा है वह किसी हत्यारे का होगा। परिजनों ने किसी पर हत्या का आरोप नहीं लगाया है बताया कि पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा हत्या क्यों की गई है किसने की है क्योंकि गांव में किसी से कोई रंजिश नहीं है। सोनू के मोबाइल की कॉल डिटेल से ही पता लगेगा किसने उसको फोन किया था फोन आने के बाद यह घर से निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### फूलों को कुचलने के मामले में दो गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। तीन दिन पहले पैर से फूलों को कुचलने के मामले में थाना भीरा पुलिस द्वारा वायरल वीडियो से संबंधित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 16 मई 2023 को थाना भीरा पुलिस द्वारा दिनांक 150502023 को ग्राम भीरा में निर्दलीय समर्थकों द्वारा पटाखे छोडकर फूल को कुलचकर भावनाओं को आहत पहुचाने से सम्बन्धित मुकदमा दर्ज किया गया। भीरा पुलिस ने अंकुर शुक्ला पुत्र जितेन्द्र शुक्लाए अमन राविन्सन पुत्र हेरेल केन्त राविन्सन नि0गण ग्राम व थाना भीरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 परितोष पाण्डेयए का0 प्रदीप चीमाए का0 धीरेन्द्र सिंह, थाना भीरा शामिल रहे।

# निकाय चुनाव के बाद नगर पालिका जाने को बेताब हैं नवनिर्वाचित पदाधिकारी

● इस बार चुनाव ने राजनीतिक दलों को बहुत कुछ सीखने, समझने के लिए बाध्य किया

संवाददाता। मोहम्मदी

**खीरी,** मोहम्मदी बरबर, निकाय चुनाव संपन्न हो जाने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभासद जहाँ अपने अपने शुभचिंतकों से मिलने मिलाने के साथ बधाइयों का दौर जारी है, वही निकाय चुनाव मे नवनिर्वाचित सभासद शपथग्रहण का इंतेजार कर नगर पालिका जाने को बेताब है। एक अधिकारी ने शपथग्रहण के संबन्ध में बताया कि शीध्र ही शासन से तिथि निर्धारित होते ही अध्यक्ष व सभासदो का शपथग्रहण कराया जाएगा। सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष/ सभासद नगर के विकास की रुप रेखा तैयार कर सकेंगे। 'मोहम्मदी नगर पालिका की मतगणना समाप्त हुई और नतीजे भी आ गये, भाजपा के सदीप महरोत्रा लगभग 2400 वोटो से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के कार्तिक तिवारी को हराकर चौथी बार नगर पालिका के अध्यक्ष बने, वही बरबर में तीसरी बार नगर पचायत के अध्यक्ष बने सजय शर्मा। उन्होंने नसरीन बानो को काफी नजदीक से हराया, वही भाजपा बरबर मे चौथे पायदान मे रही। मोहम्मदी और बरबर मे पहला ऐसा चुनाव इस बार हुआ, जिसमे चुनाव दो धड़ो मे नही बटा, आपसी भाईचारे की मिसाल भी इस चुनाव मे साफ दिखाई दी। जिसका सीधा लाभ प्रत्याशियो को मिला। मतदान के बाद तरह.तरह के कयासों के दौर जारी थे, चुनावी पंडित मतदान के बाद कोई भी सटीक आलकन नही कर पा रहा था, जिसका मूल कारण मतदाताओं की चुप्पी थी, जो किसी बडे तूफान की आहट समेटे था, जब मतगणना शुरू हुई तो वोटो का ज्वालामुखी का लावा की तरह फूटा तो समाजवादी छोड़ अन्य दलो के उम्मीदवारो की जमानत जब्त हो गयी। मोहम्मदी मे समाजवादी विचारधारा से जुडा मूल मतदाताओं का मत भाजपा के पक्ष में पड़ा। मत गिनती के रूप मे जब सामने आया, तो लोगो ने दातों तले उगली दबा ली, जिसमे कुल अल्पसंख्यक के 20 से 25 प्रतिशत मत भाजपा के पक्ष में दिखाई दिये, जिस कारण भाजपा उम्मीदवार और मजबूती से बड़े अन्तर से जीत हासिल की। परिणाम आने के बाद नगर में अजीब सी खामोशी, सन्नाटा और माथे की सिलवटे कुछ और ही वया कर रही है, जो आइने की तरह साफ नजर आ रहा है तथा जीत के बाद, हार और जीत के कारणों का विश्लेषण राजनीतिक दलों के लोग लगाते और चर्चा करते दिखाई दिए जा रहे हैं। परंतु इस चुनाव ने राजनीतिक दलों के आकाओं, ठेकेदारों को बहुत कुछ सीखने, समझने और विश्लेषण करने के लिए बेबस सा कर दिया है।

# पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को दबोचा

● साढ़े चार करोड़ की साढ़े चार किलो अफीम बरामद की

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**एसओजी** टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 4.5 करोड की कीमत की अफीम बरामद की। पुलिस अधीक्षक, एस आनन्द ने बताया एस0ओ0जी0 टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर बरेली मोड पहुच कर वहा पर सवारी के इतंजार मे खडे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । पकडे गये व्यक्तियो के पास से कुल 4.5 किलो अफीम, 02 मोबइल फोन आदि सामान बरामद हुआ। बरामद अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 4.5 करोड है। पकड़े गए अमलेश यादव पुत्र बनोघी यादव निवासी ग्रामरामपुर थाना लावालौग जनपद चतरा झारखण्ड उनका साथी जितेन्द्र यादव झारखण्ड का रहने वाला है पुलिस ने पूछताछ पर बताया कि वे दोनो झारखण्ड राज्य के रहने वाले हैं तथा आसपास गाँव के ही हैं । जब झारखण्ड मे अफीम की फसल तैयार हो जाती है तो वहां अंदर जंगल से बहुत कम कीमत पर करीब एक लाख रुपये के हिसाब से आसानी से मिल जाती है। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में बहुत मंहगी कीमत पर आसानी से बिक्री कर देते हैं। हम लोग पहले भी जलालाबाद कस्बे मे आकर कई बार अफीम की बिक्री करने आए थे।


सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहित खन्ना/रोहित खन्ना/ एलबीडीईएल00002071616/ एलबीडीईएल00002077700 | फ्लैट नंबर सी-1001, 10वां तल, टावर सी, प्रिस्टाइन एवेन्यू, प्लॉट नंबर 3 एफ, जीएच-03, गौड़ सिटी-2, सेक्टर-16 सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर (क्षेत्रफल परिमाप 1360 वर्ग फीट)/12 मई, 2023 | 19-12-2022 रू. 5,71,949/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | निधि अरोड़ा, ऋषभ एच अरोड़ा, एलबीएनओडी00002880906 | फ्लैट नंबर 1012, 10वां तल, प्लॉट नबर जीएच-01 बी, सेक्टर 10, बिल्डिंग ओम महागुन मंत्रा-1, नोएडा (क्षेत्रफल परिमाप 1025 वर्ग फीट)/12 मई, 2023 | 27-09-2021 रू. 34,26,264/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | संगीता रावत/ सुनयना देवी LBGUR00004838188 | फ्लैट नंबर 2101, 21वां तल, अस्पेन स्पोर्ट्स होम, स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर निकटस्थ टेकजोन-4, प्लॉट नंबर जीएच-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश (क्षेत्रफल परिमाप 1680 वर्ग फीट)/12 मई, 2023 | 19-12-2022 रू. 36,30,328/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | राम नाथ गांधी/भानु गांधी/सुमित गांधी एलबीडीईएल00003623209 | प्लॉट नंबर 235, भू तल, ब्लॉक ए-5, पश्चिम विहार, दिल्ली (क्षेत्रफल परिमाप 151.40 वर्ग फीट)/12 मई, 2023 | 01-12-2022 रू. 25,02,062/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | सत्येन्द्र कुमार/ललन मंडल LBDEL00003603581 | फ्लैट नंबर 1606, 15वां तल, लोटस जिंग, टावर 1,, प्लॉट नंबर डीवी-जीएच-01/ए, सेक्टर-168, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश /12 मई, 2023 | 25-06-2021 रू. 58,83,474/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 17-05-2023
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# पीएम किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत होगा ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन

● पीएम किसान से वंचित लाभार्थियों अथवा ऐसे लाभार्थियों का चिन्हीकरण कर उनसे आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर मौके पर ही समस्या का निराकरण करेंगे

**संवाददाता।** बरेली

**उप** कृषि निदेशक डॉ दीदार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत समस्त पात्र कृषकों से संतृप्तीकरण के उद्देश्य से वृहद ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। कहा कि योजना अन्तर्गत 12वीं किस्त निर्गत करने के लिए कृषकों के भूलेख का सत्यापन कर अपलोड करने की कार्यवाही आवश्यक की गई थी एवं पुन: 13वीं किस्त निर्गत करने से पूर्व सभी पात्र कृषकों के बैंक खाते को आधार से लिंक किया जाना अनिवार्य किया गया था। उन्होंने कहा कि पुन: 14वीं किस्त निर्गत करने के लिए लाभार्थी कृषकों का ईकेवाईसी होना अनिवार्य किया गया है। यह संभव है कि कतिपय कृषक रह गये हैं जो इस योजना के लाभ हेतु पात्र हैं, परन्तु अभी तक विभिन्न कारणों जैसे कृषक द्वारा पात्र होते हुए भी पीएम किसान पोर्टल पर अभी तक ओपन सोर्स से आवेदन नहीं करने, कृषक द्वारा ओपेन सोर्स से किया गया आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित होने, भूलेख के अध्यावधिक न हो पाने अथवा पूर्व में स्वीकृत कृषकों का भूलेख का सत्यापन होने के पश्चात भी आधार का लिंक बैंक खाते से नहीं हो पाया हो पाने के कारण लाभ प्राप्त करने से वंचित हो गये हैं। उप कृषि निदेशक ने कहा कि शिविर में ग्राम प्रधान सहित राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे तथा मौके पर ही पीएम किसान से वंचित लाभार्थियों अथवा ऐसे लाभार्थियों का चिन्हीकरण कर, जिनको किन्ही कारणों से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, से आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर मौके पर ही समस्या का निराकरण करेंगे। कृषक बंधु शिविर के सम्बन्ध में पीएम किसान हेल्पडेस्क (मो नंबर 7310504980 एवं 7983708328) पर सम्पर्क कर भी सहायता

# बिगड़ी दिनचर्या, खानपान और तनाव बन रहा हाइपर टेंशन का कारण

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**हाइपर टेंशन** एक ऐसी समस्या है, जिसे समय पर नियंत्रित न किया गया तो यह ब्रेन स्ट्रोक, हृदयघातए अवसाद, अंधेपन, किडनी फेलियर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बनती है। चिकित्सक इस बढ़ते खतरे को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 17 मई को इस वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि आमतौर 50 साल की उम्र के बाद ही लोगों में इस बीमारी के होने की अधिक संभावनाएं रहती हैं। लेकिन बदली जीवनशैली में बीते कुछ सालों से युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। आमतौर पर लोग इसके शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से नहीं लेते हैं जो कतई ठीक नहीं है। यदि हाइपरटेंशन की समस्या हो रही है तो खानपान से लेकर अपनी दिनचर्या ठीक रखें और चिकित्सकीय परामर्श लें। दवाओं के साथ ही अनुशासित जीवनशैली से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इससे संबंधित जांच और दवाएं उपलब्ध हैं।

## जन सुनवाई दिवस पर शिकायत कर्ताओं ने सुनाया दुखड़ा

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई दिवस में शिकायततकर्ताओं ने दिक्कत को बताया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें नगर क्षेत्र के लोगो ने जन सुनवाई दिवस में हाजिर होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। जन सुनवाई दिवस में संतोष शर्मा ने अधिकारियों को फरमान सुनाया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये समय निस्तारण कराया जायें। जन सुनवाई दिवस में 06 समस्यायें शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 03 शिकायतों समस्याओं का निस्तारण किया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण के संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया इस मौके पर नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग करें।


ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहाँ है', जैसी है जो भी है तथा 'जो भी है वहाँ है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री मुकेश कुमार सिंह (कर्ज़दार), सुश्री कंचन देवी (सह-कर्ज़दार) QZJNK00005025598 | फ्लैट नंबर डी-2/209, दूसरी मंज़िल, एलएचएस पोर्शन, खसरा नंबर 773, हूवर्स अपार्टमेंट, विस्तारित लाल डोरा आबादी, गांव बुरारी, दिल्ली। क्षेत्रफल 50.73 वर्ग मीटर | रु. 25,19,867/- (मई 10, 2023 तक) | रु. 17,10, 000/- / रु. 1,71, 000/- | मई 26, 2023 को दो. 03:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक | जून 13, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 12, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित संपत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **जून 12, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **जून 12, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जून 12, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040/ 8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।
तिथि : मई 17, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 17 मई, 2023



# फतेहपुर में हुआ भीषण सड़क हादसा महिलाओं व बच्चों समेत नौ की मौत

**टैंकर की टक्कर से विक्रम के उड़े चीथड़े**

संवाददाता। फतेहपुर



**जनपद** के जहानाबाद थाना क्षेत्र में चिल्ली मोड़ के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच पुरुष, दो महिलायें और दो बच्चे शामिल हैं, जबकि अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी जहानाबाद में उपचार के लिये भेजा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क दुर्घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी। जानकारी होते ही जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पहुंचे और मौके का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार इटावा जनपद से एक विक्रम में करीब चौदह लोग सवार होकर जहानाबाद सगाई कार्यक्रम में आ रहे थे। जहानाबाद से कुछ ही दूरी पर अपरान्ह करीब तीन बजे चिल्ली मोड़ के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर की विक्रम से भिड़ंत हो गई, जिससे विक्रम पटल गया। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मौके पर तड़प नौ लोगों ने दम तोड़ दिया।

मृतकों में अनिल पुत्र सोहनलाल 32 वर्ष, यशोदा देवी पत्नी अनिल 28 वर्ष, पल्लवी पुत्री अनिल 7 वर्ष, सौम्या पुत्री अनिल 6 वर्ष, लव पुत्र अनिल 4 वर्ष, अशरफी लाल 52 वर्ष, चालक अज्ञात 38 वर्ष समेत नौ लोग शामिल हैं। सड़क दुर्घटना की जानकारी जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को मिलते ही जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक जहानाबाद पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। उधर दो घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी हालत ज्यादा नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

# दिनदहाड़े सर्राफा कारोबारी को गोली मारकर लूटे सात लाख

संवाददाता। बिंदकी, फतेहपुर

**जिले** में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां दिनदहाड़े तीन बाइक सवार बदमाशों ने मंगलवार सुबह सर्राफा कारोबारी को गोली मार दी। इसके बाद सोने-चांदी के आभूषण और नगदी समेत सात लाख का माल लूटकर फरार हो गए। घायल सर्राफा को नाजुक हालत में कानपुर रेफर किया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं एसपी राजेश कुमार सिंह भी पहुंचकर मौका मुआयना किया। घटना बिंदकी कोतवाली के जफराबाद की है।

जानकारी के अनुसार बिंदकी कस्बा के मीरखपुर निवासी सुनील सोनी सर्राफा व्यवसायी हैं। जाफराबाद में सोने-चांदी के आभूषण की दुकान है। रोज की तरह सर्राफ कारोबारी मंगलवार सुबह करीब दस बजे दुकान खोलने पहुंचे थे। रास्ते से ही तीन बाइक सवार बदमाश भी उनके पीछे लगे थे। जैसे ही वह दुकान खोलने लगे तभी बदमाशों ने पहले सर्राफ की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और बैग छीनने लगे। असफल होने पर गोली मार दी। गोली सर्राफ के दाहिने हाथ में लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। इसके बाद बदमाश सोने-चांदी व नगदी से भरा बैग लेकर मौके से भाग निकले।

सर्राफा के अनुसार बैग में पांच किलो चांदी, पचास ग्राम सोने व सोने की पांच अंगूठियों के अलावा 15 हजार रुपये नगद सहित करीब सात लाख का माल बैग में था। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि घायल सर्राफ को गोली हाथ पर लगी है। उन्हें परिजन कानपुर ले गए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बदमाशों ने सर्राफ को गोली मारी है। परिजन कानपुर इलाज के लिए ले गए हैं। आरोपियों का सुराग लगाया जा रहा है।

# जिले के लिए वरदान सिद्ध होगा मातृ एवं शिशु अस्पताल : डीएम

**डीएम ने किया दो सौ बेड के अस्पताल का निरीक्षण**

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने मंगलवार कोएम एच एस विंग खोह अस्पताल के संचालन के संबंध में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी को निर्देश दिए कि कल से अस्पताल में कुछ गर्भवती महिलाओं को भेजकर डिलीवरी शुरू कराएं जो मशीनरी की कमी हो तो उसकी व्यवस्था जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से कराएं। पैथोलॉजी आदि का प्रयोग सही तरीके से किया जाए । सिक्योरिटी गार्ड एवं स्वीपर की व्यवस्था कराएं। आशा एएनएम को सक्रिय करके अस्पताल के संचालन के संबंध में प्रचार प्रसार कराएं। अस्पताल में बोर्ड भी लगाया जाए कि डॉक्टर, वार्ड बॉय, स्टाफनर्स कहां पर बैठेंगे, डिलीवरी कहां होगी दवा कहां मिलेगी तथा पर्चा कहां कटेगा। लिफ्ट ऑपरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जनता की शिकायतों का निस्तारण : अभिषेक आनंद



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में आईजीआरएस के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक, जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि अब डिफाल्टर में मानक अंग प्रदान किए जाएंगे एवं एक मोबाइल नंबर से प्रणाली में एक माह में 10 से अधिक संदर्भ दर्ज नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि डिफाल्टर मानक अनुसार उसका मूल्यांकन भी की जाएगी। कहा कि जनसुनवाई की फीडबैक मुख्यमंत्री कार्यालय से भी लिया जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का प्राथमिकता के साथ इसको देखा जाता है। उन्होंने कहा इसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं । उन्होंने कहा कि प्रतिदिन डिफाल्टर पर कार्य करें। कहा दो-तीन दिन के अंदर डिफाल्टर का निस्तारण होना चाहिए एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी होनी चाहिए। अगर निस्तारण न होने वाला है तो उसे फोन पर बात कर उसे समझाएं । उन्होंने अपर जिला अधिकारी न्यायिक को निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों के नाम और पदनाम लिस्ट को भी रखें कितने डिफाल्टर है देखें व रिकॉर्ड भी रखें। उन्होंने कहा कि किसी अधिकारी का 3 दिन लगातार डिफाल्टर हो उसका 1 दिन का वेतन तथा महीने के लास्ट में 5 दिन का डिफाल्टर रहेगा तो टॉप 10 में 5 दिन का वेतन काटा जाएगा।

# लिस्ट में नाम होने के बावजूद नहीं मिल रहा आवास योजना का लाभ

**फतेहपुर।** आवास योजना की लिस्ट में नाम होने के बावजूद प्रधान पात्रों को योजना का लाभ नहीं दे रहा है। जिस पर पीड़ितों ने जनसुनवाई पोर्टल के जरिये मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती पत्र में असोथर विकास खंड के ग्राम सुदीन का डेरा मजरे कोर्राकनक गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनका प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नाम लिस्ट में आ गया है लेकिन प्रधान विपक्षी होने के कारण सरकारी योजना का लाभ नहीं दे रहा है बल्कि अतिरिक्त धनराशि की मांग करता है। कहता है क जब उन्होने वोट नहीं दिया तो सरकारी योजना का लाभ नहीं लेने देंगे। ऐसी स्थिति में पीड़ितों ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसी स्थिति में चिन्हित लिस्ट के आधार पर आवास योजना की कालोनी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

## नवनिर्वाचित सभासदों का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**फतेहपुर।** कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को कर्नाटक राज्य में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर मिठाई खिलाकर खुशी व जश्न मनाया। साथ ही नगर निकाय चुनाव में विजई हुए प्रत्याशियों का स्वागत व अभिनंदन किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में कर्नाटक में पार्टी की जीत पर लोगों को मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष श्री पांडेय ने स्वागत कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहा कि अब भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। आने वाले अन्य राज्यों के चुनाव में भी कांग्रेस की सरकारें बनेंगी। साथ ही 24 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की विदाई केंद्र से तय है। मालूम हो कि शहर से कांग्रेस पार्टी के तीन सभासद विजयी हुए हैं।

# बुंदेली सेना ने की नदी सफाई की शुरुआत




**चित्रकूट।** पिछले लगभग दस दिनों से रामघाट में लेजर लाइट एन्ड साउंड शो का संचालन ठप्प है। न तो पर्यटन विभाग को इसकी परवाह है और न ही नयागांव नगर पंचायत को। मायूस हैं तो केवल लेजर शो देखने की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्री। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से ठोस पहल की मांग की है। मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि योगी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट पर जानबूझकर ग्रहण लगाया जा रहा है। बेपरवाही का आलम यह है कि आए दिन नयागांव रपटा के फाटक खोलकर रामघाट में नदी का पानी कम कर दिया जाता है। लेजर शो के संचालन की जिम्मेदारी पर्यटन विभाग के पास है। पर्यटन विभाग यह कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि रपटा के फाटक नगर पंचायत नयागांव से खोलवाये जाते हैं। फाटक भी केवल बारिश के दिनों में ही खोले जाते थे, लेकिन अब मनमानी हावी है। अचानक फाटक खुलने से नदी में गंदगी का साम्राज्य नजर आता है। उधर नयागांव रपटा से बूढ़े हनुमान मंदिर के बीच नदी की गंदगी सफाई का बुंदेली सेना ने अभियान शुरु कर दिया है।

# पेयजल व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त हों : प्रमोद झा

**उप जिलाधिकारी ने किया जल संस्थान का औचक निरीक्षण**

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट



**बढ़ती** गर्मी को देखते हुए उप जिला अधिकारी व तहसीलदार राजापुर के द्वारा जल संस्थान के कार्यालय में पहुंचकर औचक निरीक्षण करते हुए नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्रों के वार्ड में पेयजल की व्यवस्था कराने के निर्देश जारी किए हैं। बताते चलें कि नगर पंचायत राजापुर में स्थित जल संस्थान 1962 से पेयजल की व्यवस्था करता चला आ रहा है पूरे नगर क्षेत्र को सात कूप पंपों के माध्यम से पानी सप्लाई करता है नगर क्षेत्र में 1585 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 273 उपभोक्ताओं ने कनेक्शन ले रखा है।

औचक निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण भीषण गर्मी हो रही है इन्हीं महीनों में पेयजल की भारी परेशानियां होती है उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुरसेन , बरद्वारा, करौंदी कला आदि गांवो में भी पेयजल की व्यवस्था कराने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं और कस्बे के एकलव्य नगर माधवगंज ,धोबी गंज, हनुमानगंज ,कारखाना जहां नई पाइपलाइन नहीं है वहां डालकर पानी उपलब्ध कराने के लिए अवर अभियंता राहुल कुमार को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नगर तथा विस्तारित क्षेत्र मैं सबसे बड़े बकायेदारों की सूची बनाकर जिलाधिकारी चित्रकूट के माध्यम से आरसी जारी करा कर वसूली किए जाने के कड़े निर्देश भी दिए गए हैं।

## बंधिन के मंदिर में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव



**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र के बंधिन गांव में रामजानकी मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। धर्मनगरी के 11 महंत और संतों को सम्मानित किया गया। भजन- कीर्तन और भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की। मंगलवार को बंधिन गांव में बने रामजानकी मंदिर के पांचवें वार्षिकोत्सव में अखंड रामनाम संकीर्तन के साथ ही विविध धार्मिक आयोजन हुए। हवन पूजन से लेकर हुए आयोजनों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

# मानसिक मंदित तथा निराश्रित दिव्यांगों की मदद के लिए सरकार ने बढ़ाया हाथ

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजनल हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किए जाने की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है। जानकारी देते हुए जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने बताया कि निःशक्त व्यक्ति ;सामान्य अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी अधिनियम-1995 एवं दिव्यांगजन अधिकारी अधिनिय-2016 के अंतर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो मानसिक मंदित के क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखते होंए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र की वेबसाइट से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित दिशा.निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान प्रस्ताव विलम्बतम दिनांक 30 जून 2023 तक जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारीए कमरा नं.105, विकास भवन, माती, कानपुर देहात के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खेलो इण्डिया गेम्स के तृतीय संस्करण का आयोजन

**कानपुर देहात।** खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के तृतीय संस्करण का आयोजन 25 मई से 5 जून 2023 अहमद किया जाना है। गेम्स के प्रचार.प्रसार हेतु 4 मशाल रैली प्रचार वाहन के साथ अलग.अलग दिशाओं में इन्दिरा गान्धी प्रतिष्ठान लखनऊ से मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर रवाना की गई है। जिसमें से एक मशाल रैली खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के आयोजन का सार्वजनिक प्रचार.प्रसार करते हुए कन्नौज के रास्ते जनपद कानपुर देहात में दिनांक 20 मई 2023 को प्रातः 8 बजे प्रवेश करेगी। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

# महिलायें बेटा-बेटी में भेदभाव न करें : अलकमा

**आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को किया जागरूक**

संवाददाता। उरई, जालौन



**जिला** प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार उरई शहर में स्थित मुहल्ला शिवपुरी वार्ड नंबर 25 में आंगनबाड़ी केंद्र पर मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग से महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी अलकमा अख्तर ने महिलाओं को बाल विवाह व बाल श्रम के विषय में महिलाओं से बातचीत की।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में बताया गया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में महिलाओं को जानकारी दी, दहेज प्रतिषेध महिलाओं के साथ अभद्रता का व्यवहार, एवं महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न संस्थाओं और हेल्पलाइन नम्बरों 112,1090, 1098, 181,1076, 108 आदि के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह आदि सभी योजनाओं प्रचार प्रसार किया गया बताया गया कि महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष समझा जाए बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। महिलाओं को स्तनपान के विषय में जानकारी दी गई।

## अंधड़ के चलते ऑल्टो कार पेड़ से टकरायी, चार घायल

**उरई, जालौन।** मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट बदली और देखते ही देखते आसमान में बादल छाने शुरू हो गये। इसी के साथ धूल भरी आंधी आने से एक ऑल्टो चालक अपना संतुलन खो बैठा और कार सड़क किनारे पीपल के पेड़ से टकराकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। जिससे कार में सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार आल्टो कार नंबर यूपी 80 सीयू 1998 लगभग पांच बजे बंगरा से जालौन की ओर जा रही थी। बताया जाता है कि जैसे ही ऑल्टो सवार ग्राम रूरा के समीप पहुंचे ही थे तभी धूल भरी आंधी आने से चालक अपना संतुलन खो बैठा और कार सड़क किनारे पीपल के पेड़ से टकराकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी।

# गरीब के घर में आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान

**कालपी**, जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर में खाना बनाते समय घर में भीषण आग लग गई। जिससे घर में रखा ग्रहस्थी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। कालपी कोतवाली क्षेत्र में यमुना नदी के बीहड़ पट्टी में स्थित ग्राम धर्मपुर निवासी कालीदीन पुत्र बलदेव की पत्नी सुनीता रोज की तरह मंगलवार की सुबह खाना बना रही थी। तभी सब्जी बनाते समय कढ़ाई से उठी लौ के चलते उसके छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण किया और पूरे आशियाने को अपनी चपेट में ले लिया। वही आग की लपटों के बीच घिरी महिला ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। गरीब की झोपड़ी से उठती आग की लपटें देखकर गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, तब तक आग की चपेट में आकर 5 कुंतल गेहूं, 2 कुंटल चना, 2 कुंतल लाही, राशन, कपड़े, गहने सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

# टाउन हाल परिसर नगरवासियों के लिये बनेगा आकर्षक : डीएम



**उरई,** जालौन। मंगलवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने उरई नगर स्थित ऐतिहासिक भवन टाउन हॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टाउन हॉल के मुख्य द्वार को और अधिक सुन्दरीकरण किये जाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही टाउन हाल परिसर में वृक्षारोपण कराने की योजना को भी अमली जामा पहनाने के निर्देश दिये ताकि नगर के बीचों बीच बने नगर भवन को हरियाली से भी आच्छादित किया जा सके। उन्होंने टाउन हॉल में चल रहे कार्य को देखा और सम्बन्धित को अतिशीघ्र ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने टाउन हॉल में चल रहे सुन्दरीकरण एवं टाउन हॉल के मैदान में वृक्षारोपण आदि का कार्य कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और उरई विकास प्राधिकरण के अभियंताओ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## ओवरलोड वाहनों से वसूला एक लाख का जुर्माना

**जालौन, उरई।** एआरटीओ ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दो ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया। ओवरलोड वाहनों पर एक लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान ओवरलोड मौरम व ईंट लादकर जा रहे दो ट्रक को पकड़ा गया। जब चालक से जरूरी प्रपत्र मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। जिसके बाद टीम ने ओवरलोड ट्रक को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। इस संदर्भ में एआरटीओ ने बताया कि दो ओवरलोड ट्रक पकड़े गए हैं। जिन पर 1 लाख 12 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

# पुलिस ने नहीं सुनी तो अदालत के आदेश पर हुआ मुकदमा दर्ज

**कायमगंज**, फर्रुखाबाद। पीड़ित की गुहार पुलिस ने अनसुनी कर दी। मजबूरन पीड़ित न्यायालय की शरण में पहुंचा। यहां से न्यायालय द्वारा आदेश पारित होने के बाद आरोपियों के विरुद्ध उसी पुलिस ने एउसी कोतवाली में किया मुकदमा दर्ज। मामला कोतवाली कायमगंज परिसर से चंद कदमों की दूरी पर स्थित मोहगा जटवारा का है। यहां की निवासिनी सुमन अग्निहोत्री पत्नी अरुण अग्निहोत्री ने न्यायालय में गुहार लगाते हुए कहा कि इसी मोहगे के निवासी सुचित्र कुमार उर्फ पप्पू पुत्र रामचंद्र, सरोज गंगवार पत्नी सुचित्र गंगवार उस समय उसके घर पर आ धमके। जब वह अपने मकान के छज्जे पर रेलिंग तथा अन्य कार्य करा रही थी। आते ही लोगों ने रेलिंग लगाने का विरोध करते हुए उसे गाली गलौज किया। विरोध करते ही इन सभी ने उसके साथ मारपीट की तथा मेरे बच्चों को भी धमकाया। सुचित्र ने मेरे कमरे में घुसकर मेरी साड़ी फाड़ कर मुझे पकड़ा और खींचकर अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। तैसे इन लोगों से बचकर तुरंत थाने गई। लेकिन मेरी फरियाद नहीं सुनी गई।

## पीएम आवास में धांधली के आरोप में फंसे ग्राम प्रधान

**फर्रुखाबाद।** उपजिलाधिकारी अमृतपुर की जांच में मामला सामने आया जिसमे प्रधान नें खुद तो पीएम आवास लिया ही साथ ही अपनी पुत्रबधू आदि लिये आवास का पैसा निकाल लिया। एसडीएम नें जांच रिपोर्ट डीएम को भेजनें की बात कही है। दरअसल अमृतपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर निवासी महिला सोनी पत्नी अजय पाल नें शिकायत की थी। जिसमे कहा था कि गांव में दिये गये आवास फर्जी हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम पद्म सिंह मौके पर पंहुचे और जांच की। जिसमे पता चला की ग्राम प्रधान रामबेटी पत्नी वीरपाल व उसकी पुत्र बधू के नाम से पीएम आवास आवंटित मिला। इसके साथ ही अन्य कई ग्रामीणों के आवास चेक किए गए। जिनके पास पहले से पक्का मकान और खेत है। उसके बाद भी उन्हें प्रधान नें पीएम आवास दे दिया ।

# पेज एक का शेष

## कर्नाटक प्रदेश...

थी। हमारे नेता आगे का फैसला करेंगे। जोशी ने लोगों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस से जल्द से जल्द सरकार बनाने की भी अपील की। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भाजपा के अगले कदम के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा कि पार्टी आत्ममंथन करेगी। उन्होंने कहा, हम पहले ही कह चुके हैं कि यह भाजपा के लिए सबसे निराशाजनक परिणाम है। चुनाव में इस तरह के घटनाक्रम होते रहते हैं। हमें कारण का पता लगाना होगा। उन्होंने कहा कि न तो उन्होंने और न ही पार्टी ने विधानसभा चुनाव में मिली हार को हल्के में लिया है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, परिणाम को एक चुनौती के रूप में लिया गया है। उन्होंने कहा, हम लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस रहे हैं और हम जीतेंगे। गत 13 मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कटील ने कहा था कि राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में वह चुनाव में पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हैं।

## जस्टिस मिश्रा...

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल हैं। कॉलेजियम ने अपनी सिफारिश में कहा है कि जुलाई के दूसरे हफ्ते में चार और रिक्तियां होंगी तथा न्यायाधीशों की संख्या घटकर 28 रह जाएंगी। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ 16 जून 2023 को, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी 17 जून को, न्यायमूर्ति वी. रमासुब्रमण्यम 29 जून को और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी आठ जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा को 10 दिसंबर, 2009 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें 13 अक्टूबर, 2021 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रस्ताव में कहा गया है, कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से यह सिफारिश करने का संकल्प लिया कि न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जाए। कॉलेजियम ने कहा कि उसने उच्चतम न्यायालय में नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालयों के योग्य मुख्य न्यायाधीशों और अन्य अवर न्यायाधीशों के नामों पर विचार-विमर्श किया। सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्तियों की सिफारिश करते समय कॉलेजियम ने निम्नलिखित पहलुओं पर विचार किया है--संबंधित उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों और अन्य वरिष्ठ न्यायाधीशों की वरिष्ठता के साथ-साथ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की समग्र वरिष्ठता, विचाराधीन न्यायाधीशों की योग्यता, प्रदर्शन और सत्यनिष्ठा। प्रस्ताव में कहा गया है कि कॉलेजियम ने उच्च न्यायालयों के प्रतिनिधित्व द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में विविधता और समावेश सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी विचार किया और इसके तहत जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है या अपर्याप्त प्रतिनिधित्व है, उन्हें प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया और समाज के हाशिए और पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों की नियुक्ति की गई है। कॉलेजियम ने कहा कि जिन अन्य पहलुओं पर विचार किया गया, उनमें लैंगिक विविधता और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व शामिल है। इसमें कहा गया है, योग्य मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ न्यायाधीशों की योग्यता, सत्यनिष्ठा और क्षमता का ध्यानपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद और विचारों की बहुलता को समायोजित करने के बाद, कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अधिक योग्य और हर तरह से उपयुक्त पाया। प्रस्ताव में कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वर्तमान संरचना में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

## मानसून के...

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान के पूर्व सचिव एम राजीवन ने कहा कि ऐसी संभावना नहीं है कि मानसून में देरी का कारण चक्रवात मोखा है। उन्होंने कहाकि यदि चक्रवात 20 मई-25 मई के आसपास आया होता, तो यह वास्तव में मानसून को प्रभावित करता। चक्रवात अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप में अपर्याप्त ताप के कारण ऐसा हो सकता है और मानसून की प्रगति विभिन्न कारणों पर निर्भर करती है। आईएमडी ने पिछले महीने कहा था कि भारत में अल नीनो की स्थिति के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। वर्षा सिंचित कृषि भारत के कृषि परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें खेती क्षेत्र का 52 प्रतिशत इस पद्धति पर निर्भर है। यह देश के कुल खाद्य उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत है, जो इसे भारत की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाता है।

## मीरवाइज मोहम्मद...

कि कुछ समय पहले कश्मीर लौटने से पहले ये आतंकी पाकिस्तान और नेपाल में छिपे हुए थे। कश्मीर आने के बाद लगातार अपना पता और हुलिया बदल रहे थे, ताकि पहचान न हो सके। स्पेशल डीजी (सीआईडी) ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई थी कि हिज्बुल कमांडर अब्दुल्लाह बांगरू ने मीरवाइज की हत्या की साजिश रची थी। हत्याकांड को अंजाम देने से पहले पांचों आरोपी हत्यारों को प्रशिक्षण के लिए 1990 में पाकिस्तान भेजा गया था। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मीरवाइज हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है।

## ब्रांडेड आयुर्वेदिक...

हरजीत, एएसआई नीरज पांडेय, सुरेंद्र राठी, हवलदार धर्मेंद्र, मोहित, राजेश, प्रदीप, सिपाही राकेश, दर्शन व हिमांक की टीम बनाई। छानबीन शुरू की तो पता चला कि गिरोह अब तक देशभर में 6,372 लोगों से करीब 1.94 करोड़ की ठगी कर चुका है। यह गोरखधंधा साल 2017 से चल रहा था। पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर विकास पाल, सोनू पाल, राजेश सिंह, और आशुतोष कुमार (दिल्ली) राहुल सिंह, समर, उग्रसेन सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह (बाराबंकी) रोहित सिंह (बहराइच), सतीश सिंह (लखीमपुर खीरी) को गिरफ्तार कर लिया। इनमें राहुल सिंह पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में उग्रसेन, समर सिंह और जितेंद्र सिंह समेत अन्य सहयोगियों के साथ फर्जी कॉल सेंटर चलाता था।

# अभियान चला लोगों को जागरूक करेगा मानसिक स्वास्थ्य विभाग

**एक्सपर्ट टीम मंदिरों व मस्जिदों में जाकर दुआ व दवा के साथ साथ इलाज के लिये करेगी प्रेरित**

**हमीरपुर।** मानसिक स्वास्थ्य विभाग जिले में दुवा से दवा तक अभियान चलाकर लोगों को अंधविश्वास से छुटकारा दिलाने का प्रयास करेगा। विभाग के एक्सपर्ट का मानना है कि विभागीय टीम शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिर व मस्जिदों में जाकर वहां पर आने वाले लोगों को प्रेरित करेगे कि वह दुवा भी ले और दवा ले ताकि मरीज को जल्द किसी बीमारी से छुटकारा मिल सके। मानसिक विभाग की क्लीनकल साइक्लोजिस्ट मानसी सिंह ने आज बताया कि बुन्देलखंड में अभी भी किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिये लोग दुआ व पूजा का सहारा लेते है। दवा समय से न लेने के कारण लोगो को नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिये मानसिक विभाग ने दुवा से दवा तक अभियान चलाकर लोगो को वृहद स्तर पर जागरुक करने का फैसला किया है,लोगो को जागरुक किया जायेगा कि वह पूजा पाठ करने के साथ साथ मरीज को दवा भी दे ताकि दोनो का असर हो सके और मरीज को जल्द लाभ मिल सके। उनका मानना है कि विभाग वैसे सीएचसी पीएचसी में कैम्प लगाकर स्किजोफ्रेनिया के मरीजों को दवा देने व उनमें जागरुकता फैलाने का काम किया जा रहा है।

## आत्महत्या के खिलाफ रेलवे पुलिस टीम ने किया जागरुक

**मौदहा, हमीरपुर।** रेलवे पुलिस टीम बांदा ने यहां आकर आम आदमियों को जागरुक कर आत्महत्या न करने के लिये प्रेरित किया। टीम में निरीक्षक देवनारायण कशाना, उपनिरीक्षक बिकटर लकारा ने ई रिक्शा आटो चालको को बताया कि लोग रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर लेते है। इससे कई परिवार बर्बाद हो जाते है सभी लोग एक दूसरे को जागरुक करे तो इस प्रकार की घटनाओं में रोक लगायी जा सकती है। उन्होने कहा कि कई स्थानों में रेलवे लाइन गांवों के बाहर से निकली उस पर बच्चे लाइन में गिट्टी रखते है जो गलत बच्चो को रोक जाये। ताकि कोई घटना न होने पाये।

# कीव पर रूस ने किया भीषण हवाई हमला

**● यूक्रेन ने किया 18 मिसाइलों को नष्ट**

एपी। कीव

**रूस** ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर भीषण हवाई हमला किया लेकिन यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने इसे विफल करते हुए दागी गई सभी 18 मिसाइलों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन की राजधानी कीव में मंगलवार तड़के रूस ने हवा, समुद्र और जमीन से मिसाइल दागते हुए भीषण हमला किया। हमलों के दौरान कीव में सोमवार देर रात तेज धमाकों की आवाज सुनी गई। हमलों में किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है। यूक्रेन को पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए हथियारों ने हमले को रोकने में मदद की।

हमले ऐसे समय में किए गए जब यूरोपीय नेताओं ने रूस को युद्ध के लिए दंडित करने के नए तरीके खोजे हैं और चीन के एक दूत ने बीजिंग के शांति प्रस्ताव पर कार्वाई की मांग की है। इस महीने में आठवीं बार रूस ने हवाई हमलों से कीव को निशाना बनाया है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि कीव पर रूस का यह हमला संख्या के आधार पर बेहद व्यापक था। उन्होंने कहा कि दनादन मिसाइल दागी गईं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के यूरोप की यात्रा संपन्न करने के बीच ए हमले किए गए। पोपको ने कहा, प्राथमिक जानकारी के अनुसार कीव के हवाई क्षेत्र में हमला करने वालों के अधिकतर ठिकानों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर दिया गया।

यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि हमले में ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल सहित विभिन्न



प्रकार की 18 मिसाइलें दागी गईं। वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इनहात ने कहा कि सभी को मार गिराया गया। इनहात ने सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम पर बताया कि छह किंजल एयरो-बैलिस्टिक मिसाइल मिग-31के विमान से दागी गईं तथा काला सागर में मौजूद जहाजों से नौ क्रूज मिसाइल और तीन जमीन आधारित एस-400 क्रूज मिसाइलों से राजधानी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने बल की जवाबी कार्वाई की सराहना करते हुए ट्वीट किया, एक और अविश्वसनीय सफलता। यूक्रेन में ब्रिटेन की राजदूत मेलिंडा सिमंस ने ट्वीट किया कि हमले भीषण थे। उन्होंने लिखा, हिलती दीवारों के बीच रात काटना आसान नहीं था। रूस के एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि मंगलवार के हमले में कीव में एक पैट्रियट मिसाइल इकाई को नष्ट कर दिया गया। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि प्रणाली को किंजल ने नष्ट किया। उन्होंने इस संबंध में कोई सबूत नहीं दिए और इस बयान की कोई पुष्टि भी नहीं की जा सकती। सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत हवाई सुरक्षा ने रूसी विमानों को यूक्रेन में अंदर तक जाने से रोक दिया। हमला ऐसे समय किया गया जब यूरोपीय नेता महाद्वीप के मुख्य मानवाधिकार निकाय 46 देशों की यूरोपीय परिषद के एक दुर्लभ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले हैं। वहीं, एक चीनी दूत आने वाले दिनों में यूक्रेन और रूस की यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि बीजिंग फरवरी में जारी शांति योजना पर जोर दे रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, पूर्व राजदूत ली हुई पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी की यात्रा भी करेंगे। चीन सरकार का कहना है कि वह तटस्थ है और युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका निभाना चाहती है।

# सैन्य संस्थानों पर हमलों के लिए जिम्मेदारों पर चलाया जाएगा मुकदमा: पाक सेना



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** सेना के शीर्ष नेतृत्व ने सैन्य संस्थानों पर हालिया हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के कठघरे में खड़ा करने का संकल्प लेते हुए कठोर पाकिस्तान सेना अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मुकदमे चलाने का फैसला किया है। इन हमलों में रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय पर हुआ हमला भी शामिल है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर में गत मंगलवार को रेंजर्स द्वारा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी से पाकिस्तान में अशांति फैल गई जो शुक्रवार तक जारी रही। इस दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा कई सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया गया। हिंसा में कई लोगों की जान गई और कई अन्य घायल भी हुए।

देश के इतिहास में पहली बार रावलपिंडी में सेना मुख्यालय पर धावा बोला गया और खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने लाहौर में ऐतिहासिक कोर कमांडर हाउस में आग लगा दी थी।

पाकिस्तानी सेना द्वारा कठोर सैन्य अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत कार्वाई करने का फैसला एक गंभीर कदम है। इसमें खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों के खिलाफ ऐसे आरोप तय किए जा सकते हैं, जिसके लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास दिए जाने का भी प्रावधान है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की अध्यक्षता में स्पेशल कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें संकल्प किया गया कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई संयम नहीं बरता जाएगा।

बयान के अनुसार, स्पेशल कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने वालों ने सैन्य प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक व निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की राजनीतिक रूप से प्रेरित घटनाओं की निंदा की। बयान में कहा गया कि फोरम ने दृढ़ संकल्प व्यक्त किया कि सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ हमला करने वालों के खिलाफ पाकिस्तान सेना अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम सहित पाकिस्तान के संबंधित कानूनों के तहत मुकदमें चलाए जाएंगे।

इस बीच, पाकिस्तानी सेना के बयान के जवाब में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने ट्वीट किया, पाकिस्तान संघ में एक जिम्मेदार तथा सबसे बड़ी राजनीतिक संस्था के तौर पर पीटीआई संविधान और लोकतंत्र को लेकर प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि खान (70) को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पिछले सप्ताह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से रेंजर्स के अर्धसैनिक बल ने गिरफ्तार कर लिया था। खान की गिरफ्तारी के बाद देशभर में हिंसक प्रदर्शन हुए। उच्चतम न्यायालय ने खान को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी को गैर कानूनी करार देते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने का आदेश दिया था।

# जापान, चीन के रक्षा मंत्रियों ने संघर्ष से बचने हेतु विश्वास बहाली के लिए हॉटलाइन की शुरूआत की

एपी। तोक्यो

**जापान** और चीन के रक्षा मंत्रियों ने मंगलवार को दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित हॉटलाइन की शुरुआत की। यह हॉटालाइन ऐसे समय शुरू की गई है जब जापान और अन्य पड़ोसी देश बीजिंग की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर चिंतित हैं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जापानी रक्षा मंत्री यासुकाजू हमादा और उनके चीनी समकक्ष ली शांगफू ने 31 मार्च को स्थापित होने के बाद पहली बार हॉटलाइन के माध्यम से लगभग 20 मिनट तक बात की।

दोनों मंत्रियों ने हॉटलाइन की शुरुआत का स्वागत किया और हॉटलाइन समेत समुद्री और हवाई



संचार तंत्र के महत्व की पुष्टि की जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति के दौरान दोनों पक्षों के बीच विश्वास का निर्माण होता है। तोक्यो और बीजिंग पूर्वी चीन सागर में छोटे जापानी-नियंत्रित द्वीपों को लेकर विवाद में उलझे हुए हैं, जिन्हें जापान में सेनकाकू और चीन में दियाओयू के नाम से जाना जाता है। जापान और चीन के बीच द्वीपों और अन्य विवादों पर हमादा ने कहा कि उनके बीच स्पष्ट संचार आवश्यक है, खासकर तब जब उनके संबंध उतने अच्छे नहीं हैं। हमादा और ली ने यह भी सुनिश्चित किया कि हॉटलाइन ठीक से काम कर रही है, और अपने संबंधित रक्षा अधिकारियों के बीच संचार जारी रखने पर सहमत हुए।

हॉटलाइन को लेकर शुरुआत में 2018 में जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे और चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली क्विंग के बीच दोनों देशों की सेनाओं में आकस्मिक संघर्ष से बचने के तरीके के रूप में सहमति हुई थी।

# भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर ने मरीजों को अवैध दवाएं लिखने का जुर्म स्वीकारा

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया राज्य में 76 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर ने मरीजों को नशीले पदार्थ समेत अवैध दवाएं एवं अन्य चिकित्सकीय परामर्श वाले पर्चे लिखने के एक पुराने मामले में अपना जुर्म कबूल लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूएस अटॉर्नी फिलिप ए. टॉलबर्ट की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, मोडेस्टो निवासी स्वतंत्र चोपड़ा ने पिछले बुधवार को वैध चिकित्सकीय उद्देश्य से परे और पेशेवर डॉक्टरी के पेशे से हटकर अवैध दवाएं और चिकित्सकीय सामग्री लिखने का जुर्म कबूल लिया।

बयान के अनुसार इन दवाओं में अत्यधिक नशा होता है और आमतौर पर इनका दुरुपयोग किया जाता है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली ए दवाएं केवल चिकित्सकीय रूप से आवश्यक होने पर ही दी जा सकती हैं। बयान में कहा गया है कि चोपड़ा ने 2020 में इस मामले के लंबित रहने के दौरान अपना मेडिकल लाइसेंस वापस कर दिया था। कैलिफोर्निया के पूर्वी जिले के यूएस अटॉर्नी कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेनिफर एल. थर्सटन पांच सितंबर को चोपड़ा के मामले में फैसला सुना सकती हैं और दोषी ठहराए जाने पर उन्हें अधिकतम 20 वर्ष की जेल हो सकती है तथा 10 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे धनी देश

एपी। बैंकॉक

**प्रशांत** द्वीप समूह के नेताओं ने धनी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन संकट के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार होने के बावजूद वे इसे नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि धनी देश इस संकट से प्रभावित देशों को दिए गए ऋण से मुनाफा कमाने में जुटे हैं।

प्रशांत द्वीप देशों के नेताओं तथा प्रतिनिधियों ने सोमवार को बैंकॉक में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में मांग की कि दुनिया को पर्यावरणीय प्रभाव का मुकाबला करने में भेदभाव को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने चाहिए, खासकर जब उनके देश कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

कुक आइलैंड्स के प्रधानमंत्री मार्क ब्राउन ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए वित्त मॉडल (प्रभाव को कम करने के लिए ऋण देना) उनके क्षेत्र में ऐसी छोटी आबादी वाले देशों के लिए उचित विकल्प नहीं है जो कार्बन का बेहद कम उत्सर्जन करते हैं लेकिन इसका प्रभाव उन पर सबसे अधिक है।

उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर देशों पर वित्तीय बोझ को कम करने में मदद करने के लिए अनुदान या ब्याज मुक्त ऋण जैसे विकल्पों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। पलाऊ के राष्ट्रपति सुरंगेल एस व्हिप्स जूनियर ने सहमति व्यक्त की कि वित्तपोषण के अवसर बेहद कम और कठिन हैं, और उन्होंने वित्तीय सहायता प्रदान करने में विफल रहने के लिए धनी देशों की आलोचना की। उन्होंने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा, हम समस्या की वजह नहीं हैं, लेकिन अब वे हमें ऋण देकर



उसका ब्याज सहित भुगतान लेकर हमसे पैसे कमाएंगे।

व्हिप्स ने कहा कि पलाऊ की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर बहुत अधिक निर्भर है, जिसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बहुत खतरा है। अमेरिका के साथ कॉम्पैक्ट्स ऑफ फ्री एसोसिएशन पर पलाऊ की वार्ता में देश की आर्थिक सुरक्षा भी एक प्रमुख मुद्दा है। यह एक व्यापक समझौता है जो अगले दो दशकों तक अमेरिका के साथ हमारे संबंधों को नियंत्रित करेगा।

उन्होंने कहा कि ए संबंध पर्याप्त सहायता के बदले में द्वीपों में अमेरिका को विशिष्ट सैन्य और अन्य सुरक्षा अधिकार प्रदान करते हैं। व्हिप्स ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने 20 साल की अवधि में लगभग 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर का वादा किया है, जबकि यह उस राशि से निश्चित रूप से कम है जो उनके देश को चाहिए। व्हिप्स ने कहा कि वह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान तय की गईं शर्तों से काफी हद तक संतुष्ट हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा विदेशी सहायता में कटौती करने की चिंताओं पर व्हिप्स ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका समझौते का सम्मान करेगा। उन्होंने अगले सप्ताह पापुआ न्यू गिनी में दोनों पक्षों द्वारा इस समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद जताई।

# आइसलैंड में यूरोपीय परिषद के शिखर सम्मेलन में यूक्रेन पर होगी चर्चा

एपी। रिक्जेविक (आइसलैंड)

**● मानवाधिकार संस्था का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन रूस को जिम्मेदार ठहराने के लिए कानूनी और न्यायिक मदद उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगा**

**यूरोप** महाद्वीप के नेता 46 सदस्यीय यूरोपीय परिषद के एक दुर्लभ शिखर सम्मेलन के लिए मंगलवार को आइसलैंड पहुंच रहे हैं जिसमें एक बार फिर यूक्रेन जैसे सदस्य देश के लिए समर्थन दोहराया जाएगा और अपने पड़ोसी देश पर युद्ध थोपने के लिए रूस की निंदा की जाएगी।

यूरोप की प्रमुख मानवाधिकार संस्था का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन रूस को जिम्मेदार ठहराने के लिए कानूनी और न्यायिक मदद उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगा।

इस शिखर सम्मेलन में नेता ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिसमें एक पंजी में रूसी बलों द्वारा पहुंचाए नुकसान की जानकारी होगी ताकि मॉस्को को बाद में पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सके। उन्हें उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में पर्यवेक्षक अमेरिका भी इस कदम का समर्थन करेगा।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, यह पंजी उन अंतरराष्ट्रीय पहलों में से एक है जो यूक्रेन में हुए अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। परिषद यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि रूस को युद्ध के दौरान किए गए अपराधों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सके। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को ब्रिटेन की यात्रा करने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अब स्वदेश लौट रहे हैं या आइसलैंड जाएंगे।

# अदालत ने इमरान खान की जमानत आठ जून तक बढ़ाई

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हिंसा भड़काने और राजद्रोह से संबंधित दो मामलों में मिली जमानत को मंगलवार को आठ जून तक के लिए बढ़ा दिया।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) की एकल पीठ ने राज्य के संस्थानों के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ आरोपों और खान के समर्थकों द्वारा पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता मोहसिन रांझा के साथ बदसलूकी से संबंधित मामले की सुनवाई की।

मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख की जमानत आठ जून तक बढ़ा दी।

अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री को आज अदालत में पेशी से भी छूट दी थी। मुख्य न्यायाधीश फारूक ने अदालत परिसर से खान की गिरफ्तारी से संबंधित प्राथमिकी के बारे में भी सवाल किया। अटॉर्नी जनरल ने इसके जवाब में कहा कि मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने खान (70) को जमानत देते हुए नौ मई के बाद दर्ज सभी मामलों में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

अग्रिम राहत के लिए उन्हें 15 मई को लाहौर उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा गया था। खान के खिलाफ पिछले साल अप्रैल में सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से कई मामले दर्ज किए गए हैं। खान का आरोप है कि सभी मामले राजनीति से प्रेरित हैं।

इस बीच, लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) ने मंगलवार को खान की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें पिछले सप्ताह अल कादिर ट्रस्ट मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में जमानत देने का अनुरोध किया गया है।

गौरतलब है कि खान (70) को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पिछले सप्ताह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किया गया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार मामले में आठ दिन के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में भेज दिया था। उच्चतम न्यायालय ने खान को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी को गैर कानूनी करार दिया और उन्हें तत्काल रिहा करने का आदेश दिया था।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Dhirender** who is purchasing the House No.5-E/67, area measuring 60 Sq. Yds., situated at N.I.T-5, Faridabad Tehsil Badkhal Distt. Faridabad, Haryana; from **(1)** Mr. Manmeet Singh Sondh & **(2)** Mr. Amanpreet Singh Sondh, who are owner of the aforesaid property vide Transfer Deed (in blood Relation) dated 31.03.2023, which is duly registered vide Document No.9283, at Sub-Registrar, Badkhal; and intend to mortgage against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** That the Original Sale Deed dated 21.10.1991 executed by Mr. Jeevan Singh in favour of Mr. Narottam Singh, which was registered vide Document No.6644, at Sub-Registrar, Faridabad; is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLPPlot no.136,(Basement) Uday Park, New Delhi-110049 Contact# 011-40046316

PUBLIC NOTICE

My clients Dinesh Sharma S/o Brahma Nand Sharma and Jyoti Sharma W/o Dinesh Sharma R/o H.N.408 Near Mother Dairy booth Sector-23 Cartarpuri allies Daulatapuri Nasirabad (63) Gurgaon Haryana-122017 is going to purchase entire property bearing no H.No. H535 Palam Vihar Gurgaon Haryana from its owner Sh. Owner Vinod Kumar Chhibba S/o Jagjit Lal Chhibba R/o CC-58F Hari Nagar Delhi 110064 by virtue of the sale deed. Further any body having any sort of interest or lien in the said property or any part thereof can file his or her objections within 15 days of publication. Failing which same shall not be binding upon my client and my client shall proceed to complete her transactions as per the agreed terms.

Ratan Lal Gupta
Advocate & Legal Advisor

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री देवेंद्र कुमार अरोड़ा, न्यू हैबिटेट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड से ऋण ले रहे है। इसके बदले में संपत्ति यानी एलआईजी मकान नंबर जे-83, एरिया परिमाप 55 वर्ग मीटर, पांडव नगर आवासीय योजना मेरठ, तहसील और जिला मेरठ उ.प्र., में स्थित संपत्ति का कागजात एनएचएचएफडीएल को दिया है। और पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 22.10.2005 के माध्यम से उसका मालिक श्री देवेंद्र कुमार अरोड़ा पिता श्री दीनानाथ अरोड़ा है एमडीए के द्वारा श्री देवेंद्र कुमार अरोड़ा पिता श्री दीनानाथ अरोड़ा के पक्ष में निष्पादित किया था। उप पंजीयक-मेरठ के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत, दस्तावेज सं. 9506, पुस्तक सं. 1, खंड सं. 4594, पृष्ट सं. 11/34, दिनांक 22.10.2005 को पंजीकृत। उपरोक्त संपत्ति से संबंधित उक्त मूल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र/प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेज कहीं खो गया है। और पता नहीं चल रहा है अगर किसी व्यक्ति को यह मिलता है तो कृपया इसे नीचे दिए गए पते पर वापस कर दें। और दिनांक 13.05.2023 को लालकुर्ती थाना मेरठ पुलिस में दर्ज किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/ हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति में ऐसे सभी दावों, हित, प्रभारों, भार आदि से पूरी तरह मुक्त हैं।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014.ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

# भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी उसके सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक : अमेरिकी अधिकारी

भाषा। वाशिंगटन

**भारत** को अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगियों में से एक बताते हुए अमेरिका में जो बाइडन प्रशासन ने कहा है कि अगले महीने होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आधिकारिक राजकीय यात्रा मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने तथा कारोबार एवं सुरक्षा भागीदारी को मजबूत करने सहित कई अहम प्राथमिकताओं पर साझेदारी को बढ़ावा देने का एक अवसर है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति जो बाइडन के निमंत्रण पर अगले



महीने अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आएंगे और राष्ट्रपति जो बाइडन एवं प्रथम महिला जिल बाइडन 22 जून को मोदी के लिए राजकीय भोज का आयोजन करेंगे। विदेश विभाग के उप प्रेस सचिव वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत के साथ हमारी साझेदारी हमारे सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है और हम कई महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं पर भारत के साथ मिलकर काम करते हैं। यह राजकीय यात्रा (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की) इनमें से कुछ साझेदारियों को गहरा करने का एक अवसर है, चाहे वह एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की बात हो या इसे ऐसा क्षेत्र बनाने की बात हो जो अधिक जुड़ा हुआ, अधिक समृद्ध, अधिक सुरक्षित और अधिक लचीला है। पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, निश्चित तौर पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार के मुद्दों को गहरा करने, सुरक्षा साझेदारी को गहरा करने का अवसर मौजूद है। वैश्विक स्वास्थ्य और जलवायु संकट पर ध्यान केंद्रित करने जैसी कुछ साझा वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने का अवसर है। इस राजकीय यात्रा के दौरान हम भारत सरकार की मेजबानी के लिए बहुत उत्सुक हैं। पटेल ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र का जिक्र ऐसे वक्त में किया है जब चीन क्षेत्र में आक्रामक रुख अपनाए हुए है और उसका दक्षिण चीन सागर एवं पूर्वी चीन सागर दोनों में क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद है। चीन, दक्षिण चीन सागर के पूरे क्षेत्र पर दावा करता है। वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना-अपना दावा करते हैं।

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि राजीव बंसल/राजीव बंसल एचयूएफ/दीपा बंसल (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00004945802 तथा पता फ्लैट नंबर –3103, 31वां तल, एम3एम हाइट्स, टावर –5, सेक्टर–65, गुरूग्राम–122001 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 12 मई, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि मैसर्स मंगलम मल्टीप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 17 मई, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I Surendra K Nigam** Alias Surendra Kumar Nigam, S/o Dina Nath Nigam, aged 72 years, residing at 613 Near MMI Hospital, Maruti Haritej, Lalpur, Deopuri, Raipur, Chhattisgarh-492015 have changed my name and shall hereafter be known as Surendra Kumar Nigam for all future purposes.

PD(032)A

# भारत में नवजात मृत्युदर में कमी संबंधी एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त करने की संभावना

भाषा। केप टाउन

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक शीर्ष अधिकारी ने भारत में 2016 से 2021 के बीच नवजात मृत्यु दर में कमी के वार्षिक दर के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि नवजात मृत्यु दर को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने वाले भारत में 2030 तक इस प्रमुख क्षेत्र में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की संभावना है।

जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मातृ, नवजात, बाल तथा किशोर स्वास्थ्य व वृद्धावस्था विभाग के निदेशक डॉ. अंशु बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारत ने प्रसव पीड़ा और प्रसव के दौरान देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। इससे नवजात शिशुओं को भी फायदा होगा। उन्होंने कहा, यदि हम 2016-2021 के बीच नवजात मृत्यु दर में कमी की वार्षिक दर की बात करें और यह 2022-2030 तक ऐसे ही बनी रही तो संभावना है कि भारत सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में



कामयाब होगा। डॉ. बनर्जी ने कहा कि नवजात स्वास्थ्य के लिए नीति तथा योजना को मजबूत करने सहित नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए भारत ने सक्रिय रूप से कदम उठाए हैं। डॉ बनर्जी पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मातृ नवजात स्वास्थ्य सम्मेलन (आईएमएनएचसी 2023) में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे थे। आठ से 11 मई तक आयोजित चार दिवसीय सम्मेलन के दौरान उन्होंने कई सत्रों को संबोधित किया।

आईएमएनएचसी 2023 की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका की सरकार और एलाइनएमएनएच (बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित एक वैश्विक पहल) ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के सहयोग और यूएनएफपीए (संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष), यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) तथा विश्व बैंक के साथ साझेदारी से की।

भारत में स्वास्थ्य सुविधा और सामुदायिक दोनों स्तरों पर एक स्थापित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। नवजात शिशुओं को घर पर उचित देखभाल प्रदान करने के लिए शुरू किए गए कार्यक्रमों में से सबसे बड़ा कार्यक्रम भारत में चलाया जा रहा है। इसके तहत जन्म के बाद स्वास्थ्य सेवाएं तथा परामर्श प्रदान करने के लिए अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) द्वारा छह से सात घर का दौरा किया जाता है।

PUBLIC NOTICE

**For kind attention of allottees of the real estate project "Seven Elements (Phase-I)" being developed by M/s Vatika Seven Elements Pvt. Ltd.**

1. The above-mentioned project was registered with the Interim RERA Panchkula vide registration no. 281 of 2017 dated 09-Oct-2017and the registration was valid up to 30th September 2021 (including 6 months of COVID – 19).
2. The promoter has made an application with the request to the authority that instead of revoking the registration on its expiry, the authority may permit it to remain in force subject to such further terms and conditions as it thinks fit to impose in the interest of the allottees, and any such terms and conditions so imposed shall be binding upon the promoter.
3. The Authority is considering an application of the promoter to permit the continuation of the registration certificate under section 7(3) of the Act for this project to remain in force and hereby invite objections from the allottees in particular and any other concerned persons in general in this regard.
4. Those objections shall be filed in the registry of the Authority before 05.06.2023 and appear in the Authority on 05.06.2023 at 3.00 PM for considering the objections received, failing with the Authority will consider present application for continuation of the registration under section 7(3) of the Act.

Dated: 17.05.2023

Secretary
For Haryana Real Estate Regulatory Authority, Gurugram

# प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के लिए यूजीसी ने नया पोर्टल आरंभ किया

भाषा। नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में पेशेवर विशेषज्ञों के चयन की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए मंगलवार को एक नए पोर्टल की शुरुआत की। पोर्टल की शुरुआत करते हुए यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि आयोग ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में एक नई योजना की शुरुआत की थी और इसका मकसद देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद बड़ी संख्या में विशेषज्ञों के अनुभवों का लाभ उठाना था। उन्होंने कहा कि अगर विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद ऐसे विशेषज्ञों को उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ जोड़ा जाएगा, तो छात्रों को उन विषयों का बेहतर ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त हो सकेगा, चाहे वे उद्योग से जुड़े हों, चाहे नीति निर्माता रहे हों, चाहे एनजीओ से संबंधी हो या शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े रहे हों।

कुमार ने कहा कि इसी उद्देश्य के लिए प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में पेशेवर विशेषज्ञों को जोड़ने के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए थे और काफी संख्या में विशेषज्ञ इससे जुड़ने को उत्सुक भी हैं, लेकिन अभी ऐसा कोई साझा प्लेटफार्म नहीं है जिस पर वे अपना पंजीकरण कर सकें। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे में आयोग ने प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के संबंध में नया पोर्टल तैयार किया है जिस पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ पंजीकरण करा सकेंगे और अपना बायोडाटा डाल सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पर विभिन्न विश्वविद्यालय भी अपना पंजीकरण कर सकेंगे और इसके माध्यम से जरूरत के अनुरूप प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस का चयन किया जा सकेगा।

कुमार ने बताया कि पोर्टल की शुरूआत होने के बाद फिक्की, सीआईआई सहित अन्य उद्योग संगठनों को इस पर पंजीकरण कराने के लिए अनुरोध किया जाएगा ताकि समय के साथ इससे अधिक संख्या में विषय विशेषज्ञ जुड़ सकें।



जगदीश कुमार

उन्होंने बताया कि इस पर यह जानकारी भी होगी कि कितनी संख्या में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त किए गए और किन-किन क्षेत्रों में इनकी विशेषज्ञता है। गौरतलब है कि यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों को पेशेवर विशेषज्ञों की भर्ती सुगम बनाने के लिए पिछले वर्ष एक नया पद प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सृजित किया था और उनकी सेवाएं लेने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया था।

इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा गया था कि विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थान अब प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में नियुक्त कर सकते हैं। इस श्रेणी के लिए औपचारिक अकादमिक पात्रता और प्रकाशन संबंधी शर्तें बाध्यकारी नहीं होंगी। इसके तहत उच्च शिक्षा संस्थान में स्वीकृत पदों में से 10 प्रतिशत तक प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस यानी विषय के विशेषज्ञों को नियुक्त करने की बात कही गई थी।

## उत्साह पोर्टल का भी शुभारंभ

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने डिजिटल लर्निंग, उद्योग संस्थान गठजोड़, अकादमिक शोध, अंतरराष्ट्रीयकरण, भारतीय ज्ञान परंपरा जैसी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सुझावों के अनुपालन की प्रगति एवं प्रयासों से जुड़ी जानकारियां एकत्र करने एवं सुझाव प्राप्त करने के लिए मंगलवार को उत्साह पोर्टल की शुरुआत की। पोर्टल की शुरुआत करते हुए यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि हम आज उत्साह पोर्टल (अंडरटेकिंग ट्रांसफॉरमेटिव स्ट्रेटेजी एंड एक्शन इन हायर एजुकेशन) की शुरुआत कर रहे हैं जिस पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन की दिशा में उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी एवं आंकड़े एकत्र किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें 10 प्रमुख क्षेत्रों को श्रेणीबद्ध किया गया है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े हुए हैं।

कुमार ने कहा कि इसमें छात्र केंद्रीय शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, उद्योग संस्थान गठजोड़, अकादमिक शोध, अंतरराष्ट्रीयकरण, भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल को तैयार करने समय आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर सहित अनेक विश्वविद्यालयों को मसौदा प्रारूप दिखाया गया था और उनसे राय प्राप्त की गई थी। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को किस प्रकार से लागू किया जा रहा है, इस संबंध में डाटा एकत्र करना जरूरी है। ऐसे में यह पोर्टल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। उन्होंने बताया कि अकादमिक संस्थान इस पर पंजीकरण कराएंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित जानकारी अद्यतन करेंगे। कुमार ने कहा कि यह पोर्टल यूजीसी के गुणवत्ता संबंधी सुधार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के मंच के रूप में काम करेगा।

## डब्ल्यूएचओ ने वजन घटाने के लिए शुगर फ्री के इस्तेमाल को लेकर आगाह किया

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शरीर के वजन को नियंत्रित करने या गैर-संचारी रोगों के खतरे को कम करने के लिए शुगर फ्री स्वीटनर्स (मिठास पैदा करने वाले पदार्थ) के इस्तेमाल के खिलाफ आगाह किया है। यह सुझाव उपलब्ध सबूतों की समीक्षा के नतीजों पर आधारित है जिससे पता चलता है कि शुगर फ्री स्वीटनर्स के इस्तेमाल से वयस्कों या बच्चों के शरीर का वजन कम करने में लंबे समय में कोई फायदा नहीं मिलता। लंबे वक्त तक एनएसएस के इस्तेमाल से संभावित रूप से अवांछित असर हो सकते हैं जैसे कि टाइप 2 मधुमेह, दिल की बीमारियों का खतरा और वयस्कों में मृत्यु दर बढ़ सकती है। डब्ल्यूएचओ के पोषण और खाद्य सुरक्षा के निदेशक फ्रांसिस्को ब्रांका ने कहा, किसी भोजन या पेय पदार्थ में घुली किसी भी प्रकार की मिठास के स्थान पर एनएसएस का इस्तेमाल करने से लंबे वक्त तक वजन कम करने में मदद नहीं मिलती। लोगों को अन्य विकल्पों पर विचार करने की जरूरत है।

# एनईआईएएच के विस्तार से पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा

● आयुष मंत्री सोनोवाल ने शिलांग में उत्तर-पूर्व आयुर्वेद-होम्योपैथी संस्थान को समर्पित किए छह भवन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**केंद्रीय** बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी (एनईआईएएच) के क्षमता विस्तार के तहत सोमवार को परियोजना के दूसरे चरण के छह नए भवनों का लोकार्पण किया। सोनोवाल ने कहा कि एनईआईएएच की क्षमता विस्तार से पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर आयुष मंत्री सर्बनंद सोनोवाल ने कहा कि शिलांग एनईआईएएच के छह नए भवनों से इस प्रतिष्ठित संस्थान की क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे पारंपरिक चिकित्सा को आधुनि ?क चिकित्सा पद्धति के साथ तालमेल रखते हुए आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संस्थान में छह नए भवनों के निर्माण से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पुनर्जीवित करने को मजबूती मिलेगी। इस अवसर सोनोवाल ने कहा कि कि एनईआईएएच जल्द अपनी एंबुलेंस सेवा भी शुरू करने जा रहा है। संस्थान के छह नए भवनों में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, कर्मचारियों के लिए आवास और गेस्ट हाउस शामिल है। सोनोवाला ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र पर प्रकृति की अपार कृपा है, यहां उपलब्ध प्राकृतिक संपदा दुनिया भर के लोगों को स्वस्थ बनाने में उपयोगी साबित हो रही है। नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपैथी (एनईआईएएच) आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है।

# केंद्र निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की संयुक्त सचिव निदेशक और उपसचिवों के रूप में करेगा भर्ती

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने अपने विभिन्न विभागों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को अनुबंध के आधार पर संयुक्त सचिवों, निदेशकों एवं उपसचिवों के रूप में भर्ती करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को 12 सरकारी विभागोंमंत्रालयों में लेटरल इंट्री (मध्यम स्तरीय प्रवेश) के माध्यम से भर्ती करने का आग्रह किया है। मध्यम स्तरीय प्रवेश का तात्पर्य सरकारी विभागों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की भर्ती है। आम तौर पर संयुक्त सचिवों, निदेशकों एवं उपसचिवों के पद अखिल भारतीय अधिकारियों एवं समूह ए के अधिकारियों द्वारा संभाले जाते हैं।

अधिकारी ने कहा कि यह प्रस्तावित भर्ती कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नागर विमानन मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, कोरेपोरेट मामले मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग एवं भारी उद्योग मंत्रालय के लिए की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग, आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय, कानून एवं न्याय मंत्रालय में कानूनी मामले विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में उद्योग एवं आंतरिक उद्योग संवर्धन विभाग, रसायन एवं उवर्क मंत्रालय में पेट्रोरसायन विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में चुनिंदा पद भी इस भर्ती द्वारा भरे जाएंगे। उम्मीदवारों के लिए विस्तृत विज्ञापन एवं संबंधित दिशानिर्देश 20 मई को यूपीएससी की वेबसाइट पर डाल दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी 20 मई से 19 जून तक आवेदन कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में उनके द्वारा प्रदत्त सूचना के आधार पर साक्षात्कार के लिए छांटा जाएगा। उन्होंने कहा कि कितनी रिक्तियां लेटरल भर्ती द्वारा भरी जाएंगी, उनकी जानकारी विज्ञापन में दे दी जाएगी।

कार्मिक मंत्रालय ने जून 2018 में पहली बार लेटरल एंट्री द्वारा संयुक्त सचिव के 10 पदों के लिए आवेदन मंगाए थे। इन पदों के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती की गई थी। आयोग ने अक्टूबर, 2021 में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए 31 उम्मीदवारों की सिफारिश की थी जिनमें तीन संयुक्त सचिव, 19 निदेशक और नौ उपसचिव पदों के लिए थे। अधिकारी ने कहा कि अब यह सरकार तीसरी बार लेटरल एंट्री द्वारा भर्ती की प्रक्रिया 20 मई से शुरू करेगी।

## छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक से तीन जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के लिए देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशी कलाकारों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तर्ज पर रायगढ़ जिले में एक से तीन जून तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रामायण महोत्सव में आदिवासी नृत्य महोत्सव की तरह ही देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशी कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम का गहरा संबंध है। मान्यता है कि वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम दंडकारण्य से होकर गुजरे थे और छत्तीसगढ़ के वनों का हिस्सा ही दंडक अरण्य का भाग था। इसे ध्यान में रखते हुए आयोजन में अरण्य कांड के प्रसंगों पर विशेष प्रस्तुतियां होंगी। राज्य के संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रामायण महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले मानस मंडली के कलाकार दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक और विदेशों से आने वाले मानस मंडली के द्वारा रात्रि आठ से 10 बजे तक प्रस्तुति दी जाएगी। इस भव्य आयोजन में अरण्य कांड पर केंद्रित प्रसंगों पर विभिन्न राज्यों से आए मानस दलों के साथ ही विदेशी दलों के द्वारा रामायण की प्रस्तुति की जाएगी। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में सामूहिक हनुमान चालीसा और भव्य केलो (रायगढ़ से होकर बहने वाली नदी) आरती का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में दीपदान किया जाएगा। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन रायगढ़ के राम लीला मैदान में किया जाएगा। इस महोत्सव में शामिल होने वाली मानस मंडलियों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार पांच लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार तीन लाख रुपए और तृतीय पुरस्कार की राशि दो लाख रुपए तय की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर प्रति वर्ष एक नवंबर से राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में देश विदेश के कलाकार हिस्सा लेते हैं।

## असम पुलिस मोटे कर्मियों केलिए वीआरएस की पेशकश करेगी

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने मंगलवार को कहा कि अगर उसके मोटे कर्मी इस साल नवंबर तक अपना वजन कम नही करते हैं तो वह ऐसे सभी कर्मियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) की पेशकश करेगी। पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के निर्देश पर यह फैसला किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, असम पुलिस मुख्यालय ने आईपीएसाएपीएस अधिकारियों सहित असम पुलिस के सभी कर्मियों के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को पेशेवर तरीके से दर्ज करने का फैसला किया है...। सिंह ने कहा कि आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) और असम पुलिस सेवा (एपीएस) के अधिकारियों सहित सभी कर्मियों को 15 अगस्त तक तीन महीने का समय देने और उसके बाद बीएमआई दर्ज करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि वह 16 अगस्त को अपना बीएमआई दर्ज कराने वाले बल के सबसे पहले व्यक्ति होंगे। सिंह ने आठ मई को कहा था कि असम पुलिस ने करीब 680 ऐसे कर्मियों की सूची तैयार की है, जो आदतन शराब पीने वाले या मोटे हैं। उन्होंने कहा कि बहुस्तरीय समीक्षा के बाद, ड्यूटी के लिए अनुपयुक्त लोगों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की पेशकश की जाएगी। मुख्यमंत्री शर्मा ने अप्रैल में कहा था कि शराब की समस्या के कारण असम पुलिस के करीब 300 कर्मियों को सेवानिवृत्ति दी जाएगी।

## सोनी ने संघ लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ ली

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित शिक्षाविद मनोज सोनी ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष पद की शपथ ली। यूपीएससी के सदस्य के रूप में 28 जून, 2017 को शपथ लेने वाले सोनी पांच अप्रैल, 2022 से ही संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का कामकाज संभाल रहे थे। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुार, आयोग की वरिष्ठतम सदस्य स्मिता नागराज ने सोनी को यूपीएससी के अध्यक्ष रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यूपीएससी की मुख्य जिम्मेदारी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) सहित अन्य सेवाओं में भर्ती के लिए परीक्षाएं लेना है। आयोग के अध्यक्ष के साथ उसमें अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं। फिलहाल आयोग में पांच पद रिक्त है। यूपीएससी का सदस्य नियुक्त होने से पहले सोनी तीन बार कुलपति रह चुके हैं। आधिकारिक बायोडेटा के अनुसार, वह एक अस्त, 2009 से 31 जुलाई, 2015 तक लगातार दो बार गुजरात में स्थित डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। वह अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ोदा के द महाराजा सायाजीराव विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। अप्रैल 2005 में नियुक्ति के वक्त सोनी बड़ोदा के एमएसयू और भारत के सबसे कम उम्र के कुलपति थे। राजनीति विज्ञान के विद्वान सोनी की विशेषज्ञता अंतरराष्ट्रीय संबंधों में है और वह 1991 से 2016 तक वल्लभ विद्यानगर में स्थित सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) में अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय पढ़ाते थे। इस बीच कुलपति के रूप में अपने तीनों कार्यकाल के दौरान वह इस विषय के शिक्षण से दूर रहे थे।

# ममता ने कांग्रेस के लिए बंगाल और इससे बाहर के लिए सीमा तय कर दी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के कांग्रेस के बारे में दिए बयान को लेकर उन्हें आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के लिए पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में सीमाएं तय कर दी हैं। ममता ने कहा था कि जहां कांग्रेस मजबूत है वहां उसका समर्थन करेंगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बनर्जी का सोमवार का बयान एक ऐसी परिस्थिति का निर्माण करने जैसा है कि कांग्रेस को पश्चिम बंगाल, तेलंगाना या उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में प्रवेश नहीं करना चाहिए, जहां उसे कमजोर माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी एकता बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में "कोई मिशन और दृष्टि नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा था कि 2024 के चुनावों के लिए सीट बंटवारे के फार्मूले में मजबूत क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जहां वे मजबूत हैं। पूनावाला ने ध्यान दिलाया कि बनर्जी ने कहा है कि वह कांग्रेस को समर्थन देने के लिए तैयार हैं, जहां भी वह मजबूत है, बशर्ते वह पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही करे और राज्य में हस्तक्षेप न करे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह ममता बनर्जी का समर्थन वाला बयान नहीं है बल्कि (कांग्रेस में) अविश्वास का बयान है। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस के उस सपने पर हमला है जिसमें वह 2024 के मद्देनजर अपना राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करना चाहती थी.. ममता बनर्जी ने उस पर ब्रेक लगा दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी कांग्रेस के लिए ऐसी परिस्थिति तैयार कर रही हैं कि कांग्रेस को बंगाल, तेलंगाना या उत्तर प्रदेश में प्रवेश नहीं करना चाहिए।

# बंगाल में अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, नौ की मौत

भाषा। कोलकाता

● भाजपा ने एनआईए जांच की मांग की

**पश्चिम** बंगाल में पूर्वी मेदिनीपुर जिले के इगरा में एक अवैध पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि जिस आवास में यह फैक्टरी चल रही थी, वह ढह गया। ग्रामीणों ने कहा कि पूरा घटनास्थल युद्ध क्षेत्र जैसा नजर आ रहा था और चारों तरफ लोगों के शरीर के चिथड़े पड़े थे और मलबा बिखरा हुआ था।

राज्य सरकार ने इस घटना की सीआईडी जांच का आदेश दिया है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने इस घटना की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की मांग की है और इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, पश्चिम बंगाल-ओडिशा सीमा के पास एक गांव में एक मकान में यह अवैध पटाखा विनिर्माण इकाई चल रही थी। वहां बनाए जाने वाले पटाखे ओडिशा भेजे जाते थे। स्थानीय श्रमिक वहां काम करते थे।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा कि इस घटना में जान गंवाने वालों के निकटतम परिजनों को ढाई-ढाई लाख रुपए तथा घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे तथा राज्य सरकार उनके इलाज का खर्च उठाएगी। एनआईए जांच की भाजपा की मांग पर बनर्जी ने कहा, हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। यह उनके नेताओं का जिला है, इसलिए उनके कुछ फार्मूले हैं। जांचकर्ताओं को पता लगाने दीजिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पूर्वी मेदिनीपुर जिले से ही ताल्लुक रखते हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि ध्वस्त हुए मकान में गुप्त चैंबर से विस्फोटक सामग्री की बोरियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में पाया गया है कि इस घटना में जान गंवाने वाले सभी पांच व्यक्ति एवं घायल सभी सात लोग फैक्टरी के कामगार थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इगरा थाने के स्थानीय पुलिस प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि उन्हें इस क्षेत्र में अवैध पटाखा विनिर्माण इकाई चलने की जानकारी नहीं थी। बनर्जी ने कहा कि इस अवैध पटाखा विनिर्माण इकाई का मालिक मंगलवार के विस्फोट के बाद ओडिशा भाग गया। उन्होंने कहा कि मालिक को यह फैक्टरी चलाने को लेकर पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा, मैं पुलिस से उसका विवरण ओडिशा पुलिस से साझा करने को कहूंगी, ताकि उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने दावा किया कि जिस पंचायत क्षेत्र में यह विस्फोट हुआ है, वहां का संचालन भाजपा-समर्थित एक निर्दलीय नेता करता है तथा तृणमूल कार्यकर्ताओं को उस गांव में घुसने नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि जब पुलिसकर्मी उस गांव में गए तो उन पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा और माकपा लोगों को पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के लिए उकसाती रही हैं तथा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बनर्जी ने कहा, पुलिस (कानून की) संरक्षक है। कानून प्रवर्तकों पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मैं मानती हूं कि लोगों को प्रदर्शन करने का हक है, लेकिन उन्हें पुलिसकर्मियों पर हमला बिलकुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण मंत्री मानस रंजन भुइयां और अन्य स्थानीय विधायक से घटनास्थल का दौरा करने को कहा। भुइयां ने कहा कि उनका विभाग और पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अभियान तेज करेंगे तथा सभी से उनके इलाकों में चल रही अवैध पटाखा विनिर्माण इकाइयों के बारे में प्रशासन को बताने को कहा जाएगा। उन्होंने कहा, हमने इस संबंध में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाया था। हमें इस बुराई से लड़ने के लिए जनता का सहयोग चाहिए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विस्फोटकों का ढेर बन गया है।

# रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में सीबीआई ने नौ स्थानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली, पटना।** सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में राजद विधायक किरण देवी और राज्यसभा सदस्य प्रेमचंद गुप्ता के परिसरों सहित विभिन्न राज्यों में कुल नौ परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि बिहार के आरा और पटना में किरण देवी और उनके पति अरुण सिंह के परिसरों एवं गुरुग्राम, रेवाड़ी, नोएडा और दिल्ली में गुप्ता के परिसरों की तलाशी ली गई। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने आज सुबह पटना के हार्डिंग रोड स्थित आरा के संदेश विधानसभा सीट से राजद विधायक किरण देवी के आधिकारिक परिसर पर छापा मारा और कुछ दस्तावेज एकत्र किए।

सीबीआई की तलाशी को लेकर किरण देवी के परिजन चुप्पी साधे हुए हैं। जांच के सिलसिले में सीबीआई की टीम ने किरण देवी के आधिकारिक आवास के अलावा उनके विधानसभा क्षेत्र संदेश में उनसे जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली। बार-बार प्रयास के बावजूद किरण देवी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सकीं। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद के इन दोनों नेताओं की कथित भूमिका सामने आने के बाद उनके परिसरों में तलाशी ली गई।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहते हुए भर्ती के नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर मध्य रेलवे में नियुक्तियां करने का आरोप है। आरोप है कि नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था, लेकिन पटना के कुछ निवासियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित विभिन्न जोनल रेलवे में नियुक्त किया गया था। सीबीआई की तलाशी पर राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने आरोप लगाया, "कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम से हिल गई (परेशान) भाजपा नीत केन्द्र सरकार ने चुनावी मैदान के बाहर स्कोर तय करने के लिए एक बार फिर केन्द्रीय जांच एजेंसियों, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग का दुरुपयोग करना शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा, हमारे नेताओं के घर आज की तलाशी ने एक बार फिर भाजपा का पर्दाफाश कर दिया है कि वह विपक्षी नेताओं के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कैसे कर रही है। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने राजद नेताओं पर सीबीआई की छापेमारी को जायज ठहराते हुए संवाददाताओं से कहा, सीबीआई सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। वे (राजद) सीबीआई की कार्वाई से इतने डरे हुए क्यों हैं?

# मोदी ने अरुणाचल की जनजातियों के सामुदायिक नेताओं से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास पर अरुणाचल प्रदेश की विभिन्न जनजातियों के सामुदायिक नेताओं से यहां मुलाकात की और इस दौरान उनकी गुजरात यात्रा के अनुभवों और अरुणाचल तथा गुजरात के बीच ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी मौजूद थे। उनकी गुजरात की यात्रा पर खुशी जाहिर करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान कृष्ण की पत्नी रुक्मिणी के बारे में माना जाता है कि वह अरुणाचल से थीं। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने गुजरात, खासकर केवड़िया और गिफ्ट सिटी की यात्रा के उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह पहली बार है जब इन आदिवासी नेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ संवाद किया है। उन्होंने इस बैठक को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से असम के साथ उनके राज्य से संबंधित सहित कई अन्य लंबित सीमा मुद्दों को हल किया गया है। कई आदिवासी नेताओं ने अरुणाचल प्रदेश में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए मोदी की प्रशंसा की। आदिवासी नेताओं में से एक चाउ सिहराजा चौटांग ने बैठक को एक यादगार अनुभव बताया, जबकि एक अन्य नेता पी जी तागो ने अरुणाचल की मदद के लिए मोदी की सराहना की।

# सीबीआई ने जासूसी के आरोप में अमेरिका स्थित पोर्टल के स्वतंत्र पत्रकार को गिरफ्तार किया

भाषा। नई दिल्ली

**सीबीआई** ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना के बारे में कथित रूप से संवेदनशील जानकारी एकत्र करने और उसे विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने के आरोप में एक स्वतंत्र पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जयपुर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में विवेक रघुवंशी और उसके करीबी लोगों से जुड़े 12 स्थानों पर छापेमारी की। रक्षा एवं रणनीतिक मामलों के एक अमेरिका स्थित पोर्टल की वेबसाइट पर रघुवंशी का नाम उसके भारतीय संवाददाता के तौर पर सूचीबद्ध है।

एजेंसी ने रघुवंशी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ शासकीय गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 (जासूसी) के तहत मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों ने कहा कि छापे के दौरान कई संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए गए और उन्हें विधिक जांच के लिए भेजा गया है। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने भारत और विदेश में रघुवंशी के सहयोगियों के बारे में पता लगाने के लिए एक विस्तृत जांच शुरू की है। सीबीआई ने आरोप लगाया कि वह कथित तौर पर डीआरडीओ की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के बारे में संवेदनशील जानकारी और ब्योरेवार विवरण एकत्र कर रहा था।

एजेंसी ने आरोप लगाया कि वह भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद योजनाओं के बारे में भी विवरण जुटा रहा था जो देश की रणनीतिक तैयारियों पर विपरीत प्रभाव डाल सकती हैं।

सीबीआई का आरोप है कि रघुवंशी ने मित्र देशों के साथ भारत की रणनीतिक और कूटनीतिक बातचीत के ब्यौरे के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय संचार सूचनाओं की जानकारी जुटाई थी। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, आरोप है कि उसने भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद के बारे में संवेदनशील विवरण एकत्र किए और आगे बढ़ाए जो देश की रणनीतिक तैयारियों के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय संचार और सूचना, हमारे मित्र देशों के साथ भारत की सामरिक व राजनयिक वार्ता का विवरण प्रकट करता है और इस तरह की वर्गीकृत जानकारी को विदेशी की खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया।

# सुपर जाइंट्स ने मुंबई को पांच रन से हराया

## ● लखनऊ सुपर जाइंट्स ने प्लेआफ की ओर बढ़ाए कदम



**भाषा।** लखनऊ

**चोट** के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर लखनऊ सुपर जाइंट्स को आईपीएल के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस पर पांच रन से रोमांचक जीत दिलाई जिससे प्लेआफ का उसका दावा भी पुख्ता हो गया।

इससे पहले मार्कस स्टोइनिस की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 89 रन की नाबाद पारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने खराब शुरूआत से उबरते हुए कठिन पिच पर तीन विकेट पर 177 रन बनाए। जवाब में मुंबई की शुरूआत धमाकेदार रही लेकिन टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

कंधे की चोट के कारण घरेलू सत्र से बाहर रहे मोहसिन ने आखिरी ओवर में मुंबई को 11 रन नहीं बनाने दिए। वैसे इस हार के बावजूद मुंबई प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई है।

मुंबई के लिए कप्तान रोहित शर्मा (25 गेंद में 37 रन) और ईशान किशन (39 गेंद में 59 रन) ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 58 गेंद में 90 रन जोड़े। ईशान शानदार फॉर्म में दिख रहे थे जबकि रोहित ने भी फॉर्म में लौटने के संकेत दिए।

लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने हालांकि लगातार दो ओवरों में दोनों को पवेलियन भेजकर मुंबई को दोहरे झटके दिए। इस पिच पर आते ही ऊंचा शॉट खेलने का खामियाजा सूर्यकुमार यादव को भुगतना पड़ा। तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने उन्हें सात रन पर पवेलियन भेज दिया। मुंबई को आखिरी पांच ओवर में 53 रन चाहिए थे लेकिन टिम डेविड उस तरह जीत नहीं दिला सके जैसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिलाई थी।

इससे पहले लखनऊ के लिए स्टोइनिस ने 47 गेंद की अपनी पारी में आठ छक्के लगाए और कार्यवाहक कप्तान कृणाल पंड्या (49 रिटायर्ड हर्ट) के साथ 82 रन की साझेदारी की। इससे पहले लखनऊ ने सातवें ओवर में तीन विकेट 35 रन पर गंवा दिए थे। लखनऊ ने इस सत्र में अपने लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले काइल मायर्स को बाहर रखने का विवादित फैसला लिया जो गलत भी साबित हुआ। उनकी जगह आए दीपक हुड्डा पांच रन बनाकर जैसन बेहरेनडोर्फ का शिकार हुए। जैसन ने अगली गेंद पर प्रेरक मांकड़ को भी पवेलियन भेजा।

सातवें ओवर में क्विंटोन डिकॉक के आउट होने से लखनऊ की हालत और खराब हो गई। उन्होंने 15 गेंद में 16 रन बनाए। वह पीयूष चावला की गुगली पर विकेट के पीछे ईशान किशन को कैच दे बैठे।

इसके बाद से स्टोइनिस और कृणाल ने मोर्चा संभाला। कृणाल 16वें ओवर में असहज महसूस होने के कारण रिटायर हो गए। इसके बाद स्टोइनिस ने स्पिनर रितिक शोकीन और चावला को लगातार ओवरों में छक्के जड़े। इस पिच पर स्ट्रोक्स खेलना कठिन था लेकिन स्टोइनिस ने अपनी ताकत का पूरा इस्तेमाल किया। क्रिस जोर्डन के डाले 18वें ओवर में 24 रन बने जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल थे। उन्होंने पारी का अंत आकाश मढवाल को छक्का लगाकर किया। मुंबई के गेंदबाजों ने आखिरी तीन ओवरों में 54 रन दे डाले।

### स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपर जाइंट्स पारी :** दीपक हुड्डा का डेविड बो बेहरेनडोर्फ 5, क्विंटोन डिकॉक का ईशान बो चावला 16, प्रेरक मांकड़ का ईशान बो बेहरेनडोर्फ 0, कृणाल पंड्या रिटायर्ड हर्ट 49, मार्कस स्टोइनिस नाबाद 89, निकोलस पूरन नाबाद 8, **अतिरिक्त :** 10 रन **कुल योग :** 20 ओवर में तीन विकेट पर 177 रन **विकेट पतन :**1- 12, 2-12, 3 - 117 **गेंदबाजी :** बेहरेनडोर्फ 4 -0 - 30 - 2, जोर्डन 4 - 0 - 50 - 0, शोकीन 3 - 0 . 20 - 0, चावला, 3 - 0 - 26 -1, मढवाल 4 - 0 . 30 - 0, ग्रीन 2 - 0 - 16 - 0

**मुंबई इंडियंस पारी :** ईशान किशन का नवीनुल हक बो बिश्नोई 59, रोहित शर्मा का हुड्डा बो बिश्नोई 37, सूर्यकुमार यादव बो ठाकुर 7, निहाल वढेरा का गौतम बो मोहसिन 16, टिम डेविड नाबाद 32, विष्णु विनोद का पूरन बो ठाकुर 2, कैमरन ग्रीन नाबाद 4, **अतिरिक्त :** 15 रन, कुल योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन, **विकेट पतन :** 1 - 90, 2 - 103, 3 - 115, 4 - 131, 5 - 145, **गेंदबाजी :** पंड्या 4- 0 - 27 -0, खान 3 - 0 - 26 -1, नवीनुल हक 4 -0 - 37 - 0 ठाकुर 4 -0 - 40 - 2 स्वप्निल 1 - 0 - 11 - 0 बिश्नोई 4- 0 - 26 - 2

# बेहद प्रतिभाशाली है यशस्वी जायसवाल : जो रूट

**भाषा।** मुंबई



**इंग्लैंड** और राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बेहद प्रतिभाशाली है और जल्दी ही भारत के लिए खेलेगा।

आईपीएल के इस सत्र में यशस्वी ने 13 मैचों में 47 . 91 की औसत से 575 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक और एक शतक शामिल है। रूट ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा , जल्दी ही आप उसे भारत के लिए खेलते देखेंगे। उसके बारे में सबसे प्रभावी बात यह है कि वह रनों का भूखा है और उसे अपनी क्षमता पर भरोसा है।

उन्होंने कहा , वह लगातार सीखता जा रहा है और उसका रवैया भी अच्छा है। वह दूसरे खिलाड़ियों से सीखता है। इस समय उसके खेल में कोई कमजोरी नहीं दिख रही। उसने स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को बखूबी खेला है और उसका आत्मविश्वास तो दिख ही रहा है। रूट ने यह भी कहा कि आईपीएल का अनुभव भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप में काम आएगा। उन्होंने कहा , इन हालात में खेलने का अनुभव काफी काम आएगा। अलग अलग पिचों पर खेलकर पता चल रहा है कि यहां कैसे खेलना है और यह अनुभव साल के आखिर में जब हम यहां होंगे तब काफी उपयोगी साबित होगा। पहली बार आईपीएल खेल रहे रूट ने कहा कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम को समझने में अभी दो तीन साल लगेंगे।

उन्होंने कहा , यह समझने में समय लगेगा कि इसका इस्तेमाल कैसे करना है और इसका क्या असर हो रहा है। इससे हरफनमौलाओं की उपयोगिता कम होगा या बढेगी ।लेकिन यह तो तय है कि इसने आईपीएल को और प्रतिस्पर्धी बनाया है।

## प्रणय विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग मे दो स्थान के फायदे से पुरुष एकल मे करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवे स्थान पर पहुंच गए। राष्ट्रमंडल खेलो की कांस्य पदक विजेता त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी दो स्थान के फायदे से नवीनतम सूची मे दुनिया की 15वे नंबर की महिला युगल जोड़ी बन गई है। प्रणय के 17 टूर्नामेंट से 66,147 अंक है और वह भारत के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी बने हुए है। उनके बाद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का नंबर आता है जो महिला एकल विश्व रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से 11वे पायदान पर है। पुरुषो के एकल वर्ग मे अन्य भारतीयो मे लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत क्रमशः 22वे और 23वे स्थान पर है। पुरुष युगल मे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दो पायदान नीचे सातवे स्थान पर खिसक गई।

## ज्योति छठे स्थान पर, कोरिया का दबदबा

**शंघाई।** पिछले महीने अंताल्या में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला क्वालीफाइंग स्कोर बनाने वाली भारत की अनुभवी कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम उस सफलता को दोहरा नही सकी और विश्व कप दूसरे चरण मे छठे स्थान पर खिसक गई। विश्व कप के दूसरे चरण मे रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 713 का स्कोर करने के बाद ज्योति 693 स्कोर ही कर सकी और शीर्ष पांच मे जगह नही बना पाई। अंताल्या मे पहले चरण से बाहर रही कोरियाई टीम ने पुरुष और महिला दोनों वर्गो मे शीर्ष वरीयता पाई। अनुभवी ओ यूहियुन और 2017 विश्व चैम्पियन सोंग युन शीर्ष दो स्थान पर रहे। ज्योति को पहले दौर मे बाय मिला था। अदिति स्वामी 689 के स्कोर के साथ 12वे और अवनीत कौर 687 स्कोर करके 16वे स्थान पर रही। टीम वर्ग मे भारत को तीसरी वरीयता मिली है। पुरुष वर्ग मे अंताल्या मे ज्योति के साथ मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीतने वाले ओजस देवताले 17वे स्थान पर रहे। रिषभ यादव 25वे, प्रथमेश जावकर 33वे स्थान पर रहे। भारतीय टीम कोरिया, डेनमार्क, तुर्की और मैक्सिको के बाद पांचवे स्थान पर रही। ज्योति और ओजस मिश्रित टीम वर्ग मे फिर उतरेंगे जिन्हें छठी वरीयता मिली है यानी फाइनल से पहले उनका सामना कोरिया से नही होगा। उन्हे पहले दौर में बांग्लादेशी टीम से खेलना है।

## हुसामुद्दीन ने सफलता का श्रेय बेटी के जन्म को दिया

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन को जब 2023 विश्व चैंपियनशिप के लिए चुना गया तो कई लोग हैरान थे कि वह पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मे हिस्सा ले रहे है। एक दशक से अधिक समय तक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में चुनौती पेश करने वाले 29 वर्षीय हुसामुद्दीन अतीत में कई बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मे हिस्सा लेने से चूक गए लेकिन इस बार उन्होंने मौके का फायदा उठाया और ताशकंद से कांस्य पदक लेकर लौटे। अगर घुटने की चोट के कारण वह सेमीफाइनल मुकाबले से एक घंटे पहले प्रतियोगिता से हटने के लिए मजबूर नही होते तो उनके पदक का रंग बदल सकता था। पिछले 10 महीने मे हुसामुद्दीन ने राष्ट्रमंडल खेलो, एशियाई चैपियनशिप और विश्व चैपियनशिप मे कांस्य पदक की हैट्रिक बनाई है और 57 किग्रा वर्ग मे राष्ट्रीय खिताब भी जीता।

# रामलीला मैदान पर धरना देने की सोच रहे पहलवान

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पहलवानों ने मंगलवार को संकेत दिया कि वे अपने आंदोलन को रामलीला मैदान ले जा सकते हैं जिससे कि इसे राष्ट्रीय आंदोलन बनाया जा सके।

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता विनेश फोगाट सहित भारत के शीर्ष पहलवान पिछले 24 दिनों से यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वे बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जिस पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने कथित यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मौजूदा अभियान को जंतर-मंतर से कहीं बड़े स्थल रामलीला मैदान पर ले जाकर इसे राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के सुझाव पर प्रतिक्रिया देते हुए साक्षी ने कहा, हम आपस में चर्चा करेंगे (रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन को लेकर) और जल्द ही इस बारे में फैसला करेंगे। जंतर-मंतर पर विरोध करने वाले पहलवानों से आजाद सोमवार शाम को जुड़े थे लेकिन अधिकारियों ने रात को उन्हें वहां से जाने को कहा। मंगलवार को वह अपने समर्थकों के साथ दोबारा लौटे। उन्होंने पहलवानों से आग्रह किया कि वे 21 मई के बाद अपने आंदोलन को रामलीला मैदान ले जाकर इसे बड़ा बनाने को लेकर फैसला करें। खाप पंचायतों ने बृजभूषण के खिलाफ कार्वाई करने को लेकर सरकार के लिए यही समय सीमा निर्धारित की है। साक्षी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि पहलवान प्रदर्शन स्थल को पूरी तरह से रामलीला मैदान में स्थानांतरित करेंगे या जंतर-मंतर पर भी आंदोलन जारी रखेंगे।

## कप्तानी ने बदल दिया खेल के प्रति छेत्री का रवैया

**नई दिल्ली।** सुनील छेत्री अंतरराष्ट्रीय करियर के अपने शुरुआती दिनों में पीछे बैठा करते थे और सीनियर खिलाड़ियों का मजाक उड़ाते थे लेकिन 2011 में जब उन्हें कप्तान बनाया गया तो यह सब बदल गया क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि उन्हें टीम के लिए उदाहरण पेश करने की जरूरत है। महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया के 2011 एशियाई कप के बाद संन्यास लेने पर तत्कालीन कोच बॉब हॉटन ने दो महीने बाद मलेशिया में होने वाले एएफसी चैलेंज कप क्वालीफायर्स में युवा टीम की अगुआई करने की जिम्मेदारी छेत्री को सौंपी और उन्हें कप्तान बनाया। छेत्री ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रम लेट दियर बी स्पोर्ट्स में कहा, जिस दिन मुझे (कप्तान का) आर्मबैंड दिया गया, यह मलेशिया में बॉब हॉटन ने किया था, उसी समय तुरंत दबाव आ गया था क्योंकि मैं बैकबैंचर (पीछे बैठने वाला) था।

# पहला लक्ष्य एशिया में नंबर एक बनना : फुल्टन

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** की पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन को पद संभाले हुए अभी महज दो सप्ताह से अधिक का समय हुआ है लेकिन उनके लक्ष्य स्पष्ट हैं- भारत को एशिया में नंबर एक टीम बनाना और अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना।

पिछले पांच साल में बेल्जियम हॉकी के उत्थान के साक्षी रहे फुल्टन चाहते हैं कि भारत पहले एशियाई हॉकी में दबदबा बनाए और फिर विश्व स्तर पर आगे बढे। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले फुल्टन चाहते हैं कि भारत का एशिया में लगातार दबदबा बना रहे और फिर अपने इस प्रदर्शन को वह विश्व स्तर पर दोहराए। फुल्टन ने वर्चुअल मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं भारत को एशिया में नंबर एक टीम बनाना चाहता हूं। निश्चित तौर पर यह उन लक्ष्यों में शामिल है जिन्हें हम हासिल करना चाहते हैं। हम लगातार उस स्थान पर बने रहना चाहते हैं और फिर आगे बढ़ना चाहते हैं। अगर आप विश्व रैंकिंग में चौथे या पांचवें स्थान पर रहते हैं तो आपको शीर्ष पर पहुंचने के लिए निरंतर प्रयास करने होते हैं।

उन्होंने कहा, और जब आपके पास पर्याप्त अनुभव होता है और सभी खिलाड़ियों के लिए अनुकूल रणनीति होती है तो आप निश्चित तौर पर फाइनल में पहुंचने की कोशिश करते हैं और उसमें जीत दर्ज करना चाहते हैं। फुल्टन 2014 से 2018 के बीच आयरलैंड टीम के मुख्य कोच थे जब टीम ने रियो ओलंपिक 2016 के लिए क्वालीफाई किया। यह सौ साल में पहली बार हुआ था जब आयरलैंड की हॉकी टीम ओलंपिक खेली। उन्हें इसके लिए 2015 का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ कोच भी चुना गया था। वह ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम के सहायक कोच भी रहे जिसने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता।

भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के कोचिंग स्टाफ में भी वह थे।

फुल्टन ने कहा, हमारी प्राथमिकता एशियाई खेलों के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। यह हमारी पहली प्राथमिकता है। एफआईएच प्रो लीग, स्पेन में चार देशों के टूर्नामेंट और फिर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से हम निश्चित तौर पर ऐसी स्थिति में रहेंगे जिससे हम सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। फुल्टन भारतीय टीम की सफलता के प्रति आश्वस्त हैं।

# शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए इंग्लैंड सबसे मुश्किल स्थान: उस्मान ख्वाजा

**भाषा।** ब्रिसबेन



**ऑस्ट्रेलिया** के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का मानना है कि इंग्लैंड में शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होती है और इन परिस्थितियों के लिए तैयारी करने का एकमात्र तरीका कड़ी मेहनत करना और बहुत कम उम्मीद रखना है। ख्वाजा को अभी तक इंग्लैंड की परिस्थितियों में रन बनाने के लिए जूझना पड़ा है। उन्होंने इंग्लैंड में जो छह टेस्ट मैच खेले हैं उनमें केवल 19.66 की औसत से रन बनाए हैं। ख्वाजा हालांकि इस समय अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल जनवरी में टेस्ट टीम में वापसी करने के बाद 16 टेस्ट मैचों में 69.91 की औसत से 1608 रन बनाए हैं। इस 36 वर्षीय बल्लेबाज को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया सात जून से लंदन के ओवल में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला 16 जून से बर्मिंघम में शुरू होगी।

# आर्चर कोहनी की चोट के कारण एशेज शृंखला से बाहर

**एपी।** लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दाहिनी कोहनी की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज शृंखला से बाहर हो गए हैं।

अपनी इस चोट के कारण आर्चर 2021 से बहुत कम क्रिकेट खेल पाए हैं। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार स्कैन से पता चला है कि उनकी कोहनी की चोट फिर से उभर आई है जिसके कारण वह गर्मियों के इस सत्र में एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाएंगे।

बारबाडोस में जन्मे इस 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2021 में अपनी कोहनी के दो ऑपरेशन करवाए थे। वह इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़े थे लेकिन उन्हें बीच में ही स्वदेश लौटना पड़ा। ईसीबी के प्रबंध निदेशक रॉबर्ट की ने कहा, यह जोफ्रा आर्चर के लिए निराशाजनक और परेशान करने वाला समय रहा। कोहनी की चोट फिर से उबर आने तक वह अच्छी प्रगति कर रहे थे। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उम्मीद है कि हम उन्हें फिर से इंग्लैंड के लिए मैच जीतते हुए देखेंगे। एशेज श्रृंखला के पांच टेस्ट मैचों में से पहला मैच 16 जून से खेला जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड की टीम एक जून से लॉर्ड्स में आयरलैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी।आयरलैंड के खिलाफ मैच के लिए इंग्लैंड ने मंगलवार को 15 सदस्ईय टीम घोषित की जिसमें जॉनी बेयरस्टो को भी शामिल किया गया है। गोल्फ खेलते समय फिसल जाने के कारण बेयरस्टो की बाईं टांग में फ्रैक्चर हो गया था जिसके बाद वह अपने देश के लिए कोई मैच नहीं खेल पाए थे। पिछले साल ब्रेंडन मैकुलम को कोच और बेन स्टोक्स को कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद से इंग्लैंड ने अपने 12 में से 10 टेस्ट मैच जीते हैं। इससे पहले इंग्लैंड ने 17 मैचों में से केवल एक टेस्ट मैच जीता था। आयरलैंड के खिलाफ मैच के लिए इंग्लैंड की टीम इस प्रकार है: बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जाक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

# नोवाक जोकोविच लगातार 17वें साल इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एपी।** रोम



**नोवाक** जोकोविच ने मंगलवार को यहां 13वें वरीय कैमरन नोरी के खिलाफ सीधे सेट में जीत दर्ज करते हुए लगातार 17वें साल इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फोरो इटैलिको के लाल क्ले कोर्ट पर सातवें खिताब पर नजरें टिकाए बैठे जोकोविच ने 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। सुबह बारिश के बाद आसमान में बादल छाए थे लेकिन जोकोविच शुरुआत से ही पूरी तरह से एकाग्र नजर आए। उन्होंने नोरी के 29 के मुकाबले आधे से भी कम 14 सहज गलतियां की जबकि विरोधी के 19 के मुकाबले 21 विनर लगाए। जोकोविच इस टूर्नामेंट के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी की रैंकिंग कार्लोस अल्कारेज को गंवा देंगे। अल्कारेज को सोमवार को दुनिया के 135वें नंबर के हंगरी के क्वालीफायर फाबियान मेरोसान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

# धोनी का शर्ट पर ऑटोग्राफ देना मेरे लिए भावनात्मक क्षण

**भाषा।** मुंबई



**महान** बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने खुलासा किया है कि इस साल इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चेपक में चेन्नई सुपरकिंग्स के पिछले राउंड रोबिन मैच के बाद जब महेंद्र सिंह धोनी ने उनकी शर्ट पर ऑटोग्राफ दिया तो यह उनके लिए भावनात्मक लम्हा था। सुपरकिंग्स के खिलाड़ी रविवार रात जब चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम का चक्कर (लैप ऑफ ऑनर) लगा रहे थे तो गावस्कर ने धोनी से उनकी शर्ट पर हस्ताक्षर करने को कहा। स्टार स्पोर्ट्स ने गावस्कर के हवाले से विज्ञप्ति में कहा, जब मुझे पता चला कि चेन्नई सुपरकिंग्स और महेंद्र सिंह धोनी चेपक में लैप ऑफ ऑनर लगाने वाले हैं तो मैंने विशेष स्मृति तैयार करने का फैसला किया। यही कारण है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी का ऑटोग्राफ लेने के लिए उनकी ओर भागा। यह चेपक में उसका आखिरी घरेलू मैच था। इसलिए मैं माही (धोनी) के पास गया और मैंने जो शर्ट पहनी थी उस पर उससे ऑटोग्राफ देने का आग्रह किया। काफी अच्छा लगा कि उसने इसे स्वीकार किया। यह मेरे लिए काफी विशेष लम्हा था क्योंकि इस खिलाड़ी ने भारतीय क्रिकेट में बेजोड़ योगदान दिया है। सुपरकिंग्स की टीम अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही है और उसका आईपीएल प्ले ऑफ में जगह बनाने का दावा मजबूत है। लेकिन अभी यह तय नहीं है कि क्या धोनी की अगुआई वाली टीम चेपक लौटेगी जिसे क्वालीफायर एक और एलिमिनेटर की मेजबानी करनी है।

पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने कहा, बेशक अगर सुपरकिंग्स प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करते हैं। तो उसे यहां खेलने का मौका मिलेगा लेकिन मैंने इस लम्हे को विशेष बनाने का फैसला किया। मैं भाग्यशाली था कि कैमरा यूनिट में किसी के पास मार्कर पेन था। इसलिए मैं उस व्यक्ति का भी आभारी हूं।

# एक इकाई के रूप में हम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए

**भाषा।** अहमदाबाद



**सनराइजर्स** हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का कारण एक इकाई के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना बताया तथा कहा कि राहुल त्रिपाठी और अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म ने स्थिति और बिगाड़ दी। सनराइजर्स के इस सत्र में भी अंतिम स्थान पर रहने की संभावना है। उसके अभी चार जीत से आठ अंक हैं और वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। गुजरात टाइटंस सोमवार को शुभमन गिल के शतक की मदद से सनराइजर्स को 34 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी।

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लारा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि एक इकाई के रूप में हम वैसा प्रदर्शन नहीं कर सके जैसी कि हमें उम्मीद थी। अगर आप कागजों पर देखो तो हमारी बल्लेबाजी मजबूत है लेकिन हम अधिकतर अवसरों पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे कि हम टूर्नामेंट के इस चरण में शीर्ष चार में शामिल रहते।

उन्होंने कहा, पिछले साल 400 से अधिक रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी या अभिषेक शर्मा इस साल संघर्ष करते नजर आए। मेरा मानना है कि हमारी टीम एक इकाई के तौर पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। लारा ने तेज गेंदबाज उमरान मलिक को पिछले कुछ मैचों में अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने के फैसले का भी बचाव किया। मलिक वर्तमान सत्र में 12 में से सात मैचों में खेले जिसने उन्होंने केवल पांच विकेट लिए। उन्होंने पिछले सत्र में 22 विकेट हासिल किए थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपको खिलाड़ी की फॉर्म पर गौर करना होता है। हमें उमरान से काफी उम्मीदें थी। उसके साथ काम करने के लिए (सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच) डेल स्टेन थे। लेकिन हम हर मैच जीतने के लिए खेलते हैं और इसके लिए हमें अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश मैदान पर उतारनी होती है। फॉर्म ऐसी चीज है जिस पर हम टीम का चयन करते समय ध्यान देते हैं।